3 राजधानी
9वीं से 12वीं तक के स्कूल खोलने की तैयारी

6 अभिमत
कल्याण सिंह की स्मृतियां

10 स्पोर्ट्स
विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे दहिया

11 विदेश
बाइडन को नहीं मना सके जी-7 नेता

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 286
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 26 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिद्धांत ने लिया सोशल मीडिया से अवकाश
विविध-12

# अफगानिस्तान का घटनाक्रम चौंकाने वाला: रावत

- सीडीएस ने कहा-तालिबान के कब्जे का था अंदेशा लेकिन जितनी तेजी से सब कुछ घटित हुआ वह आश्चर्यजनक था
- किसी भी संभावित आतंकवादी गतिविधि से भारत सख्ती से निपटेगा
- क्वाड राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध में सहयोग बढ़ाएं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने बुधवार को कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे का भारत को अंदेशा था लेकिन जितनी तेजी से वहां घटनाक्रम हुआ, वह चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि तालिबान के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान से किसी भी संभावित आतंकवादी गतिविधि के भारत की तरफ आने पर सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही सुझाव दिया कि 'क्वाड' राष्ट्रों को आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध में सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा यह संगठन (तालिबान) बीते 20 साल में भी नहीं बदला है। उन्होंने यह बात अफगानिस्तान पर सर्वदलीय बैठक से एक दिन पहले कही। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भाग लेंगे तथा उन्हें अफगानिस्तान के हालात के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर जानकारी देंगे। जनरल रावत ने कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे का भारत को अंदेशा था लेकिन जितनी तेजी से वहां घटनाक्रम हुआ, वह चौंकाने वाला है। वह ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा आयोजित एक परिचर्चा सत्र को अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन एक्विलिनो के साथ संबोधित कर रहे थे। एडमिरल एक्विलिनो ने अपनी टिप्पणियों में चीन के आक्रामक व्यवहार के स्पष्ट संदर्भ में भारत के सामने आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया विशेषकर 'वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संप्रभुता' के साथ ही दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में 'आधारभूत सुरक्षा चिंताओं' के संबंध में। जनरल रावत ने कहा कि भारत क्षेत्र में आतंकवाद मुक्त माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वहां से भारत पहुंचने वाली किसी भी गतिविधि से (शेष पेज 9)

## चीन-तालिबान के बीच काबुल में हुई पहली वार्ता

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद बीजिंग ने उसके साथ पहला कूटनीतिक संपर्क स्थापित किया है और दोनों पक्षों के बीच अब सुगम एवं प्रभावी संवाद है। अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की पूर्ण वापसी के लिए तय की गई समयसीमा से दो हफ्ते पहले तालिबान ने 15 अगस्त को देश पर कब्जा जमा लिया था।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने मीडिया से कहा, चीन और अफगान तालिबान के बीच सुगम और प्रभावी संवाद है। उनसे तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के उप प्रमुख अब्दुल सलाम हनाफी और अफगानिस्तान में चीनी राजदूत वांग यू के बीच काबुल में हुई बातचीत के बारे में पूछा गया था। वांग ने बातचीत के बारे में विवरण दिए बिना कहा, महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए काबुल स्वाभाविक रूप से एक महत्वपूर्ण मंच और माध्यम है।

वांग ने कहा, हम हमेशा अफगानिस्तान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं और अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देने के सिद्धांत का पालन करते हैं तथा सभी अफगान लोगों के प्रति मैत्रीपूर्ण नीति रखते हैं। उन्होंने कहा कि चीन अफगान लोगों के अपने भविष्य और भाग्य को लेकर किए गए स्वतंत्र फैसले का सम्मान करता है, अफगान नेतृत्व और अफगान स्वामित्व वाले सिद्धांतों के (शेष पेज 9)

## 'अफगानों को देश नहीं छोड़ने देगा तालिबान'



काबुल एयरपोर्ट पर विमान में सवार होते लोगों की सहायता करता अमेरिकी जवान

**भाषा।** काबुल

**तालिबान** के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने बुधवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगान नागरिकों को अफगानिस्तान से बाहर निकालने की जारी प्रक्रिया के तहत अब देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तालिबान के प्रवक्ता ने साथ यह भी चेतावनी दी है कि अमेरिका को 31 अगस्त की समय सीमा से पहले सभी सैनिकों और ठेकेदारों को वापस बुला लेना चाहिए। इसके बाद समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी।

## अफगानिस्तान को दुनिया से न काटे तालिबान: ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन ने अफगानिस्तान का संपर्क शेष दुनिया से काटने के प्रयासों के खिलाफ तालिबान को चेतावनी दी और उससे अपनी सीमाएं खुली रखने का अनुरोध किया। विदेश मंत्री डॉमिनिक राब ने कहा कि 31 अगस्त को काबुल हवाई अड्डे से पश्चिमी सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान द्वारा देश को बंद करने के प्रयासों से एक 'शरणार्थी संकट' पैदा हो सकता है क्योंकि लोग पड़ोसी देशों में जाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की सीमा 'विषम और व्यापक' है तथा देश को बाकी दुनिया से अलग-थलग करने की कोशिश नाकाम हो जाएगी। उन्होंने 'टाइम्स रेडियो' को बताया कि अगर तालिबान नेतृत्व जैसा वह कहते हैं कि रातोंरात प्रतिभा पलायन रोकना चाहते हैं तो सीमाओं को बंद कर वह ऐसा नहीं कर पाएंगे।' उन्होंने कहा, 'आप देखेंगे कि बड़ी संख्या में शरणार्थी बाहर जा रहे हैं और उन्हें (शेष पेज 9)

# ई-वीजा पर ही भारत आ सकेंगे अफगान नागरिक

- संदिग्ध लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए सरकार ने उठाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अफगानिस्तान में मौजूदा हालात के मद्देनजर सभी अफगान नागरिकों को अब सिर्फ ई-वीजा पर भारत का दौरा करना होगा। मंत्रालय की ओर से यह फैसला उस वक्त किया गया है जब कुछ दिनों पहले ही सरकार ने अफगान नागरिकों के लिए आपातकालीन व अन्य वीजा की शुरुआत की।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अफगानिस्तान में मौजूदा हालात को देखते हुए और आपातकालीन व अन्य वीजा की शुरुआत के माध्यम से वीजा प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के मद्देनजर यह फैसला किया गया है कि सभी अफगान नागरिक अब सिर्फ ई-वीजा पर ही भारत की यात्रा कर सकेंगे। गृह मंत्रालय ने यह घोषणा भी की है कि कुछ अफगान नागरिकों के पासपोर्ट खो जाने संबंधी खबरों के मद्देनजर उन सभी अफगान नागरिकों को पहले जारी वीजा तत्काल प्रभाव रद्द किए जाते हैं जो फिलहाल भारत में नहीं हैं। मंत्रालय ने कहा, भारत का दौरा करने के इच्छुक अफगान नागरिक ई-वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि अफगानिस्तान में भारत के सभी राजनयिक प्रतिष्ठान बंद हैं, इसलिए आवदेनों की छानबीन और इस पर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम नई दिल्ली में होगा। आपातकालीन व अन्य वीजा शुरुआत में छह महीने के लिए वैध होगा। सभी अफगान नागरिक, चाहे वह किसी भी धर्म के मानने वाले हों, इस यात्रा दस्तावेज के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद काबुल हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में लोग देश से बाहर निकलने के प्रयास में जमा हैं। इसी कोशिश में कई लोगों की जान भी चली गई। भारत ने अपने राजनयिकों, नागरिकों और कई अफगान नागरिकों, जिनमें दो सांसद शामिल हैं, को भी अफगानिस्तान से बाहर निकाला है। सोमवार की रात तक अफगानिस्तान से लगभग 730 लोगों को बाहर निकाला जा चुका था। लोगों को निकालने की प्रक्रिया 16 अगस्त को शुरू हुई थी। भारत, अमेरिका और अन्य मित्र देशों के समन्वय से निकासी अभियान चला रहा है।

# केरल में कोरोना के 31 हजार मामले, सरकार ने ओणम को बताया कारण



**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

- एक दिन में सात हजार मरीज बढ़े, मरने वालों की संख्या में भी हुआ इजाफा
- उत्तर भारत में अब शुरू हो रहा त्योहारों का सीजन, भारी न पड़ जाए लापरवाही

**कोविड-19** के केरल में बुधवार को 31,445 नए केस आए हैं और 24 घंटों में 215 लोगों की जान चली गई है। पॉजिटिविटी रेट भी 19.03 तक जा पहुंचा है। एक दिन में इतने अधिक केस आने और पॉजिटिविटी रेट बढ़ने से राज्य का स्वास्थ्य विभाग हिल गया है। खास बात यह कि राज्य में मंगलवार को संक्रमण के कुल 24,296 नये मामले सामने आए थे। मरने वालों की संख्या 173 थी।

यानी एक दिन में ही लगभग सात हजार मामले बढ़ गए हैं। राज्य सरकार ने इशारों-इशारों में हाल ही में संपन्न राज्य के सबसे बड़े त्योहारों में से एक ओणम और जुलाई में बीती बकरीद के मौके पर दी गई छूट को कोरोना केस बढ़ने का बड़ा कारण बताया है। कोरोना मामलों को लेकर कुछ शांत उत्तर भारत में त्योहारों का सीजन अब शुरू हो रहा है। यहां आने वाले महीनों में दशहरा, दिवाली जैसे बड़े त्योहार हैं। राज्य सरकारों की थोड़ी भी ढिलाई और लोगों की लापरवाही भारी (शेष पेज 9)

## स्कूल खुलने शुरू, शिक्षकों को प्राथमिकता से लगेगा टीका

- केंद्र सरकार इस महीने सभी राज्यों को टीके की दो करोड़ अतिरिक्त खुराक देगी: स्वास्थ्य मंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस से पहले देशभर के सभी स्कूली शिक्षकों को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाने की योजना बना रही है। सरकार ने कहा कि वह शिक्षकों को टीका लगाने के लिए राज्यों को दो करोड़ अतिरिक्त वैक्सीन उपलब्ध कराएगी। कोरोना महामारी की तीसरी लहर के डर और 18 साल से कम उम्र के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए टीकों की कमी के (शेष पेज 9)

## कोविड-19 वैक्सीन प्रभावी पर समय के साथ घटती है क्षमता

- अमेरिका में डेल्टा वेरिएंट के बाद फ्रंटलाइन वर्करों में टीके का प्रभाव घटकर 66 फीसदी तक आया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** की सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के एक अध्ययन में कहा गया है कि देश में कोविड-19 के डेल्टा वेरिएंट (संस्करण) फैलने के बाद फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के बीच कोविड वैक्सीन का प्रभाव 91 फीसदी से घटकर 66 फीसदी रह गया है। हालांकि, राहत की बात यह थी कि इस अध्ययन अवधि के दौरान वैक्सीन के (शेष पेज 9)

# अमरिंदर के नेतृत्व में लड़ेगी कांग्रेस पंजाब चुनाव: रावत

- कैप्टन को हटाने की मांग को लेकर मिलने पहुंचे चार मंत्रियों को कांग्रेस के पंजाब प्रभारी ने दिया दो टूक जवाब



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**अखिल** भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के महासचिव हरीश रावत ने बुधवार को कहा कि अगले साल होने वाला पंजाब विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। रावत ने मुख्यमंत्री को पद से हटाए जाने की इच्छा रखने वाले चार मंत्रियों से देहरादून में मुलाकात की।

इस घोषणा से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की मुहिम को झटका लगा है। पंजाब के मंत्रियों-तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, सुखजिंदर सिंह रंधावा और चरणजीत सिंह चन्नी के अलावा कई कांग्रेस विधायकों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को हटाने जाने की मांग करते हुए कहा था कि वह कुछ प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहे। रावत एआईसीसी में पंजाब मामलों के प्रभारी भी हैं और उनकी इस घोषणा को असंतुष्ट नेताओं के लिए झटका के तौर पर देखा जा रहा है।रावत ने देहरादून में संवाददाताओं से कहा कि पंजाब में अमरिंदर सिंह नीत सरकार और आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत की संभावनाओं को लेकर कोई खतरा नहीं है। रावत ने देहरादून के एक होटल में पंजाब के मंत्रियों और तीन विधायकों से मिलने से पहले कहा, हम 2022 में (पंजाब में) चुनाव अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में लड़ेंगे। कांग्रेस नेताओं से मुलाकात के बाद रावत ने कहा कि उन लोगों ने उनसे कहा कि वे किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं हैं बल्कि वे विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की संभावनाओं को लेकर चिंतित हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस सांसद परनीत कौर ने पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को हटाए जाने की मांग कर रहे असंतुष्ट नेताओं पर बुधवार को निशाना साधा और पार्टी की राज्य इकाई की मौजूदा स्थिति के लिए प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को जिम्मेदार ठहराया।अमरिंदर सिंह की पत्नी कौर ने मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत करने वालों से कहा कि वे ऐसे मुद्दों को उठाने से परहेज करें क्योंकि यह 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने पार्टी को कई जीत दिलाने और पंजाब को प्रगति के रास्ते पर (शेष पेज 9)

## नारायण राणे को राहत नासिक मामले में नहीं होगी गिरफ्तारी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** सरकार ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि वह मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ टिप्पणी को लेकर नासिक में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। न्यायमूर्ति एस एस शिन्दे और न्यायमूर्ति एन जे जामदार की खंडपीठ को महाराष्ट्र सरकार ने राणे की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आश्वासन दिया। राणे ने इस याचिका में नासिक में दर्ज प्राथमिकी और भविष्य में दर्ज किए जा सकने वाले अन्य सभी मामलों को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। इस बीच, भाजपा नेता राणे ने कहा कि ठाकरे ने भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी और उनके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। राणे ने मंगलवार को अपने वकील अनिकेत निकम के माध्यम से दायर अपनी याचिका में गिरफ्तारी से संरक्षण दिए जाने का भी आग्रह किया है। भारत की स्वतंत्रता के वर्ष के संबंध में कथित अज्ञानता के चलते मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारने संबंधी बयान के आरोप में राणे को मंगलवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले से गिरफ्तार किया गया था। बाद में, रायगढ़ जिले के महाड़ स्थित एक अदालत ने उन्हें जमानत प्रदान कर दी थी। राणे ने रायगढ़ जिले में सोमवार को जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान कहा था, यह शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री को यह नहीं पता कि आजादी को कितने साल हो गए हैं। भाषण के दौरान वह पीछे मुड़कर इस बारे में पूछते नजर आए। अगर मैं वहां होता तो उन्हें एक जोरदार थप्पड़ लगाता। उनकी इस टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ महाड़, पुणे, ठाणे और नासिक में चार प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। राणे ने आज संवाददाताओं के साथ बातचीत में दावा किया कि ठाकरे ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को आदेश दिया था कि सेनाभवन (मुंबई स्थित पार्टी मुख्यालय) पर हमला करने वाले लोगों के जबड़े तोड़ दें। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने यह भी कहा था कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सैंडल से पिटाई की जानी चाहिए। राणे ने कहा कि उद्धव ठाकरे (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,944 ↓ 15 | |
| निफ्टी | 16,634 ↑ 10 | |
| सोना | 46,544 | /10g |
| चांदी | 61,584 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पंकज कुमार सिंह बीएसएफ के नए महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारी पंकज कुमार सिंह सीमा सुरक्षा बल के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए। सिंह राजस्थान कैडर के अधिकारी है और वर्तमान मे बल के विशेष महानिदेशक (डीजी) के रूप मे कार्यरत है। बीएसएफ पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारतीय मोर्चों पर 6,300 किलोमीटर से अधिक की रक्षा करता है। सिंह के पिता और सेवानिवृत्त आईपीएस प्रकाश सिंह ने अतीत में सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक के रूप मे भी नेतृत्व किया था। बीएसएफ में 2.65 लाख जवान है। सरकार ने 1988 बैच के आईपीएस अधिकारियो संजय अरोड़ा और बालाजी श्रीवास्तव को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का नया प्रमुख नियुक्त किया है।

# राज्यों को दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामले वापस लेने का अधिकार

- लेकिन सरकार को उच्च न्यायालय से मंजूरी लेनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि कानून के तहत राज्य सरकारों को दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामलों को वापस लेने का अधिकार है और वह ऐसे मामलों को वापस लिए जाने के खिलाफ नहीं है, लेकिन ऐसे मामलों पर संबंधित उच्च न्यायालयों द्वारा गौर किया जाना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) द्वारा दर्ज मामलों की जांच और सुनवाई में अत्यधिक देरी पर भी चिंता व्यक्त की तथा केंद्र से कहा कि वह आवश्यक मानव संसाधन और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराए। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर एक विस्तृत आदेश पारित करेगी।

इसके साथ ही पीठ ने कहा कि वह ईडी या सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों पर कुछ भी नहीं कह रही या कोई राय नहीं व्यक्त कर रही क्योंकि इससे उनका मनोबल प्रभावित होगा। लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सुनवाई जल्दी पूरी हो। पीठ ने कहा, हम जांच एजेंसियों के बारे में कुछ नहीं कहना चाहते क्योंकि हम उनका मनोबल नहीं गिराना चाहते... इन अदालतों में 200 से अधिक मामले हैं। श्री तुषार मेहता को यह कहते हुए खेद है कि ये रिपोर्ट अपूर्ण हैं। 10 से 15 साल तक आरोपपत्र दाखिल (शेष पेज 9)

# 'अस्थाना की नियुक्ति के खिलाफ अर्जी पर दो हफ्ते में फैसला करे हाईकोर्ट'

- शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के किया आग्रह



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट से आग्रह किया कि वह दिल्ली के पुलिस आयुक्त के तौर पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना की नियुक्ति को चुनौती देने वाली लंबित याचिका पर दो हफ्ते के अंदर निर्णय करे। भारतीय पुलिस सेवा के 1984 बैच के अधिकारी अस्थाना को गुजरात काडर से यूनियन काडर में लाया गया था। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक रह चुके अस्थाना को 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने से चार दिन पहले, 27 जुलाई को दिल्ली का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया। उनका राष्ट्रीय राजधानी के पुलिस प्रमुख के तौर पर कार्यकाल एक साल का होगा। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' (सीपीआईएल) को अस्थाना की नियुक्ति के खिलाफ लंबित याचिका में हस्तक्षेप के लिए उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'हम दिल्ली उच्च न्यायालय से अनुरोध करते हैं कि वह दो हफ्ते के अंदर यथाशीघ्र मामले पर विचार करे जिससे हमें उच्च न्यायालय के फैसले का लाभ मिल सके। याचिकाकर्ता (सीपीआईएल) हस्तक्षेप याचिका (दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष) दायर करने के लिये स्वतंत्र है।' केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मामला एक राज्य के पुलिस प्रमुख की नियुक्ति से संबंधित है और संबंधित उच्च न्यायालय को इसे देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय को दो हफ्ते के बजाए कुछ और समय दिया जाना चाहिए क्योंकि अब तक केंद्र को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है जिसे अपना जवाब दाखिल करना होगा। अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा दायर याचिका में न्यायालय से अस्थाना को सेवा विस्तार देकर नियुक्त करने के केंद्र के आदेश को दरकिनार करने की मांग की गई है।

## सरकारी बैंक कर्मियों की पारिवारिक पेंशन बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**सरकार** ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों के लिए मासिक पारिवारिक पेंशन बढ़ाकर कर्मचारी के आखिरी वेतन का 30 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की। वित्तीय सेवा सचिव देबाशीष पांडा ने कहा कि इससे पहले, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के मृत कर्मचारियों के परिजन को पारिवारिक पेंशन के रूप में अधिकतम 9,284 रुपए मासिक पेंशन मिलती थी। पांडा ने कहा कि इस निर्णय से पारिवारिक पेंशन बढ़कर 30,000 से 35,000 रुपए मासिक हो जाएगी। साथ ही, मंत्रालय ने नई पेंशन योजना (एनपीएस) में नियोक्ताओं का योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किए जाने की घोषणा भी की। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले कुछ साल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन पर संतोष (शेष पेज 9)

# ग्रेनो बना चीन और कोरियाई कंपनियों का हब

## वीवो और ओप्पो करेंगी 7600 करोड़ रुपए का निवेश, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोरोना वायरस महामारी के बावजूद गौतमबुद्ध नगर और खासकर ग्रेटर नोएडा निवेशकों को अपनी तरफ आकर्षित करने में काफी हद तक सफल रहा है। यही वजह है कि ग्रेटर नोएडा में चीन और दक्षिण कोरिया की मल्टीनेशनल कंपनियां निवेश के लिए आगे आई हैं। उन्हें जमीन आवंटित की जा रही है।

कुछ ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इन कंपनियों की स्थापना से ना सिर्फ शहर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी, बल्कि भारी संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने जानकारी दी। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा, अमेरिका और जर्मन फर्मों के अलावा कई चीनी और कोरियाई कंपनियां पिछले साढ़े चार साल में दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। ओप्पो वीवो और फ ॉर्मी जैसी प्रमुख चीनी कंपनियां ग्रेटर नोएडा में अपनी इकाइयां स्थापित कर रही हैं।

इसी तरह पांच कोरियाई कंपनियों ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 1,154 करोड़ रुपये की लागत से ग्रेटर नोएडा में अपने कारखाने स्थापित करने के लिए जमीन का अधिग्रहण किया है। ये कंपनियां 8,706 युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगी। ड्रीम टेक और स्टीरियो ने 433 करोड़ रुपये की लागत से अपने संयंत्र स्थापित करने के लिए सेक्टर इकोटेक.10 में जमीन का अधिग्रहण किया है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों इकाइयां 3,570 लोगों को रोजगार देंगी।

अफसरों ने कहा कि कुछ अन्य कोरियाई कंपनियां भी अपने संयंत्र स्थापित करने के लिए ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने को तैयार हैं। जिनके नाम राज्य सरकार जल्द ही जाहिर करेगी। कोरियाई कंपनियां चीन की कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। ग्रेटर नोएडा में चीन की प्रमुख वीवो और ओप्पो कंपनियां 7,429 करोड़ रुपये और 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य गैजेट्स के निर्माण के लिए ग्रेटर नोएडा में चीन की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के प्रवेश ने कोरियाई कंपनियों के लिए अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने संयंत्र स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

### पांच कंपनियों ने खरीदी 3.51 लाख वर्ग मीटर जमीन

ग्रेटर नोएडा में इकाई स्थापित करने के लिए अब तक 3.51 लाख वर्ग मीटर जमीन खरीदने वाली पांच बड़ी कंपनियों में समकवांग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स, केएच वैटेक इंडिया, सेनेटेक इंडिया, ड्रीमटेक और स्टीरियोन हैं। सतीश महाना ने कहा, ये विश्व स्तर पर सबसे प्रतिष्ठित मोबाइल पार्ट्स निर्माण कंपनियां हैं। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, समकवांग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स 440 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अपनी इकाई स्थापित कर रही है। इसमें 4,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। अधिकारियों ने कहा कि केएच वैटेक इंडिया 247 करोड़ रुपये और सेंटेक इंडिया 34 करोड़ रुपये का निवेश यहां अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए कर रही है। इनमें क्रमश: 786 और 350 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## जाल में फंसे कुत्ते को बचाने में बच्ची नौवीं मंजिल से गिरी, मौत

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र की गौर होम सोसाइटी में बुधवार को जाल में फंसे कुत्ते को बचाने के प्रयास को एक 13 वर्षीय बच्ची की नवीं मनजीत से गिरकर मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद कॉलोनी में मातम हो गया।

कविनगर थाना प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि और होम सोसाइटी में ललित शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं।

दोपहर एक कुत्ता जाल में फस गया था। उनकी 13 वर्षीय बेटी ज्योत्सना शर्मा ने उसे देख लिया और कुत्ते को बचाने का प्रयास करने लगी, तभी वह असंतुलित होकर नीचे पड़ी। घटना के बाद पूरी सोसाइटी में हड़कंप मच गया ।

लोगों ने तत्काल बच्ची को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया लेकिन कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार



जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता

### आप का मटकों के साथ प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** आम आदमी पार्टी ने जल जीवन मिशन योजना में हुए घोटाले में करवाई की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने बुधवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन की। इतना ही नहीं आप कार्यकर्ता हाथों में मटकिया भी लेकर आए थे। आपको बता दे कि राज्यसभा सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह ने जल जीवन मिशन योजना में हुई घोटाले होने का आरोप लगाया था। इसी क्रम में गाजियाबाद कलक्ट्रेट पर अनेक कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चेतन त्यागी ने कहा कि सन 2020-21 में राज्यों को 1,20,000 करोड़ का आवंटन किया गया था। किंतु इस योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री डॉ महेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा हजारों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।

### खिलाड़ियों को मिले सुविधाएं: अशोक ध्यानचंद

**गाजियाबाद।** साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के कई पूर्व ओलंपियन जाने-माने खिलाड़ियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में बैडमिंटन खिलाड़ी डॉक्टर कनिष्क पांडेय द्वारा लिखी गई पुस्तक क्रीड़ा एक जीवन पद्धति का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को हिंदी के साथ साथ उर्दू व संस्कृत में भी प्रकाशित किया गया है। पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने कहा कि देश में स्पोर्ट्स को जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाना चाहिए। अभिभावकों और सरकार को प्रेरणा के रूप में बच्चों को अत्याधुनिक खेल के मैदान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। पूर्व ओलंपियन जलालुद्दीन ने कहा कि खेल संस्कृति कैसे विकसित हो उनके विचारों को समाहित कर खेल नीति बनाई जानी चाहिए। डॉक्टर तनिष्क पांडेय ने कहा कि खेल संस्कृति विकसित करने के लिए सभी भाषाओं से जुड़े लोगों को खेल की धारा से जोड़ना होगा । इस अवसर पर जेएनयू के प्रोफेसर हरे राम मिश्रा, भारत सरकार में पूर्व सचिव विजय शंकर पांडेय समेत देश के कई जाने-माने खिलाड़ी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा ने किया।

### लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण परिसर में मंगलवार को नीलामी में शामिल होने आए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्टॉल लगाए गए। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण की वीसी अर्चना वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाई गईं स्टॉल्स का निरीक्षण करते हुए योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का उत्साह वर्धन भी किया। जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रचार-प्रसार के लिए स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा जिला क्षय रोग विभाग ने टीबी उन्मूलन के लिए चल रहे जनांदोलन कार्यक्रम के तहत लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया।

### अंबिका बीवी एमस्टरडम और स्टार एकेडमी का मैच ड्रा

**गाजियाबाद।** अंबिका बीवी क्रिकेट टूर्नामेंट 2021 में अंबिका बीवी एमस्टरडम और स्टार क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया, जो ड्रा रहा। स्टार क्रिकेट एकेडमी ने, खेल के पहले दिन बल्लेबाजी करते समय अंबिका बी वी एमस्टरडम ने 8 विकेट खोकर 392 रन बनाए जिसमें भव्य गोयल ने 254 रन बिना आउट हुए बनाएं वह आखिर तक नॉट आउट रहे और उनका साथ प्रखर राठौर ने 38 रन भाग्य ने 27 रन और आदित्य ने 20 रन बना कर दिया बॉलिंग की बात की जाए स्टार क्रिकेट एकेडमी के बोलेरो ने मृत्युंजय त्यागी 81 रन देकर तीन विकेट लिए कार्तिक दिवाकर ने 61 रन देकर दो विकेट लिए और विकास यादव ने 47 रन देकर दो विकेट लिए। बल्लेबाजी करने उतरी स्टार क्रिकेट एकेडमी 140 रन पर समाप्त हो गई, जिसमें रूपक अग्रवाल ने 47 रन अहान सिंगल ने 15 रन मृत्युंजय त्यागी ने 13 रन का योगदान दिया।

## पत्नी, सास को जलाकर खुद को लगाई आग

**नोएडा।** हाजीपुर गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, सास और खुद पर केरोसिन तेल डालकर आग लगा दी। इसमें तीनों बुरी तरह झुलस गए है। तीनों को गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है।

पुलिस मौके पर मौजूद है। एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया बताया कि सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, सास और खुद पर केरोसिन का तेल डालकर आग लगा दी। इसमें तीनों बुरी तरह झुलस गए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों को पहले जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। हालत ज्यादा गंभीर होने पर तीनों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। रणविजय सिंह ने बताया कि व्यक्ति का नाम मोहनदास है, जो मूलरूप से जिला मालदा पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। मोहनदास ने पारिवारिक क्लेश के चलते यह कदम उठाया है। इनका फैमिली कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है।

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉं है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | जोगिंदर कुमार (कर्जदार), सुनीता देवी (सह-कर्जदार) LBBWD00003939712 | फ्लैट नंबर- 3803, दूसरी मंजिल, द पार्क, ब्लॉक सी खसरा नंबर 200, 201, 202, 191, 181, 192, 519/189, 518/1, ग्राम शाहपुर, तहसील तिजारा भिवाड़ी - 301411 सुपर बिल्टअप एरिया- 1125 वर्ग फीट | रू. 26,14, 964/- (अगस्त 13, 2021 तक) | रू. 17,00,000/- / रू. 1,70,000/- | सितंबर 02, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | सितंबर 17, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **सितंबर 16, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **सितंबर 16, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **सितंबर 16, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

**तिथि : अगस्त 26, 2021**
**स्थान : दिल्ली/ एन सी आर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## गौतमबुद्ध नगर के 51 अस्पतालों को नोटिस जारी

# कूड़ा निस्तारण के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नहीं ली अनुमति

● 10 दिनों में नहीं किया समाधान तो लगेगा जुर्माना



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोएडा के 51 अस्पतालों के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

दरअसल, इन अस्पतालों के पास कचरा निस्तारण के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति नहीं है, जिसके कारण इन अस्पतालों से निकलने वाला कचरा खुले में फेंका जा रहा है। जो सिर्फ वातावरण को प्रदूषित ही नहीं बल्कि लोगों में भी बीमारी का खतरा बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण कुमार का कहना है कि बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के तहत एक नियम है। जिसके अनुसार अस्पताल, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलाजी लैब से निकलने वाले किसी प्रकार के बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण किया जाता है।

इसके लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शहर में 51 ऐसे अस्पताल हैं, जिनके पास अनुमति नहीं है। इनमें दो बड़े सरकारी अस्पताल भी शामिल हैं। सभी अस्पतालों को 10 दिनों के भीतर अनुमति प्राप्त करने के आवेदन के संबंध में नोटिस जारी किया है।

अगर समय से इन अस्पतालों ने अनुमति प्राप्त नहीं कि तो इन अस्पतालों के खिलाफ जुर्माना लगेगा। प्रवीण कुमार ने बताया कि बिना बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के किसी अस्पताल का पंजीकरण नहीं हो सकता है लेकिन जिले में ऐसड्ढे 51 अस्पताल, नर्सिंग होम और पैथोलाजी लैब हैं, जो बिना अनुमति के ही कार्य कर रहे है। ऐसे में ये अस्पताल लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## इनवर्टर बनाने वाली कंपनी में डकैती डालने वाले चार बदमाश गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोतवाली फेज-टू स्थित एक इनवर्टर बनाने वाली कंपनी में 20 अगस्त की रात तीन गार्डों को बंधक बनाकर करीब 8.10 बदमाशों ने डकैती डाली थी।

पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए घटना में शामिल 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट का कुछ माल बरामद कर लिया है। इस मामले में कोतवाली फेज टू पुलिस ने डकैती की घटना को चोरी में दर्ज किया था। फिलहाल पुलिस इस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। कोतवाली फेज.2 पुलिस ने 20 अगस्त की रात सेक्टर 81 स्थित प्रोटोनिक्स फॉर्च्यूनर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुई डकैती की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान आरिफ , फि रदौस, कफील और मोहसिन के रूप में हुई है। प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया क्या आरोपियों के पास से कंपनी परिसर में बने मंदिर से लूटी गईं 4 सोने की मूर्तिएं घटना में प्रयोग की गई सेंट्रो कार और 50 हजार रुपये नगद बरामद किए गए हैं।

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6)(ए) और **अग्रांते डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में **डीटीजे-704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला, नई दिल्ली 110025** याचिकाकर्ता।

आम जनता को ,तद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लि, विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है। कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राज्य से "हरियाणा राज्य" में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 26 जुलाई 2021 को आयोजित साधारण आम बैठक।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है।

पंजीकृत पते के विरोध का आधार **डीटीजे-704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला, नई दिल्ली सेंट्रल दिल्ली 110025** में इस नोटिस के प्रका'ान की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**अरविन्दर सिंह**
**निदेशक**
**दीन: 00112063**

**दिनांक: 23-08-2021**
**स्थान: 253 जनकपुरी, पी एस प्रेम नगर, बरेली उत्तर प्रदेश-243122**

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (6) (ए) और **अग्रांते रियल्टी लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में **डीटीजे -704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स-बी, जसोला, नई दिल्ली 110025,** याचिकाकर्ता ।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है । कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को " दिल्ली राज्य से " हरियाणा राज्य " में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 26 जुलाई 2021 को आयोजित साधारण आम बैठक ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपतियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है ।

पंजीकृत पते के विरोध का आधार **डीटीजे -704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स - बी, जसोला, नई दिल्ली 110025** में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर :

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**गुरमीत सिंह कलसी**
**निदेशक**
**दीन: 01137469**

**दिनांक: 23-08-2021**
**स्थान : जी -48 अवंतिका सनसिटी विस्तार, बरेली, उत्तर प्रदेश -243006**

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम , 2013 की धारा 13 (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (6) (ए) और **अग्रांते इन्फ्रा लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में **डीटीजे -704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स - बी, जसोला, नई दिल्ली 110025.** याचिकाकर्ता ।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है । कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को " दिल्ली राज्य से " हरियाणा राज्य " में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 26 जुलाई 2021 को आयोजित साधारण आम बैठक ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपतियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है ।

पंजीकृत पते के विरोध का आधार **डीटीजे-704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स - बी, जसोला, नई दिल्ली 110025** में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**अरविन्दर सिंह**
**निदेशक**
**दीन: 00112063**

दिनांक: 23-08-2021
स्थन : 253 जनकपुरी, पी एस प्रेम नगर, बरेली उत्तर प्रदेश -243122

केंद्र सरकार के सामने
दिल्ली क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (6) (ए) और **अग्रांते लीजर प्राइवेट लिमिटेड** के पंजीकृत कार्यालय होने के मामले में **डीटीजे-704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स - बी, जसोला, नई दिल्ली 110025,** याचिकाकर्ता ।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव रखती है , जिसमें कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया है । कंपनी को अपने पंजीकृत कार्यालय को " दिल्ली राज्य से " हरियाणा राज्य " में बदलने में सक्षम बनाने के लिए 26 जुलाई 2021 को आयोजित साधारण आम बैठक ।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है , अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे द्वारा समर्थित अपनी आपतियों को वितरित कर सकता है या भेज सकता है ।

पंजीकृत पते के विरोध का आधार **डीटीजे -704, 7वीं मंजिल, डीएलएफ टावर्स - बी , जसोला, नई दिल्ली 110025** में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिनों के भीतर आवेदक कंपनी की एक प्रति के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर:

**आवेदक के लिए और उसकी ओर से**
**अरविन्दर सिंह**
**निदेशक**
**दीन: 00112063**

दिनांक: 23-08-2021
स्थन : 253 जनकपुरी, पी एस प्रेम नगर, बरेली उत्तर प्रदेश -243122

## व्यापारी की हत्या का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र स्थित प्रिय धर्म कांटे के समीप बदरपुर रोडी का कारोबार करने वाले धर्मेंद्र की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। इस संबंध में उसके तीन कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

धर्मेंद्र अक्सर छोटी-छोटी बात पर अपने कर्मचारियों को जलील करता रहता था। इसी से क्षुब्ध होकर आकाश पंडित, आशीष राठी और नवाब उर्फ चुन्नू 18 अगस्त को धर्मेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## टीकाकरण में लक्ष्य से पिछड़ा गौतमबुद्धनगर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली अब खुद अफसरों पर भारी पड़ने लगी है। समय से केंद्रों की सूची जारी न करने और सूचना छुपाने के चक्कर में विभाग खुद कोरोना टीकाकरण के लक्ष्य में पिछड़ रहा है। सोमवार को कोरोना टीकाकरण अभियान में विभागीय अफसर 50 फीसद लक्ष्य भी पूरा नहीं कर सके।

27 केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सिर्फ छह हजार 589 लोगों ने ही कोरोनारोधी टीका लगवाया। संभावित तीसरी लहर से पहले गौतमबुद्ध नगर स्वास्थ्य विभाग ने 18 वर्ष की आयु तक के 15.50 लाख लोगों को पहली और दूसरी डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



ऐसे में एक.एक दिन के लिए ही जिले में टीकाकरण अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नोएडा स्टेडियम समेत 26 केंद्रों पर 14 हजार लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया थाए लेकिन समय पर जानकारी उपलब्ध न कराने और केंद्रों की सूची जारी न करने के कारण लोग केंद्रों पर नहीं पहुंच सके। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग के आधा लक्ष्य पूरा करने में ही पसीने छूट गए।

टीकाकरण प्रभारी डॉण्नीरज त्यागी ने बताया कि सोमवार को 3,289 लोगों ने पहली और 3,300 लोगों ने कोरोना की दूसरी डोज ली। मंगलवार को जिले में पांच अतिरिक्त केंद्रों पर सिर्फ दूसरी डोज लगेगी।

# सर्किल रेट को फ्रीज कर सकता है जीडीए

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज, मधुबन-बापूधाम भूखंडों की दरों में हो सकते बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की बोर्ड बैठक बृहस्पतिवार को जीडीए सभागार कक्ष में आयोजित होगी।

खास बात यह है कि इस बोर्ड बैठक में इस बार जीडीए अपने सर्किल रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं करेगा। इस आशय का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पेश किया जा सकता है। इसके अलावा मधुबन बापूधाम योजना के आवंटित भूखंड की दरों में वृद्धि करने की योजना भी जीडीए कर रहा है इस आशय का प्रस्ताव भी जीडीए पेश करेगा, यानि मधुबन बापूधाम योजना के आवंटियों को अब 5750 रुपए की दर से अतिरिक्त भुगतान करना पड़ सकता है। खास बात यह है कि जिन आवंटियों को करीब 11000 प्रति वर्ग मीटर की दर से भूखंड आवंटित किए गए थे ।

अब उन्हें अपनी ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी। जीडीए के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि किसानों की याचिका की सुनवाई के दौरान यह निर्णय दिया है कि जीडीए किसानों को बढ़ी दरों पर मुआवजे का भुगतान करें । बढ़ी हुई राशि अब आवंटियों से ही वसूली जाएगी। उसके बाद किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाएगा । बोर्ड की इस बैठक में लगभग एक दर्जन विकास से जुड़े प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। जीडीए बोर्ड का एजेंडा जारी कर दिया गया है। इसके अलावा रैपिड रेल से सटे एरियाओं को विशेष एरिया में शामिल करने को लेकर भी बोर्ड बैठक में विचार किया जाएगा। रैपिड रेल परियोजना से सटे मुरादनगर, मोदीनगर के क्षेत्रों को नए सिरे से इस महा योजना में शामिल करने की जीडीए की योजना है।

इसके अलावा बोर्ड में अवैध निर्माण को रोकने के लिए भी चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है कि बोर्ड की बैठक इस बार सुबह के सत्र में ना होकर शाम 4:00 बजे के बाद आयोजित होने की संभावना है, कारण बोर्ड अध्यक्ष मंडलायुक्त की व्यस्तता के कारण बोर्ड बैठक के समय में बदलाव किया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# 9वीं से 12वीं तक स्कूल खोलने की तैयारी

## विशेषज्ञ समिति ने की सभी कक्षाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू करने की सिफारिश

● उपराज्यपाल की अध्यक्षता में डीडीएमए की बैठक में लगेगी अंतिम मुहर


फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना वायरस के कम होते मामलों के बीच राजधानी दिल्ली में स्कूल खोलने की तैयारी शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी की सरकार के विशेषज्ञों की समिति ने स्कूल खोलने को लेकर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से फिर से खोलने की सिफारिश की है। इसमें सबसे पहले बड़ी क्लासों के लिए स्कूल खोलने की बात कही गई है। इनमें 9वीं से 12वीं कक्षाएं शामिल हैं। कमेटी की इस रिपोर्ट को अगले कुछ दिनों में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समक्ष रखा जाएगा जिस पर अंतिम मुहर लगेगी।

शिक्षाविदों का कहना है कि पिछले डेढ़ साल से स्कूल बंद हैं। लंबे समय तक स्कूलों को बंद रखना छात्रों के हित के लिए सही नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल किस तरह खोले जाएं इसको लेकर दिल्ली आपदा प्रबंधक प्राधिकरण ने एक विशेषज्ञों की कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट दिल्ली सरकार को सौंपी दी है। सूत्रों के मुताबिक विशेषज्ञों की समिति ने अनुशंसा की है कि स्कूलों को सभी कक्षाओं के लिए फिर से खोला जाना चाहिए लेकिन पहले चरण में वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को बुलाया जाए और उसके बाद मध्यम कक्षा के और अंत में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को स्कूल बुलाया जाए।

डीडीएमए समिति की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, स्कूलों को फिर से खोलने वाले राज्यों का मिलाजुला अनुभव रहा है। वह स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वह चाहते हैं कि स्कूलों को जल्द से जल्द फिर से खोल दिया जाए लेकिन बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। उनकी सरकार जल्द ही इस मुद्दे पर फैसला लेगी।

वर्तमान में, कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी माता-पिता की सहमति से प्रवेश और बोर्ड-परीक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए स्कूल जा सकते हैं। यह कहते हुए कि राष्ट्रीय राजधानी में स्कूलों को फिर से खोलने में कोई नुकसान नहीं है, दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने छह अगस्त को अधिकारियों से विशेषज्ञ समिति गठित कर विस्तृत योजना तैयार करने को कहा था।

# बच्चे का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मां के दस्तावेज ही पर्याप्त

● समाज कल्याण मंत्री का निर्देश, जाति प्रमाण पत्र बनवाने में नहीं हो कोई दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने जाति प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित सभी शिकायतों के निस्तारण को लेकर सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि किसी भी व्यक्ति को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि किसी बच्चे के पास पिता से संबंधित दस्तावेज नहीं हैं तो उसका प्रमाण पत्र मां के दस्तावेजों के आधार पर ही बनाया जाना चाहिए।

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि यह मेरे संज्ञान में आया है कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को अभी भी मैजिस्ट्रेट के ऑफिस आना पड़ता है, जबकि यह डोर स्टेप डिलीवरी ऑफ सर्विस की सेवाओं के अंतर्गत आता है। अगर आवेदकों को अभी भी मैजिस्ट्रेट के ऑफिस के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, तो फिर यह डोर स्टेप डिलीवरी के उद्देश्य को ही विफल कर रहा है।

बैठक में मंत्री ने यह बात भी सामने रखी कि जाति प्रमाण पत्र में पिता के दस्तावेज मांगे जाते हैं और उसके आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनता है, लेकिन ऐसे कई बच्चे हैं जो केवल अपनी मां के साथ रहते हैं और पिता अलग रहते हैं। ऐसे मामलों में बच्चा जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने में असमर्थ है, क्योंकि उसके लिए पिता के दस्तावेजों की जरूरत होती है। इसे तुरंत संशोधित करने की आवश्यकता है। इस बात पर तुरंत आश्वस्त किया जाना चाहिए कि बच्चे के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मां के दस्तावेज पर्याप्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार


गीता कॉलोनी के वार्ड में सड़कों के नामकरण अवसर पर उपस्थित पूर्वी दिल्ली नगर निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल व स्थानीय लोग।

### महापौर ने पार्को और सड़कों का किया नामकरण

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर, श्याम सुंदर अग्रवाल ने बुधवार को ब्लॉक 6, गीता कॉलोनी में एक पार्क का नामकरण पूर्व मंडल अध्यक्ष, डॉक्टर जे जी साहनी के नाम पर किया। इसके अलावा महापौर ने गीता कॉलोनी वार्ड में दो सड़कों के नामकरण भी किये। लिंक रोड शास्त्री नगर की ओर जाने वाली सड़क का नामकरण पूर्व मंडल अध्यक्ष, स्वर्गीय सत्यपाल शर्मा के नाम से तथा गली नंबर 2, सरोजिनी पार्क, शास्त्री नगर स्थित सड़क का नामकरण समाज सेवक, वासुदेव शर्मा के नाम से किया गया। इस मौके पर स्थायी समिति अध्यक्ष, बीर सिंह पंवार तथा पूर्व महापौर एवं स्थानीय पार्षद, सुश्री नीमा भगत भी मौजूद थीं। इसके अलावा महापौर द्वारा शकरपुर वार्ड में दो पार्कों का नामकरण किया गया। यू ब्लॉक स्थित पार्क का नाम महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं स्कूल ब्लॉक सर्विस लाइन पर स्थित पार्क का नाम भगवान परशुराम रखा गया।

### उत्तरी निगम के सभी वार्डों में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तरी दिल्ली नगर निगम 26 अगस्त से अपने सभी 104 वार्डो में नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत स्थायी समिति अध्यक्ष, जोगी राम जैन के वार्ड में निगम प्राथमिक विद्यालय रुप नगर से सुबह 10 बजे की जाएगी। महापौर ने स्वास्थ्य शिविरों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इन स्वास्थ्य शिविरों में आम बीमारियों के अतिरिक्त, महिला रोग, बाल रोग, आँखो के विशेषज्ञ, दांतों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को आवश्यक सलाह और उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्ट कोविड और असंक्रामक बीमारियों पर भी विशिष्ट डॉक्टरी सलाह और उपचार भी स्थानीय नागरिकों को इस स्वास्थ्य शिविरों में उपलब्ध कराया जाएगा।

### राजधानी में गर्मी बढ़ी न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा

**नई दिल्ली।** राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के मुताबिक सुबह साढ़े आठ बजे हवा में नमी का स्तर 64 फीसदी दर्ज किया गया। आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने दिन के वक्त तेज सतही हवाएं चलने का अनुमान जताया है। दिल्ली में बुधवार को सुबह वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों में दिखा कि सुबह आठ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 112 था। शून्य से 50 के बीच का एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच का एक्यूआई मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है।

मुख्यमंत्री कोरोना आर्थिक सहायता योजना

# पीड़ितों तक जल्द पहुंचाई जाएगी आर्थिक मदद

## समाज कल्याण मंत्री ने जिलाधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री कोरोना आर्थिक सहायता योजना के तहत पीड़ितों तक जल्द पहुंचाई जाएगी आर्थिक मदद। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने योजना के मद्देनजर बुधवार को सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।

इस बैठक में मंत्री ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि लोगों को योजना के लिए आवेदन करते समय कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनमें से एक जीवित सदस्य प्रमाण पत्र जारी करना है। यह प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं किए जा रहे हैं, जिसकी वजह से परिवारों को मजिस्ट्रेट ऑफिस के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। परिवार में विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को मैजिस्ट्रेट कार्यालय आने के लिए लगातार कहा जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आवेदन प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के हो। घर के निरीक्षण पर जाने वाले अधिकारियों को संवेदनशीलता से इन परिवारों की मदद करनी चाहिए और कोई भी कागजात में कमी हो, तो उसको तुरंत पूरा करने में मदद करनी चाहिए। सरकार को ऐसे परिवारों के लिए और किसी तरह की और परेशानी नहीं बढ़ानी है।

राजेंद्र पाल गौतम ने मजिस्ट्रेटों को परिवारों की पहचान करने के लिए जमीनी स्तर पर सर्वे करने का भी आदेश दिया। उन्होंने यह मुद्दा भी उठाया कि कई मामलों में सदस्य की मौत कोविड-19 के कारण हुई, लेकिन उसकी रिपोर्ट 2-3 दिन बाद आई। ऐसे मामलों की पहचान करने की और एक सूची तैयार करने की जरूरत है, ताकि वे भी योजना के दायरे में आ सकें।


बुधवार को नई दिल्ली के राजीव गांधी सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में कोविड-19 मरीजों के लिए बनाए रैपिड रिस्पांस सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर निरीक्षण करते दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन। फोटो : रंजन डिमरी

# पुराने वाहनों पर रोक से निम्न आय वर्ग संकट में : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग द्वारा डीजल के 10 वर्ष से पुराने डीजल एवं पेट्रोल के 15 वर्ष से वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने से निम्न आय वर्ग के लोगों पर संकट गहरा गया है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने इस संदर्भ में मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर मांग की है कि कोविड काल से उत्पन्न आर्थिक संकट को ध्यान में रखते हुऐ दिल्ली सरकार पुराने वाहनों को चलाने पर रोक संबंधीआदेश को कम से कम 31मार्च 2022 तक के लिए स्थगित कर लोगों को नया वाहन खरीदने के लियें समय दें। उन्होंने बताया कि पुराने वाहनों का अधिकतर उपयोग छोटे वेतन भोगी एवं स्व रोजगारी लोग करते हैं जिनमे से अधिकांश कोविड काल के चलते गत डेढ़ वर्ष से वेतन या आमदनी कटौती झेल रहे हैं। अनेक तो अपनी पुरानी बचत तक खर्च कर परिवार चला रहे हैं। आर्थिक तंगी की इस स्थिति में अचानक नया वाहन खरीदना इन लाखों लोगों के लिए अभी संभव नही है।

# डीएसईयू में छात्र हर कोर्स में पढ़ेंगे फेस द वर्ल्ड का पाठ : वीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी में छात्र हर कोर्स में पढ़ेंगे फेस द वर्ल्ड का पाठ। डीएसईयू और द नज फाउंडेशन ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस साझेदारी के तहत यूनिवर्सिटी के डिप्लोमा और डिग्री कोर्सेज में फाउंडेशन के सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप का फ्यूचर परफेक्ट प्रोग्राम का कंटेंट शामिल किया जाएगा। यह तीन साल की साझेदारी के लिए एमओयू साईन किया गया है।

डीएसईयू की वाईस चांसलर प्रो. (डॉ.) नेहारिका वोहरा ने कहा यह एक महत्वपूर्ण साझेदारी है, क्योंकि इससे छात्रों को पूर्ण रूप से परीक्षित किया गया प्रशिक्षण कंटेंट प्रदान होगा। उन्हें भरोसा है कि द नज फाउंडेशन जैसी संस्थाओं के साथ जुड़कर वह अपने छात्रों को शीर्ष स्तर की शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पूरा करने में सफल होंगी।

प्रो. वोहरा के मुताबिक विश्वविद्यालय की स्थापना कौशल के प्रतिमान को बदलने और कौशल का आकांक्षा पूर्ण बनाने के उद्देश्य से की गई है। अपने छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करना उनकी जिम्मेदारी है। इसका मतलब यह है कि सिर्फ उन्हें तकनीकी ज्ञान और कौशल से लैस करना नहीं है, बल्कि उन्हें 21वीं सदी के कौशल को सिखाने का मौका देना भी है।

# मनोरंजन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए फिल्म नीति लाएंगे : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार शीघ्र ही देश में अत्यधिक प्रगतिशील फिल्म नीति लेकर आएगी, जिससे मनोरंजन उद्योग को बहुत प्रोत्साहन मिलेगा। यह नीति अंतिम चरण में है तथा इससे शीघ्र ही मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों की फिल्म नीतियों का अध्ययन किया गया है, लेकिन दिल्ली की फिल्म नीति इन सबसे अधिक प्रगतिशील होगी। केजरीवाल ने कहा कि मनोरंजन उद्योग कोविड-19 महामारी के दौरान बहुत बुरे दौर से गुजरा। इस उद्योग से जुड़े लोगों को आजीविका के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# राजीव गांधी अस्पताल में कोविड-19 रैपिड रिस्पांस सेंटर शुरू

● तत्काल इलाज होने से पीड़ितों और उनके परिजनों को मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों को जल्द इलाज मुहैया कराने के लिए राजीव गांधी अस्पताल में कोविड-19 रैपिड रिस्पांस सेंटर शुरू किया गया है। यह सेंटर यह सुनिश्चित करेगा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को भर्ती होने के लिए इंतजार नहीं करना पड़े और उन्हें तत्काल इलाज मिले। इसके लिए केंद्र को आईसीयू, ट्रांसपोर्टेबल वेंटिलेटर और 24 घंटे रिस्पांस टीम से लैस किया गया है। दिल्ली सरकार का दावा कि बिना भर्ती हुए केंद्र में तत्काल इलाज होने से पीड़ितों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पहले कोविड-19 रैपिड रिस्पांस सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों को सभी सुविधाओं से लैस करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसी कड़ी में यह केंद्र शुरू किया गया है, जो अस्पताल आने वाले कोविड-19 मरीजों का तत्काल इलाज मुहैया कराएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा स्थापित अपनी तरह का यह पहला कोविड-19 रैपिड रिस्पांस सेंटर 24 घंटे रैपिड रिस्पांस टीम के सहयोग से एंबुलेंस को कम समय में अस्पताल से बाहर निकालने और मरीज को बिना इंतजार किए अस्पताल में भर्ती कराकर उनका जीवन बचाने में मदद करेगा। यह केंद्र अस्पताल आने वाले मरीजों को भर्ती के लिए प्रतीक्षा किए बिना तत्काल इलाज मुहैया कराएगा।

# भाजपा ने करोड़ों रुपए के विज्ञापन मुफ्त में लगवाए : आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की भुगतान वाले स्थानों (पेड साइट्स) पर भाजपा ने मुफ्त में करोड़ों रुपए के विज्ञापन लगवाए हैं। अब भाजपा विज्ञापन लगाने के लिए धन का भुगतान नहीं कर रही है। यह आरोप आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने लगाया है।

सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के एजेंडे में बताया है कि विज्ञापन लगाने वाले ठेकेदारों को लगातार नुकसान हो रहा है।

# जंतर-मंतर पर भड़काऊ नारेबाजी मामले में एक और गिरफ्तार

**पायनियर समाचार।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर आठ अगस्त को विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से मुस्लिम विरोधी नारे लगाने के लिए एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तम उपाध्याय के रूप में की गई है और उसे रविवार को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो यह व्यक्ति नारेबाजी करते दिखा। इस संबंध में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें भाजपा के पूर्व प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अश्विनि उपाध्याय शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि यह नारेबाजी आठ अगस्त को जंतर मंतर पर उस विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई थी जिसका आयोजन भारत जोड़ो आंदोलन ने किया था।

# अपने वतन की मिट्टी भी लाने का नहीं मिला वक्त

## अफगानिस्तान की पहली गैर मुस्लिम सांसद ने देश छोड़ने का दर्द किया बयां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से मुल्क के लोगों में दहशत व्याप्त है। आम लोगों के अलावा खास लोग भी खौफजदा हैं। ऐसे लोग या तो देश छोड़ चुके हैं या जल्द से जल्द छोड़ना चाहते हैं।

राजधानी काबुल के एयरपोर्ट पर देश से बाहर निकलने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हैं। अफगानिस्तान की पहली गैर मुस्लिम सांसद अनारकली कौर होनरयार ने भारत पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान उनका गला भर आया। होनरयार ने बताया कि उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा कि उन्हें अपना


अनारकली कौर होनरयार

वतन छोड़ना पड़ेगा। अफगानिस्तान में उन्हें जान का खतरा था क्योंकि उन्होंने वहां की संसद और मीडिया में तालिबान के खिलाफ बोला था। ऐसे में तालिबान उन्हें जान से मार देते।

अनारकली कौर होनरयार देश छोड़ने का दर्द बयां करते हुए बताया कि तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद उन्हें उड़ान में सवार होने से पहले अपने वतन की याद के तौर पर मुट्ठीभर मिट्टी तक रखने का समय नहीं मिला। 36 वर्षीय होनरयार पेशे से दांत की डाक्टर है और अफगानिस्तान के अत्यधिक पुरुषवादी समाज में महिलाओं के हितों की हिमायती रही हैं और उन्होंने कमजोर समुदायों के अधिकारों के लिए कई अभियानों की अगुवाई की है। उनका प्रगतिशील एवं लोकतांत्रिक अफगानिस्तान में जीने का सपना था। उनका यह सपना चकनाचूर हो गया है। होनरयार को लगता है कि अफगानिस्तान के लोगों का भविष्य अनिश्चय से घिरा है। एक सवाल जो उन्हें सबसे ज्यादा परेशान करता है वह है तालिबान शासन में महिलाओं का भविष्य।


**क्यूबिकल फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 456, अग्रवाल मेट्रो हाइट्स, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034

सीआईएन : एल65993डीएल1990पीएलसी040101

फोन : 011–47057757, ई–मेल आईडी : cubfinser@yahoo.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के शेयरधारकों की 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), मंगलवार, 28 सितम्बर, 2021 को अप. 02.00 बजे कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020 तथा 02/2021 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (वीसी/ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर आयोजित की जाएगी।

एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुपालन में 31वीं एजीएम की सूचना तथा वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय विवरण दिया गया है ("वार्षिक रिपोर्ट") केवल ई–मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स अथवा कम्पनी के पास पंजीकृत है। जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि अपना ई–मेल पता नीचे दी गई प्रक्रिया अपना कर पंजीकृत करवा लें :

उन सदस्यों के लिए जिनके शेयर भौतिक रूप में हैं

कृपया आवश्यक विवरण जैसेकि फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) ई–मेल द्वारा cubfinser@yahoo.com /beetalrta@gmail.com को उपलब्ध करवाएं।

उन सदस्यों के लिए जिनके शेयर डीमैट रूप में हैं

कृपया डीमैट खाता विवरण (सीडीएसएल–16 डिजिट लाभार्थी आईडी अथवा एनएसडीएल–16 डिजिट डीपीआईडी + सीएलआईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) ई–मेल द्वारा cubfinser@yahoo.com /beetalrta@gmail.com को उपलब्ध करवाएं अथवा आप अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट से सम्पर्क कर सकते हैं तथा अपनी ई–मेल आईडी उनके द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवा सकते हैं।

सदस्य 31वीं एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से जुड़ सकते हैं तथा भाग ले सकते हैं। 31वीं एजीएम से जुड़ने के लिए अनुदेश तथा रिमोट इलेक्ट्रॉनिक में भाग लेने अथवा 31वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने की विधि 31वीं एजीएम की सूचना में दी गई है।

वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अधीन गणपूर्ति के प्रयोजन हेतु की जाएगी। 31वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट http://www.Cubical90.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

यह सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और हितार्थ जारी की जा रही है तथा एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर के अनुपालनार्थ है।

वास्ते क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता./–
अश्वनी कुमार गुप्ता
(प्रबंध निदेशक)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 23 अगस्त, 2021



**वसूली अधिकारी–।। का कार्यालय**
**ऋण वसूली न्यायाधिकरण–।।, दिल्ली**
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

आर.सी. सं. 58/2015 — ई–नीलामी बिक्री सूचना — दिनांकित : 18–08–2021

आईसीआईसीआई बैंक बनाम मैसर्स ईशा सेल्स एवं अन्य

"आदेश"

मेरे आदेश दिनांकित 18–08–2021 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्तियां दिनांक 06–10–2021 को सार्वजनिक ई–नीलामी द्वारा बेची जाएंगी :–

नीलामी बिक्री वेबसाइट :– www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई–नीलामी" होगी

नीलामी की तिथि एवं समय : 06–10–2021 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच

(अप. 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का वर्णन

| सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|
| 2121 डी, प्रथम तल, तिलक बाजार, दिल्ली–110006 | रू. 21,00,000/– | रू. 2,10,000/– |

**नियम और शर्तें**

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल : www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई–नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली खाता आर/सी सं. 58/2015" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से जमा करनी होगी। ईएमडी के लिए उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व–सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 04–10–2021 अप. 4.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी सन्निहित लिफाफे पर "आरसी सं. 58/2015" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात पता, ई–मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" तथा "जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली देने तथा ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल www.bankeauctions.com अच्छी तरह पढ़ लें तथा/अथवा श्री मोहित चढ्ढा, प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटे., दिल्ली, मोबाइल नंबर 9650957770, ई–मेल : mohit.chadhaa@icicibank.com से सम्पर्क करें।
6. भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाना तथा ईएमडी जमा करने के बाद, यूजर आईडी/पासवर्ड, जो उपरोक्त ई–नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज–2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा– 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई–मेल आईडी: delhi@ciindia.com rFkk support@bankeauctions.com से पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।
7. इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज–2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा– 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई–मेल आईडी : delhi@ciindia.com rFkk support@bankeauctions.com से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के धारक होंगे।
9. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण 27–09–2021 तथा 28–09–2021 को 10.30 बजे से 04.00 बजे तक कर सकते हैं।
10. इच्छुक बोलीदाता जो 04–10–2021 तक अपनी बोलियां, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के कार्यालय में दे चुके होंगे, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो 06–10–2021 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। नीलामी समाप्त होने के आखिरी 5 मिनट में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्त होने का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
11. बोलीदाता संबंधित सम्पत्ति हेतु अपनी बोली रू. 1,00,000/– (रू. एक लाख मात्र) के गुणज में बढ़ाएंगे।
12. असफल बोलीदाता ईएमडी ई–नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात सीधे वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली से प्राप्त कर सकेंगे।
13. सफल/उच्चतम बोलीदाता को बोली/बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 58/2015 के पक्ष में अगले बैंक कार्यदिवस के अप. 04.00 बजे तक तैयार कर इस न्यायाधिकरण में जमा करना होगा, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
14. क्रेता को बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 58/2015 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से, वसूली अधिकारी–।।, डीआरटी–।।, दिल्ली के पास सम्पत्ति की ई–नीलामी की तिथि से 15वें दिन अथवा पूर्व, उस तिथि को छोड़कर, और 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्य दिवस को रजिस्ट्रार, डीआरटी–।।, दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/– तक 2 प्रतिशत निरोध शुल्क तथा रू. 1000/– से ऊपर सकल राशि पर 1 प्रतिशत निरोध शुल्क के साथ जमा करनी होगी। (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने की स्थिति में यह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री संबंधी खर्चे काटकर, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।
15. सीएचएफआई/सीएच बैंक को बिक्री उद्घोषणा की सूचना सीडी'ज को दस्ती, स्पीड पोस्ट, कुरियर के माध्यम से तथा सम्पत्ति के सुप्रकट भाग में चस्पा करने द्वारा और इसके आसपास के क्षेत्र में ढोल पीटकर देने और सूचना की एक प्रति इस न्यायाधिकरण के सूचना पट पर चस्पा करने का निर्देश दिया जाता है।
16. बिक्री उद्घोषणा की सूचना क्षेत्र में पर्याप्त व्यापक प्रसार वाले अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्रों में भी प्रकाशित करवाई जाए।
17. सीएचएफआई/सीएच बैंक को समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की पुष्टि करने तथा प्रकाशन के मूल प्रमाण सुनवाई की अगली तिथि को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।
18. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य नहीं पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम मान्य होगा।

सम्पत्ति की अनुसूची

| बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|
| 2121 डी, प्रथम तल, तिलक बाजार, दिल्ली–110006 | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

ई–नीलामी बिक्री सूचना की तामील, तामील के प्रमाणों (ट्रैक परिणामों सहित यथा स्पीड पोस्ट तथा कुरियर) तथा दस्ती तामील के प्रमाण, समाचारपत्रों में प्रकाशन के मूल प्रमाण और ई–नीलामी के प्रयोजन हेतु वेबसाइट पर व्यापक प्रचार के प्रमाण प्रस्तुत करने हेतु वाद 15–09–2021 को सूचीबद्ध किया जाए।

(दत्तात्रेय बाजपेयी)
वसूली अधिकारी–।।,
डीआरटी–।।, दिल्ली

# अयांश के उपचार में फंड जुटाने को फिल्म सेलिब्रिटी भी आगे आए

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## अयांश के उपचार को अब तक इकट्ठे हुए साढ़े चार करोड़ रुपये

## डेढ़ साल के अयांश को लगना है 16 करोड़ रुपये का एक टीका



सोनू सूद अवतार गिल फरहा खान गीता कपूर श्रेया सरन।



बीमारी से ग्रस्त बच्चा अयांश मदान।

**करीब** डेढ़ साल के बालक अयांश की जिंदगी बचाने के लिए 16 करोड़ रुपये का इंजेक्शन लगना है। यह इंजेक्शन खरीदने को फंड जुटाने के लिए अब फिल्मी हस्तियां भी आगे आई हैं। अभिनेता सोनू सूद समेत कई हस्तियों ने वीडियो संदेश जारी करके अयांश का जीवन बचाने को देशवासियों से अपील की है। जॉलगेनसमा नामक यह इंजेक्शन अमेरिका से मंगवाया जाएगा।

अयांश को जॉलगेनसमा नामक एक इंजेक्शन बच्चे को लगेगा, जिसकी कीमत 16 करोड़ रुपये है। इसे अमेरिका से मंगवाने का खर्च अलग से होंगे। फिल्म अभिनेता सोनू सूद समेत कई फिल्म सेलिब्रिटी ने अयांश को लगने वाले इंजेक्शन के लिए फंड जुटाने का आग्रह किया है। सोनू सूद का कहना है कि यह रकम बहुत बड़ी है। हम सब मिलकर ही इसे इकट्ठा कर सकते हैं।

अभिनेता अवतार गिल की अपील है कि डोनेट करें, ताकि यह बच्चा भी आपके बच्चों और हमारे बच्चों की तरह नॉर्मल जिंदगी जी सके। फरहा खान कह रही हैं कि सिर्फ 16 माह का अयांश है और उसे जानलेवा बीमारी है। अयांश को लगने वाली दवा 16 करोड़ की है। उनकी हाथ जोड़कर विनती है कि बच्चे की मदद करें। उसके लिए यह दवा खरीदने को दान करें। गीता कपूर कह रही हैं कि अयांश ना उठ सकता है, ना बैठ सकता है। उसे जो बीमारी है, उसका इलाज महंगा है। सिर्फ दो साल तक ही उसे टीका लग सकता है। इसलिए सभी उसकी हेल्प को आगे आएं। अभिनेत्री श्रेया सरन कहती हैं कि आज मैं आपको अयांश के बारे में बता रही हूं। वो गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। वो बच सकता है। मगर उसकी दवा बहुत महंगी है। उसका नाम है जॉलगेनसमा। हम सबको इसके लिए डोनेट करना चाहिए।

### माता-पिता की शारीरिक कमियों से होती है ये बीमारी

**चाइल्ड** न्यूरोलॉजिस्ट डा. राकेश जैन के मुताबिक यह जेनेटिक बीमारी है। माता-पिता के जीवन में कमियों की वजह से यह बीमारी बच्चों में आती है। इस बीमारी का नाम एसएमए (स्पाइनल मसक्यूलर एट्रॉफी) है। नसों की यह बीमारी होती है। इसकी तीन श्रेणी टाइप-1, 2 व 3 होती हैं। टाइप 1 बीमारी सबसे घातक और जानलेवा होती। एक साल से कम उम्र के बच्चों में यह बीमारी होती है। टाइप-2 बीमारी होने पर बच्चे जिवित तो रहते हैं, पर जीवन में मुख्यधारा में नहीं आ पाते। टाइप-3 की बीमारी में बच्चों में थोड़ी शारीरिक कमजोरी होती है, लेकिन वे सही जीवन व्यतीत करते हैं। अब तक देश में करीब 150 बच्चे इस बीमारी से ग्रस्त हो चुके हैं। काफी ठीक भी हुए हैं।

### कैनविन फाउंडेशन के साथ पहले भी की अपील

अयांश के साथ उनके माता-पिता प्रवीण मदान एवं वंदना मदान ने पहले भी बेटे का जीवन बचाने को देशवासियों से गुहार लगाई है। चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही गुरुग्राम की संस्था कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने भी बच्चे का जीवन बचाने को पहल करते हुए अपील की थी। गुरुग्राम व यहां से बाहर रहने वाले आम आदमी के साथ फिल्म व खेल जगत की हस्तियों से अपील की गई थी।

# घोर लापरवाही...गुरुग्राम के व्यक्ति का 25 साल बाद मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

## परिजनों ने सीएम विंडो पर दी थी शिकायत, तब मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**इसे** घोर लापरवाही ही कहा जाएगा कि 25 साल पहले जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई थी, उसका अब मृत्यु प्रमाण पत्र मिला है। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए परिजनों ने 25 वर्षों तक नागरिक अस्पताल गुरुग्राम व नगर निगम गुरुग्राम के कार्यालयों के खूब चक्कर लगाए, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। अब सीएम विंडो पर शिकायत करने के बाद परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र मिल पाया है।

जानकारी के अनुसार जिले के गांव घोषगढ़ खंड फर्रूखनगर निवासी दुलीचन्द ने सीएम विन्डो पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 सितम्बर, 1996 को हरियाणा राज्य परिवहन की बस से हुई दुर्घटना में उसके जीजा देशराज की मौत हो गई थी। एनओसी कटवाने के बाद भी 25 वर्षों तक उनका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ था। उसे कभी नागरिक अस्पताल में दौड़ाया गया तो कभी नगर निगम में। पहले यहां नगर परिषद थी। नगर परिषद में भी उसके जीजा की मृत्यु का प्रमाण पत्र देने में लापरवाही की जाती रही। अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी लापरवाही की सभी हदें लांघ दी। क्योंकि 25 साल का समय कम नहीं होता। किसी काम को करने के लिए कुछ दिन या महीने की लापरवाही हो तो भी जवाबदेही बनती है। यहां 25 साल तक लापरवाही होती रही। पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारियों तक भी अपनी बात पहुंचाई, लेकिन शायद ही किसी ने उसके काम को प्रमुखता से लिया हो। अगर लिया होता तो उसे कभी का यह प्रमाण पत्र मिल गया होता।

### वर्ष 1996 का रिकॉर्ड खंगालकर बनाया प्रमाण पत्र

सीएम विन्डो पर दुलीचन्द ने इस बाबत शिकायत दी। सीएम विंडो की निगरानी कर रहे मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल के अनुसार प्रार्थी की शिकायत सीएम विंडो पर एक अप्रैल, 2021 को शिकायत नम्बर 29987 अपलोड की गई थी। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए इस सन्दर्भ में गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल को सूचित किया गया। अस्पताल के अधिकारियों और नगर निगम के अधिकारियों ने वर्ष 1996 का रिकॉर्ड खंगाला और प्रार्थी को 16 अगस्त, 2021 को मृतक देशराज का मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर दिया। अब सवाल यह उठता है कि इस काम के लिए जो 25 साल का समय लगा है, उसमें गलती किस स्तर पर हुई। कौन अधिकारी, कर्मचारी इसमें दोषी हैं, उन्हें भी इसकी सजा मिलनी चाहिए। क्योंकि यह अपने आप में एक घोर लापरवाही है। इतने वर्षों में शिकायतकर्ता कितनी बार परेशान हुआ होगा। उसने कितने धक्के खाए होंगे। सरकार को इस पर भी संज्ञान लेना चाहिए।

### अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होती है : भूपेश्वर दयाल

**ओएसडी** भूपेश्वर दयाल का कहना है कि सीएम विंडो पर आई शिकायतों की समीक्षा की जाती है। सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को तय सीमा में उनका समाधान करने के आदेश दिए जाते हैं। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है।

# क्रिकेट टीम में शामिल कराने के नाम पर 9 लाख रुपये ऐंठे

## एक अन्य मामले में कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर भी की गई ठगी

**गुरुग्राम।** ठग गिरोह भी अलग-अलग पैंतरे अपनाकर लोगों से ठगी करके लाखों की चपत लगा रहे हैं। ऐसे ही दो मामले यहां सामने आए हैं। एक मामले में तो क्रिकेट टीम में शामिल कराने के नाम पर खिलाड़ी से 9 लाख रुपये ठग लिए गए, वहीं दूसरे मामले में कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर एक मैकेनिकल इंजीनियर से 25 हजार रुपये ठग लिए गए। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-5 पुलिस थाना में अंशुल नामक युवक ने शिकायत देकर कहा है कि कुछ लोगों ने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का फर्जी पत्र दिया। इसकी ऐवज में उससे 9 लाख रुपये ले लिए गए। सेक्टर-49 में एक कार्यालय में अंशुल की मुलाकात आशुतोष बोरा, चित्रा बोरा व पुष्कर तिवारी से हुई थी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से क्रिकेट मैच खेलने के लिए चयन कराने की बात कही। इसके बदले उन्होंने 9 लाख रुपये उससे मांगे। उनकी बातों में आकर अंशुल ने उन्हें पिता से तीन किश्तों में नौ लाख रुपये दिए। रकम मिलने के बाद आरोपी उसे एसोसिएशन की जर्सी और एक पत्र देकर हिमाचल प्रदेश ले गये। जब टीम की घोषणा हुई तो उसमें अंशुल का कहीं नाम नहीं था। तब उसकी समझ में आया कि उसके साथ ठगी हुई है। इसके बाद उस पत्र की जांच अंशुल ने एसोसिएशन में कराई। वह पत्र भी फर्जी ही निकला। पीड़ित ने इस बारे में यहां पुलिस को शिकायत दी। अंशुल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में जांच की जा रही है।

वहीं दूसरे मामले में पीड़ित को कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर 25 हजार रुपये ठग लिये गये। पीड़ित पटना निवासी मोहम्मद स्येद मोहम्मद जियाउल हसन ने बताया कि सेक्टर-49 स्थित स्पेज आईटी पार्क की एक कंपनी को उसने 25 हजार रुपये दिए थे। कंपनी ने उसे कुवैत में नौकरी दिलाने की बात कही थी। जब निश्चित समय आया तो उसने कंपनी में जाकर नौकरी के बारे में जानकारी हासिल करनी चाही। जब वह कंपनी के कार्यालय में गया तो वहां पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। उसे समझ आ गया कि उसके साथ ठगी हुई है।

# संक्षिप्त-समाचार

### सफाई कर्मियों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा



**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों की दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नगर परिषद के कर्मचारियों ने यूनियन के आदेश का पालन करते हुए बुधवार को भी भूख हड़ताल जारी रही। परिषद के सफाई कर्मी सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक भूख हड़ताल पर बैठे रहे। प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकार कोसा। राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन के नेता विक्रम सिंह ने बताया कि राज्य व केन्द्र सरकार को उनकी मांगों को मानना होगा। यदि सरकार अपने हठीले व्यवहार पर अड़िग रहेगी तो प्रदेश की भाजपा सरकार को कर्मचारी विरोधी करार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज कर्मचारियों को अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर दिया है। यूनिट प्रधान महेन्द्र सिंह ने कहा कि यूनियन जो आदेश देगी उसका पालन किया जाएगा। कोई भी अधिकारी कर्मचारियों का दर्द बांटने के लिए नहीं पहुंचा।

### तीसरे नोटिस की तैयारी में वन विभाग

**सोहना।** वन विभाग तीसरे चरण में सेक्शन 4/5 के तहत आने वाले ग्रामीण-शहरी क्षेत्र में नोटिस देने की तैयारी में जुट गया है। गुरुग्राम नगर निगम के गांव गैरतपुरबॉस और भोंडसी समेत सोहना शहर में भी नोटिस देगा। सोमवार को शहरवासियों की हुई बैठक में लिये गये फैसले के आधार पर आज एसडीएम डॉ. चिनार चहल को वन विभाग द्वारा दिए गए नोटिसों के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ताकि रिहायशी क्षेत्र को किसी प्रकार से उजाड़ा न जा सके। वन विभाग के स्थानीय रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट व विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार वे कार्य कर रहे हैं। किसी भी प्रकार के वन क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण का सफाया किया जाएगा। सर्वे के बाद नोटिस देने का कार्य शुरू कर दिया है।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक से 20 हजार रुपये लूटे

**सोहना।** सोहना से मिंडकौला मार्ग पर बाइक सवार चार बदमाशों ने युवक से दिन दहाड़े 20 हजार रुपये लूट लिए। मारपीट के दौरान युवक के मुंह पर नुकीली वस्तु से हमला करके लहूलुहान कर दिया। घायल युवक को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोहना के वार्ड-4 की हरीनगर कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र पुत्र बृजपाल ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह बाइक से अपने दोस्त को लेकर बुआ के घर जा रहा था। वार्ड-9 के जखोपुर में पीछे से आए दो बाइकों पर सवार चार लोगों ने उसकी बाइक रुकवाली। उसके साथ मारपीट करते हुए 20 हजार रुपये छीन लिए। एक युवक ने लोहे के पंच नुमा हथियार से मुंह पर वार किए। चारों बदमाश मौके से अपनी-अपनी बाइकों से फरार हो गए। सुरेन्द्र ने बताया कि उसने सदर थाने में अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस उसकी दी गई शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

### पत्थरों को घाटी में गिराकर भागे डंफर चालक



**सोहना।** पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर तावडू से सोहना की तरफ आ रहे डंपरों से घाटी में पत्थर गिराए जाने का मामला सामने आया है। घाटी में आधा दर्जन स्थानों पर गिराए गए पत्थरों से सड़क पर जाम लग गया। लोगों को दो मिनट की दूरी लगभग 20 मिनट में पार करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार मध्यरात्री डंपरों में चोरी के पत्थर ले जाए जा रहे थे। खनन विभाग की गाड़ी द्वारा पीछा किए जाने पर अपने बचाव में डंपर चालकों ने अधिकारी की गाड़ी रोकने के इरादे से जैक उठाकर चलते डंपरों से पत्थरा गिरा दिए। उसके बाद सभी डंपर फरार हो गए। पीछा कर ही अधिकारियों की टीम हाथ मलते रह गई। सोहना निवासी करणसिंह ने बताया कि देर रात से घाटी में वाहनों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई थी। घाटी के करीब डेढ़ किलोमीटर में सड़क के ऊपर पत्थरों के ढेर पड़े होने से वाहनों की गति धीमी हो गई। घाटी में वाहन रैंगते हुए उतर व चढ़ रहे थे। दो से तीन मिनट का सफर पार करने में वाहन चालकों को 15 से 20 मिनट का समय लग रहा था। जिससे घाटी में वाहनों की लंबी कतार करीब छह घंटे तक रही। बाईपास चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने सिटी थाना पुलिस के साथ मिलकर घाटी में सड़क पर पड़े पत्थरों को ट्रैक्टर-ट्राली में जेसीबी से भरकर रास्ता खाली कराया।

### शुक्रवार को गुरुग्राम जिला में होगा मेगा वैक्सीनेशन

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी से जारी जंग के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने 27 अगस्त को जिला में मेगा वैक्सीनेशन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मेगा वैक्सीनेशन के तहत शुक्रवार को जिला में 60 हजार लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वैक्सीनेशन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार शुक्रवार को पूरे प्रदेश में मेगा वैक्सीनेशन दिवस के तहत पांच लाख नागरिकों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत जिला गुरुग्राम में 60 हजार नागरिकों का टीकाकरण किया जाएगा।

# ग्वाल पहाड़ी क्षेत्र में अवैध फार्म हाऊस किए ध्वस्त



गुरुग्राम के ग्वाल पहाड़ी क्षेत्र में ध्वस्त किए गए अवैध फार्म हाउस।

**गुरुग्राम।** ग्वाल पहाड़ी क्षेत्र में वन विभाग एवं नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने आज अवैध फार्म हाऊसों पर पीला पंजा चलाया। यह कार्रवाई वन विभाग द्वारा जारी आदेशों की पालना में की गई।

बुधवार को वन विभाग के रेंज ऑफिसर कर्मबीर मलिक तथा नगर निगम गुरुग्राम के सहायक अभियंता (इनफोर्समेंट) संजोग शर्मा की टीम जेसीबी लेकर ग्वाल पहाड़ी क्षेत्र में पहुंची। यहां पर 3 जेसीबी की मदद से लगभग 50 फार्म हाऊसों पर कार्रवाई की गई। टीम ने फार्म हाऊसों की चारदीवारी व अन्य स्ट्रक्चरों को धराशायी किया। टीम में नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता महबूब अली एवं हरीओम तथा पटवारी सुनील उपस्थित थे। अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ जोन-4 क्षेत्र में भी कार्रवाई जारी रही। जोन-4 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम ने सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए निर्वाणा कंट्री में आम रास्ते पर किए गए कब्जे को हटाया।

### जमीन के विवाद में 11 नामजदों के खिलाफ मामला दर्ज

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने नूनैरा में जमीन के विवाद को लेकर हुए झगड़े में 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोपियों पर लाठी, लोहे की सरियां व हथियार नुमा औजार से हमला करने का आरोप लगाया है। सोहना सदर थाना पुलिस ने 13 दिन बाद नूनैरा निवासी की शिकायत पर 11आरोपियों के खिलाफ जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित मुफीद ने पुलिस को बताया कि 10 अगस्त को अयूब व महमूदा खेत की जमीन की पैमाइश करा रहे थे। उसने जब उन्हें सरकारी पटवारी व गिरदावर से पैमाइश कराने के लिए कहा तो अयूब ने उसके सिर पर लोहे की सरियां से हमला कर दिया। पैमाइश के दौरान मौके पर अयूब समेत महमूदा, इरसाद, अंजला, तल्हा, हमजा, वसीम, मुनाफिदा व शहीदा लाठी डंडों लेकर खड़े थे। इस दौरान उसके भाई फारुक के जेब से आरोपियों ने जबरन एक हजार रुपये लूट लिए थे।

# देश भर में बोलियों पर काम कर रहा स्टेज ऐप प्लेटफार्म : विनय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**हरियाणा** की अपनी, पारिवारिक और सुपर हिट वेब सीरीज मेरे यार की शादी के सीजन 2 में बतौर रचियता और अभिनेता काम कर रहे विश्वास चौहान स्टेज एप्प पर वेब सीरीज रिलीज होने के बाद सुर्खियां बटोर रहे हैं। 20 अगस्त को रिलीज हुई मेरे यार की शादी सीजन- टू हरियाणा के एकमात्र ओटीटी प्लेटफार्म स्टेज एप्प पर रिलीज हो गई है।

**सत्येंद्र सत्या सहरावत के निर्देशन में मेरे यार की शादी सीजन** -1 हरियाणा की सुपर हिट वेब सीरीज साबित हुई थी। वेब सीरीज मेरे यार की शादी सीजन- 2 दर्शकों को बांधे रखती है और यही कारण है कि हर कोई फिल्म देखने के बाद बधाई देता हुआ नजर आ रहा है। एप्प के संस्थापक विनय सिंघल के अद्वितीय प्रयोग ने हर कलाकार को स्टेज से जो ? कर रोजगार की व्यवस्था की है। जहां पिछले सीजन की तुलना में दर्शकों की बढ़ोतरी और भी ज्यादा देखी जा रही है।

स्टेज एप्प संस्थापक विनय ने कहा कि स्टेज ऐप पहला ऐसा प्लेटफार्म है जो देश भर में बोलियों पर काम कर रहा है।जहां निर्माताओं के काम का स्पॉट मिला है साथ ही आम जनता ने बहुत प्यार दिया है । वहीं सीजन - 2 का निर्देशन कार्य पवई टीम ने मिलकर किया है। जिसमें विशु का किरदार विश्वास चौहान , चाचा का किरदार डॉ सतीश कश्यप, नाई का किरदार कृष्ण नाटक, विशु के पिता रवि मोहन रास, माता का किरदार रमन नासा, सरपंच का किरदार सुनील चितकारा ने निभाया है। कट्टे का किरदार निभा रहे सर्वज्ञ शर्मा और और उनकी मां का किरदार प्रगति ने निभाया है।

**मेरे यार की शादी के सीजन - 2** की स्क्रीनिंग के दौरान हरियाणा और बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार शामिल हुए। जहां किरदारों को ही नहीं बल्कि निर्देशन कार्य, अभिनय, कहानी, संगीत, संवाद, छायांकन, पटकथा, पोशाक, तकनीकी कार्य आदि को भी सराहना से गदगद कर दिया।

# अब प्ले स्कूलों की तर्ज पर आंगनबाड़ी में होगी पढ़ाई

## आंगनबाड़ी में पढ़ाई कराने को 988 आंगनबाड़ी वर्कर्स का प्रशिक्षण शुरू

## पांच दिन तक आंगनबाड़ी वर्कर्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में छोटे बच्चों को पढ़ाने का प्रशिक्षण लेतीं आंगनबाड़ी वर्कर।

**जिस** तरह से प्ले स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर फोकस किया जाता है, अब उसी तर्ज पर हरियाणा के आंगनबाड़ी केंद्रों में भी बच्चों को पढ़ाई कराई जाएगी। गुरुग्राम जिला की 988 आंगनबाड़ी वर्कर्स को विभिन्न बैच में विभाजित करके प्रथम चरण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

जिला के 1033 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 104 को प्ले स्कूल में बदला किया गया है। इन प्ले स्कूल्स के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यह सत्य है कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा काफी महत्वपूर्ण होती है और इसका प्रभाव जीवन भर रहता है। इसी को ध्यान में रखकर आंगनबाड़ी वर्कर्स को प्री स्कूल स्तर पर पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सर्वांगीण विकास देने में मदद मिलेगी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी नेहा दहिया ने कहा कि आंगनबाड़ी को प्ले स्कूल में बदलने करने का निर्णय काफी निर्णायक साबित होगा। साथ ही इससे छोटे बच्चों व उनके अभिभावकों में भी आंगनबाड़ी व प्ले स्कूल के प्रति एक नई रूचि का संचार होगा।

### कार्यक्रम में दी जा रही पांच विषयों की ट्रेनिंग

**नेहा** दहिया के मुताबिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा का विकास, मानसिक विकास, भावनात्मक विकास और खेल-खेल में पढ़ना, रंगों व फलों सहित सब्जियों व पशुओं और पक्षियों के नाम याद करना, कविताएं याद करना, अन्य लिखाई-पढ़ाई के बारे में बच्चों को प्रेरित कर उन्हें मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से तैयार किया जाए इसके लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी सुपरवाईजर्स को बनाया मास्टर ट्रेनर

**प्रशिक्षण** देने के लिए आंगनबाड़ी सुपरवाईजर्स को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। इन सभी सुपरवाईजर्स की ट्रेनिंग जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर द्वारा की गई। जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित किया गया था। श्रीमती दहिया ने कहा कि कोरोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए जिला की 988 आंगनबाड़ी वर्कर्स को विभिन्न बैच में विभाजित कर ब्लॉक स्तर पर 3 चरणों मे प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 23 अगस्त से 27 अगस्त जिसमे 13 समूहों में 447 वर्कर्स, 30 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12 समूहों में 405 आंगनबाड़ी वर्कर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं तीसरे चरण के तहत 6 सितंबर से 10 सितंबर के बीच 4 ग्रुप में विभाजित 136 आंगनबाड़ी वर्कर को ट्रेनिंग दी जाएगी।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**सोहना।** सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बातें कर रहे पिता-पुत्र को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में लगी चोटों के कारण पुत्र ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर के वार्ड-12 की नट कॉलोनी निवासी साजिद ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह और उसका बेटा शहर की चुंगी नंबर एक पर किसी काम से गए थे। वे दोनों सड़क किनारे बातें कर रहे थे। उसी समय सोहना की तरफ से आए बाइक सवार ने दोनों को टक्कर मार दी। सोहेल को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। वहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। सोहेल को नूंह के नल्लड़ अस्पताल में ले जा रहे थे, लेकिन सोहेल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। सिटी थाना पुलिस साजिद की शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी अज्ञात बाइक सवार की पहचान करने में जुट गई।

# शिक्षक समुदाय का अभिनंदन करेगा क्यूमैथ

## शीर्ष तीन शिक्षकों को मिलेगी मारुति सुजुकी बलेनो कार, जबकि 141 शिक्षकों को मिलेंगे आकर्षक तोहफे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**मैथ्स** और कोडिंग के लाइव क्लास प्रोग्राम के लिए विख्यात क्यूमैथ ने संस्थान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन शिक्षकों को मारुति सुजुकी बलेनो कार तोहफे के तौर पर देने का निर्णय लिया है। यह सम्मान पाने वाली शिक्षिकाओं में शिक्षिका शालिनी श्रीवास्तव, शिक्षिका यास्मिन बानू और शिक्षिका मंजू चंडक का नाम शामिल है। ये शिक्षिकाएं गाजियाबाद, त्रिची और पुणे ब्रांच में कार्यरत हैं। कंपनी ने यह कदम शिक्षकों के प्रति उनके सम्मान को अभिव्यक्त करने के मकसद से उठाया है।

मनन खुर्मा (फाउंडर एंड सीईओ, क्यूमैथ) ने कहा, हम क्यूमैथ पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 3 शिक्षकों को दिल से बधाई देते हैं। शिक्षक और छात्र क्यूमैथ समुदाय के दो सबसे ज्यादा प्रासंगिक स्तंभ हैं। हम सदैव उनके कठिन परिश्रम को महत्व देते हैं। हमें उनकी उपलब्धियों में असीम गर्व की अनुभूति होती है। हमारे शिक्षकों ने महामारी के दौरान भी डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल रोमांचक, व्यक्तिगत और निरंतर सीखने के लिए किया। शिक्षकों ने छात्रों को व्यस्त रखने के लिए नए और अभिनव तरीके इजाद किए और वास्तविक जीवन दुनिया के अप्रयोगों से सीखने के सत्र को वास्तविक बनाए रखा। यह पुरस्कार उनकी उपलब्धियों और प्रयासों के लिए प्रशंसा का एक छोटा सा प्रयास भर है।

शिक्षिका शालिनी श्रीवास्तव करीब 10 हजार ट्यूटर्स में से एक हैं, जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान शिक्षण के तरीके को नए तरह से परिभाषित करने का प्रयास किया। संस्थान से मिले सम्मान खुशी जाहिर करते हुए शालिनी ने क्यूमैथ के साथ अपने सफर के अनुभव पर कहा, 'जब मेरी बेटी हुई तो मैंने अपने 13 साल के टीचिंग करियर में एक ब्रेक लिया। जल्द ही पांच साल बीत गए। इस बीच, मैं गाजियाबाद में अपनी बेटी के लिए गणित की एक क्लास की तलाश में थी। यही वह मौका था, जब मुझे क्यूमैथ से जुड़ने का मौका मिला। इसके पाठ्यक्रम ने मेरे मन में एक बार फिर अपना करियर शुरू करने की उत्सुकता पैदा की। तब मैंने 2018 में यह प्लेटफार्म जॉइन किया। एक ही महीने में 28 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया। मुझे क्यूमैथ में लगातार दो सालों तक हॉल ऑफ फेम में शामिल किया। मैं आभारी हूं। उन्होंने बताया, क्यूमैथ की सफलता का पहला कारण उसका पाठ्यक्रम है। यह इस तरह से डिजाइन किया गया है कि न केवल छात्र बल्कि उनके अभिभावकों को भी रुचिपूर्ण लगता है। करीब आधे से ज्यादा छात्र ऐसे हैं, जो मेरे साथ पिछले 3 सालों (2018) से जुड़े हुए हैं। मगर, ध्यान देने वाली बात वह विश्वास है, जो अभिभावकों ने क्यूमैथ पर जताया है।

छात्रों के गणित को लेकर घबराने और डरने के व्यवहार में बदलाव को लेकर शालिनी ने कहा, छात्रों के गणित के प्रति नजरिए में क्यूमैथ से जुड़ जाने के बाद पूरी तरह से बदलाव आया है।

# पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये बिना मशीन से होगा दाह संस्कार

कविता। फरीदाबाद





**सुप्रीम** कोट में 2016 की जजमेंट 'क्रिमिनेशन के नियमों में बदलाव' और 'कोरोना काल में शवों का श्मशानघाट की पार्किंग में अंतिम संस्कार' से पर्यावरण के नुकसान को देखते हुए एनएच-तीन स्थित स्वर्ग आश्रम में एक ऐसी मशीन लगवाई गई है। इस मशीन का उद्घाटन नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वैशाली ने किया।

इस मौके पर मशीन डोनेट करने वाले डेलटन केबल कम्पनी के एमडी विवेक गुप्ता और उन्हें इसके लिए प्रेरित करने वाले हरियाणा ईएसआई डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अखिल महाजन के अलावा पार्षद मनोज नासवा और डीआई खान सेवा समिति की टीम के सदस्य उपस्थिति रहे। डॉ. महाजन ने बताया कि इस मशीन को यंग इंजीनियरों ने बनाया है।

## होगा पर्यावरण संरक्षण

**डॉ. अखिल** महाजन ने बताया कि यह मशीन सुप्रीम कोर्ट की 2016 जजमेंट क्रीमिनेशन के नियमों में बदलाव का प्रमुख उदाहरण साबित होगी। दाह संस्कार में आमतौर पर चार क्विंटल लकड़ी लगती थी, लेकिन इस मशीन में दो क्विंटल लकड़ी इस्तेमाल होगी। लकड़ी कम होने से पर्यावरण को नुकसान कम होगा। वहीं दूसरी तरफ यह मशीन मुवेबल है। इस श्मशानघाट में मात्र 12 शेड हैं, कोरोना काल में यहां अंतिम संस्कार पार्किंग में भी किया गया, लेकिन इस मुवेबल मशीन से समय पर शवों का दाह संस्कार हो सकेगा।

## ऐसे मंगवाई मशीन

**डेलटन** केबल के एमडी विवेक गुप्ता ने बताया कि यह मशीन पंजाब के रोपड़ जिले में मौजूद चिमा लिमिटेड कम्पनी द्वारा तैयार की गई है। कंपनी के चेयरमैन चिमा जी से उनकी बात हो रही थी। जिस पर उन्होंने इस मशीन के बारे में बताया। इसलिए उन्होंने हरियाणा में इस मशीन को लगवाने की मांग की, तो उन्होंने फरीदाबाद को पहली मशीन उपलब्ध करवा दी।

## जताया आभार

**नगर** निगम की अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वैशाली ने इस मशीन को यहां लगवाने का सफल प्रयास करने वाले डॉ. अखिल महाजन और विवेक गुप्ता का काफी आभार जताया। उन्होंने मशीन के बारे में जानकारी लेकर कहा कि यह पर्यावरण के नुकसान को कम करेंगी और कोरोना काल में उपयोगी साबित होगी।

## अतिरिक्त आयुक्त से की मांग

**एनएच-तीन** स्थित स्वर्ग आश्रम में शव दाह मशीन का उद्घाटन करने पहुंचीं नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वैशाली का स्वागत करते हुए डीआई खान सेवा समिति के सदस्यों और पार्षद मनोज नासवा ने कुछ मांगें रखीं। उन्होंने श्मशान घाट में संसाधनों की कमी को उजागर किया और कहा कि यहां साफ-सफाई के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था और हाईमास्क लाइट लगवाने की व्यवस्था करने का निवेदन किया। जिस पर डॉ. वैशाली ने उन्हें इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

# डायल 112 की टीम ने बच्चे को पहुंचाया घर

**फरीदाबाद।** डायल 112 की टीम को 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे की लावारिस अवस्था में बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर घूमने की सूचना मिली जिसपर तुरंत कार्रवाई करते 112 ईआरवी गाड़ी बस स्टैंड पहुंचीं लड़के से नाम पता पूछा तो लड़का ने बताया कि उसके पिता शराब का नशा करते हैं और शराब पीकर घर में लड़ाई-झगड़ा करते है। किशोर गुरुग्राम से परसो साइकिल से अपनी बुआ के घर फरीदाबाद के लिए निकला था। पुलिस टीम ने बच्चे से उसकी बुआ के घर का पता पूछा तो उसने बताया कि वह रास्ता जानता है स्थान का नाम नहीं जानता है। पुलिस टीम ने किसी तरह फोन से सम्पर्क कर उसकी बुआ से उसके घर का पता पूछकर लड़के को उसके घर पहुंचाया। बुआ ने पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया।

# संक्षिप्त समाचार

## जिले में 2925 लोगों को लगा टीका



**फरीदाबाद।** जिले में जहां एक तरफ वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ वैक्सीन के कम सेंटर लोगों की परेशानी का एक बड़ा कारण बन रहे हैं। ऐसे में जिले में बृहस्पतिवार को मात्र 2925 लोगों को ही कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाई गई। जिसमें 19 में से 13 निजी सेंटरों पर मात्र 1399 लोगों को वैक्सीन लगी। बाकि ने बीके अस्पताल समेत विभिन्न केन्द्रों पर वैक्सीन लगवाई। वैक्सीनेशन सेंटर कम होने के कारण बीके अस्पताल में लम्बी लाइन में प्रथम डोज को हजारों की संख्या में भीड़ नजर आई। जिसमें 8 हेल्थ केयर वर्कर, 82 फ्रंट लाइन वर्करों के अलावा 18 प्लस आयुवर्ग में 2264 और 45 प्लस आयुवर्ग में 581 लोगों ने वैक्सीन लगवाई।

## नव पदोन्नत अधिकारी का किया स्वागत



**फरीदाबाद।** जिला कार्यकारिणी हसला फरीदाबाद जिला प्रधान संदीप चौहान के नेतृत्व में नव पदोन्नत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्प भेंट किए। संदीप चौहान ने मुनेश के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद के ज्वॉइन करने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बताया कि रिक्त पद पर उनके आ जाने से कर्मचारियों की समस्याओं को समाधान होगा और तेज गति से कामों को निपटाया जा सकेगा। मुनेश एक कुशल अधिकारी हैं और खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद के रूप में उनका कार्य सराहनीय रहा था। मुनेश चौधरी ने भी सभी प्राध्यापको को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी अध्यापक केवल विद्यालय में पढ़ाने पर ध्यान दें। हसला कार्यकारिणी ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि सभी अध्यापक शिक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित हैं। हसला प्रधान संदीप चौहान, पूर्व हसला प्रधान शिव कल्याण दलाल, राज्य सचिव राजेश, राज्य कार्यकारिणी से रिंकू, महासचिव सोनिया, वरिष्ठ सलाहकार पवन गुप्ता, जगनमोहन व विनोद राठी, उप प्रधान श्वेता, ज्ञानचंद व उमा गुप्ता, संगठन सचिव ज्योति, स्पोक्स पर्सन बृजेश व अन्य प्रवक्ता पुष्पा हुड्डा, मुकेश, रेणु, ममता गोयल, नीलू जोरा, संगीता भी उपस्थित थे।

## मुफ्त में कानूनी सहायता के लिए ऐप लांच



**फरीदाबाद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण गूगल प्ले स्टोर पर नालसा लीगल सर्विस मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। जिसकी मदद से जरूरतमंद व्यक्तियों को कानूनी सहायता का लाभ प्रदान किया जा सकेगा। इस ऐप के जरिए कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि यह एक बहुत ही सरल तरीके से बनाया गया है। जिसमें घर बैठे आसानी से पता लग सकता है कि कौन जरूरतमंद व्यक्ति कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

## कॉलेज स्टूडेंट्स ने उत्साह से लगवाई पहली व दूसरी डोज



**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टॉफ सदस्यों के लिए करोना वैक्सीन ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं, उनके परिजनों एवं स्टॉफ सदस्यों सहित आस पास के 500 लोंगो को कोविडशील्ड वैक्सीन की पहली एवं दूसरी डोज दी गई। जिसमें 425 लोगों को प्रथम एवं 75 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। ईएसआई सेक्टर-8 फरीदाबाद से आई डॉक्टरों की टीम के द्वारा वैक्सीन लगाई गई। प्राचार्य डा. सुनिधि ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षाएं एवं दाखिला प्रक्रिया शुरू होने चलते दिनो दिन भीड़ बढ़ती जा रही है। जिन स्टॉफ सदस्यों एवं छात्राओं को अभी तक प्रथम डोज लेने का अवसर नहीं मिला था। उनके लिए कैंप का आयोजन किया गया। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। ईएसआई सेक्टर-8 की डा. शालिनी ने बताया कि कोरोना वैक्सीन इम्युनिटी बूस्टर का काम करती है। इसलिए सभी को बिना किसी डर के करोना वैक्सीन जल्द से जल्द लगवानी चाहिए। एनएसएस इंचार्ज डा. रचना सैनी ने बताया कि कैंप में 337 छात्राओं, 24 स्टॉफ सदस्यों सहित 139 अन्य लोगों को वैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाई है। वरिष्ठ प्राध्यापिका रीतिका गुप्ता, अर्चना वर्मा, सतविंद्र कौर, डॉ. सुशील वर्मा, डॉ. दिनेश जून, डॉ. रमन कुमार, डॉ. रामनिवास आदि एनएसएस वालेंटियर मौजूद रहे ।

## लड़की की हत्या में मुख्य आरोपी का चाचा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने मृतका किरण की हत्या के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मुस्ताक पुत्र जुम्मा निवासी गांव नौझील जिला मथुरा यूपी के रूप में हुई है। बता दें कि इस मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी इसताक अली, हमीद, और अरबाज ने सारन थाना एरिया से गुमशुदा लड़की की हत्या कर उसके शव को आगरा नहर में चंदावली के पास 29, 30 जून की रात को फेंक दिया था। जिस पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले को पुलिस पहले ही सुलझा चुकी है जिसमें मुख्य आरोपी इसताक अली, अरबाज और हमीद सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अब क्राइम ब्रांच की टीम ने मुख्य आरोपी इसताक के चाचा को भी गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के चाचा ने मृतका किरण की जबरदस्ती शादी अपने भतीजे इसताक के साथ कराने की भूमिका निभाई थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

# पुलिस की मुस्तैदी से सड़क दुर्घटना के मामलों में आ रही कमी

### ट्रैफिक पुलिस ने एक जनवरी से 23 अगस्त 2021 तक 61821 वाहनों के काटे चालान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाने का सराहनीय कार्य किया है। बता दें कि पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने यातायात पुलिस को सभी तीनों जोनों में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिह्नित करने के निर्देश दिए थे।

दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिह्नित कर ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद ने वहां पर आवश्यक यातायात बल तैनात कर चालान किए, लोगों को जागरूक किया, अलर्ट सिंबल्स लगाए गए, जिनके कारण सड़क दुर्घटना के मामलों में भारी कमी दर्ज की गई है। अगर बात की जाए चालान की तो ट्रैफिक पुलिस ने इस वर्ष पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा चालान किए हैं इस वर्ष एक जनवरी 2021 से 23 अगस्त 2021 के बीच ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले 61821 वाहन चालकों के चालान काटे गए है।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर यातायात ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर सभी जोनों के दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों को चिह्नित कर सभी स्थानों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां बढ़ा दी गई हैं और रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है जिसके चलते सड़क दुर्घटना के मामलों में भारी कमी आई हैं। पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार एक्सीडेंटल प्रोन जॉन, जॉन वाइज, आईटी एक्सपर्ट की सहायता से चिन्हित किए गए है जो कि एनआईटी जॉन में छह स्थानों, बल्लभगढ़ जॉन में तीन स्थानों और सेंट्रल जॉन में चार स्थानों को चिह्नत किया गया है।

इस समय अवधि के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने मुख्यत: रॉन्ग साइड के सबसे ज्यादा 12480, बिना हेलमेट यात्रा करने वालों के 7731, ओवरस्पीडिंग के 9633, सीट बेल्ट के 4062, प्रदूषण के 1244, बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसर के 281 चालान शामिल है। इसके साथ ही एक्सपायर 64 वाहनों को जप्त भी किया गया है।

पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने नवीनतम आंकड़ों को मद्देनजर रखते हुए कहा कि गलत दिशा में गाड़ी चलाने वालों की संख्या सबसे अधिक है जिसकी वजह से सबसे ज्यादा दुर्घटना घटित होती हैं तथा ट्रैफिक जाम की समस्या भी पैदा हो जाती है। इसके पश्चात बिना हेलमेट और सीट बेल्ट यात्रा करने की वजह से दुर्घटना होने पर बचाव की संभावना बहुत कम रहती है। बुलेट के साइलेंसर को मॉडिफाई करवाने का शौक रखने वाले मनचलों को यह ज्ञात होना चाहिए कि उनके बुलेट के पटाखों की वजह से पर्यावरण को भी काफी नुकसान होता है और साथ में लोगों के कानों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है।

### नियमों को ताक पर रख निकलते हैं लोग

**यातायात** नियम, नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं ताकि लोग उनका पालन करके अपने साथ-साथ अपने परिजनों को भी सड़क दुर्घटना से सुरक्षित रख सकें परंतु कुछ लोग लापरवाही का शिकार होकर इन नियमों को ताक पर रखते हुए सड़कों पर निकल जाते हैं। जिसकी वजह से किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर यात्रा करता है तो वह अपने साथ-साथ दूसरों की जिंदगी को भी बचा कर रखता है।

# बाजारों में सुविधाओं की कमी को लेकर निगमायुक्त से मिले व्यापारी



**फरीदाबाद।** एनआईटी क्षेत्र के बाजारों में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर हरियाणा व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान राम जुनेजा के नेतृत्व में नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव से मिला और उन्हें अपनी समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रधान प्रेम खट्टर, देवेंद्र रतड़ा तिकोना पार्क प्रधान, सागर दुआ बाटा चौक प्रधान, हरीकिशन वर्मा प्रधान दो नंबर आदि मौजूद थे।

प्रधान राम जुनेजा ने निगमायुक्त को बताया कि त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है और कोरोना महामारी से जूझ रहे दुकानदारों को त्योहारी मौसम में अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने की आस बंधी है। उन्होंने कहा कि एनआईटी क्षेत्र के बाजारों का हालत इतना बुरा है कि सडकों पर व्याप्त गड्ढे व जलभराव के चलते लोगों का आवागमन बाधित हो रहा हैए जिससे ग्राहक दुकानों पर आने से कतराता है इसलिए जब तक नई सड़कें न बने तब तक इस जर्जर सड़कों में बने गड्ढों को रिपेयर करके भरवाया जाए। जिससे कि लोग खरीदारी करने बाजार आ सके। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में लगी अधिकतर स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से खराब है। जिसके चलते शाम ढलते ही अंधेरा हो जाता है और लोगों का आवागमन कम हो जाता है वहीं असामाजिक तत्व अंधेरे का फायदा उठाकर अपराध को अंजाम दे सकते है इसलिए बाजारों में लगी सभी स्ट्रीट लाइटों को रिपेयरिंग करवाकर ठीक करवाया जाए। इसके अलावा शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी बेहतर करवाई जाए, जिससे कि बाजारों में आने में लोगों को परेशानी न हो। इसके अलावा व्यापारियों ने निगमायुक्त को एक बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपनी प्रापर्टी का नो ड्यूज लेने जाता है तो उससे रजिस्ट्री की कॉपी, एफिडेविट अथवा एक गवाह बुलाने को कहा जाता हैए जबकि इस प्रापर्टी पर हाऊस टैक्स भरा हुआ है कोई ड्यूज नहीं है, इसके बावजूद इस प्रकार की प्रक्रिया लगाना लोगों के लिए परेशानी का सबब है। पवन भाटिया, विनोद आहुजा, एस ग्रोवर, हरीश बत्रा, रवि तेजा आदि व्यापारीगण मौजूद थे।

# कोरोना: 1 पाजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 99821



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में बुधवार को कोरोना वायरस का एक पॉजिटिव मामला सामने आया है। जबकि एक अच्छी बात यह भी है कि कोविड संक्रमण के दो मरीज ठीक होकर अपने घर में भी गए हैं। वहीं बुधवार को जिले में रिकवरी रेट भी 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में अब तक 967485 लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 967412 हो गई है। जिले में 99821 कोराना पॉजिटिव लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है। फिलहाल जिले में कोरोना का एक पोजिटिव केस अस्पताल में दाखिल है। जिले में नौ एक्टिव केस ही बचे हैं। जिसमें होम आईसोलेशन पर आठ मरीज हैं। जिले में पिछले 24 घंटे में 2151 लोगों के टेस्ट किए गए।

### ये है आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 1063286 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99821 |
| अब तक नेगेटिव | : 962518 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 947 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99096 |

# आरडब्लूए 46 की मेहनत रंग लाई, हुड्डा को कोर्ट की अवमानना का नोटिस

**फरीदाबाद।** हुड्डा द्वारा रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-46 के प्लांट धारकों को शो कॉस नोटिस जारी करने के मामले में पंजाब एण्ड हरियाणा हाईकोर्ट ने हुडडा को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया है और साथ ही साथ शो कॉस नोटिस का संज्ञान लेते हुए आदेश पारित किया है कि इस नोटिस पर कारवाई नहीं की जाएगी। हाईकोर्ट के इस आदेश पर खुशी जताते हुए सेक्टर-46 आरडब्लूए के महासचिव आरके पंत ने कहा कि कोर्ट के इस फैसले का वह स्वागत करते है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को हुड्डा ने आरडब्लूए सेक्टर-46 के प्लाट धारकों को शो कॉस नोटिस जारी किया था जिसमें कहा था कि आप इनहासमेंट की संपूर्ण राशि और 10 प्रतिशत दंड के साथ 30 दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा हुड्डा एक्ट 1977 सेक्शन-17(1) के अन्तर्गत आपके खिलाफ कारवाई की जाएगी।

# कर्मचारियों की दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल समाप्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर पिछले दो दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को जूस पिलाकर देर सायं हड़ताल से उठाया।

नगर निगम फरीदाबाद के 51 कर्मचारी बुधवार को भी सुबह 9 बजे से नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर भूख हड़ताल पर बैठे थे। कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान गुरचरण खाडिया की अध्यक्षता में विरोध सभा का भी आयोजन किया। सभा का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीनन्द ढकोलिया ने किया। इस सभा में विशेष रुप से जिला सर्व कर्मचारी संघ की जिला सचिव बलवीर सिंह बालगुहेर तथा नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला सचिव नानक चंद खैरालिया भी उपस्थित रहे।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान गुरुचरण खांडिया व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा की हरियाणा सरकार हठधर्मिता छोड़कर कर्मचारियों से किए गए वायदों को पूरा करें। खांडिया ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि सरकार कुंभकरण की नींद से जागें ओर कर्मचारियों की मांगों पर बैठकर बातचीत कर समाधान करें। अन्यथा प्रदेश के पालिकाओं, परिषदो एवं नगर निगमों के कर्मचारी 27 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल करेंगें और 12 सितम्बर को करनाल स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेंगे।

भूख हड़ताल में कर्मी नेता सोमपाल झिझोटिया, जितेन्द्र छाबडा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के फरीदाबाद ब्लॉक के नेता दर्शन सिंह सोया, रघुवीर चौटाला, विजय चावला, मनोज बालगुहेर, मुकेश बेनीवाल, सुरेश, रविन्दर टांक, खजान, आजाद कजानिया, सत्तो देवी, शकुन्तला, विनोद उज्जीनवाल, ललित चिंडालिया, नरेंद्र, सुरेश, गिर्राज आदि के अलावा 51 कर्मचारियों ने भाग लिया।

# निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार कार्य करें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिस भी अधिकारी को जो काम मिला है, उसे गंभीरता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के किसी भी निर्देश को नजरअंदाज नहीं करना है। निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार जिसे जो जिम्मेदारी मिली है उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव बुधवार को यह दिशा निर्देश स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में चुनाव विभाग द्वारा आयोजित मतदाता सूचियों के विशेष पुनर्निरीक्षण 2022 की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एक जनवरी 2022 को आधार तिथि मानकर आगामी एक नवम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और अन्तिम प्रकाशन आगामी वर्ष की पांच जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए आगामी 31अक्टूबर को जिला के सभी बीएलओ द्वारा बूथों पर प्रोपर प्रफोर्मा में वैरीफिकेशन की जाएगी। आगामी एक नवम्बर से 30 नवम्बर तक दावे और आपतियां ली जाएगी। उन्होंने बताया सभी बीएलओ द्वारा आगामी 13 व 14 नवम्बर और 27 व 28 नवम्बर शनिवार तथा रविवार के दिनों में स्पेशल कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में आगामी 20 दिसंबर को दावे तथा आपतियों का निस्तारण किया जाएगा।

उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों में बच्चों को वोट बनवाने के लिए प्रार्थना सभाओं में जागरूक करें। यदि किसी विद्यार्थी के घर पर कोई पात्र दिव्यांगजन है तो उसका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करें तथा एनएसएस विद्यार्थियों को आदेश दें कि वे इस बारे में उन्हें विद्यार्थियों को जागरूक करें। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सभी खंड एवं विकास पंचायत अधिकारियों के माध्यम से लोगों को वोट बनवाने के लिए गांव में बुनियादी करवाएं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तिथियों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और जन सुविधा के लिए टोल निर्वात निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 की जो कि जिला स्तर पर स्थापना की गई है। जिसमें बोट बनाने के लिए कर अपने मतदान केंद्र का पता आदि जानकारी प्राप्त कर सकता है। इस बारे कि अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। जिला रोजगार अधिकारी उनके रोजगार कार्यालय में जितने भी युवा पंजीकृत हैं। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ अपराजिता, सीटीएम पुलकित मल्होत्रा, डीडीपीओ राकेश कुमार, डीआरओ विजय कुमार, राजस्व विभाग के तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों तथा चुनाव विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा उपस्थित रहे।

# बालिका विद्यालय में पीटीएम का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच तीन में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में 25 अगस्त को ऑफलाइन पीटीएम का आयोजन किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि कोविड महामारी के कारण सभी विद्यार्थियों को विद्यालयों में नहीं बुलाया जा रहा है, रोटेशन के आधार पर बारी बारी से छात्रों को बुलाया जा रहा हैं इस के अतिरिक्त अध्यापक और प्राध्यापक बच्चों को ऑफलाइन ओर ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा दे रहे हैं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि सभी अध्यापकों, प्राध्यापकों तथा प्रधानाचार्य ने बच्चों से ऑफलाइन पी टी एम में पठन पाठन की प्रगति रिपोर्ट ली।

# भाजपा जिला में हुईं संगठनात्मक नियुक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### भाजपा जिला फरीदाबाद के प्रकोष्ठों और विभागों के नियुक्त किए गए जिला संयोजक और सह संयोजक

**भारतीय** जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, जिला उपाध्यक्ष संजीव भाटी और जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता के साथ कार्यालय पर आयोजित बैठक में भाजपा फरीदाबाद जिले में प्रकोष्ठों और विभागों के जिला संयोजकों और जिला सह संयोजकों की नियुक्तियां की गई।

विधि प्रकोष्ठ का जिला संयोजक केएल शर्मा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक विमल खंडेलवाल और जिला सह संयोजक अशोक कुमार कुकरेजा, व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक ईश्वर दयाल गोयल, जिला सह संयोजक कुलदीप सिंघल, खेल प्रकोष्ठ का जिला संयोजक वीरपाल गुर्जर, सहकारिता प्रकोष्ठ का जिला संयोजक एल आर शर्मा, जिला सह संयोजक नरेश चौहान, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक अभिषेक देशवाल, आर्थिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक डीसी गर्ग (सीए), चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक डॉक्टर दिनेश गुप्ता, पूर्वांचल प्रकोष्ठ का जिला संयोजक राकेश कुमार, जिला सह संयोजक अतुल श्रीवास्तव व विकास सिंह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक महेशचन्द अग्रवाल एडवोकेट, जिला सह संयोजक महेशचन्द अग्रवाल, सेवा संगठन का जिला संयोजक राजकुमार मामोरिया, जिला सह संयोजक चंद्रभान शर्मा, एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक हिमान्शु भट्ट, जिला सह संयोजक कमल चांदना, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बीर सिंह नैन, जिला सह संयोजक दीपक यादव व मनोज नाशवा, पंचायती राज प्रकोष्ठ का जिला संयोजक प्रहलाद बांकुरा, जिला सह संयोजक लखन बेनीवाल व गौतम पंडित को नियुक्त किया गया।

नमामि यमुना विभाग का जिला संयोजक मनोज भाटी, प्रशिक्षण विभाग का जिला संयोजक प्रवीण चौधरी, चुनाव प्रबंधन विभाग का जिला संयोजक मदन पुजारा, चुनाव आयोग संपर्क विभाग का जिला संयोजक एडवोकेट प्रहलाद शर्मा, कानून विधिक विषय विभाग का जिला संयोजक एडवोकेट संतराम शर्मा, संत व डेरा समन्वयक विभाग का जिला संयोजक शेरसिंह भाटिया, कार्यालय निर्माण विभाग का जिला संयोजक मूलचन्द मित्तल, स्वच्छता अभियान विभाग का जिला संयोजक राजकुमार छिब्बर, जिला सह संयोजक सुनील कौशिक, रजत जयसवाल व ममता श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया।

# अफ़गानिस्तान की स्थिति

## सरकार का उचित कदम

**भारत** सरकार आज वरिष्ठ नेताओं को अफगानिस्तान में बदलती स्थितियों की जानकारी देगी। तय किया गया था कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर गुरुवार को सभी राजनीतिक पार्टियों के संसदीय दल के नेताओं को अफगानिस्तान की लगातार परिवर्तनशील स्थितियों के बारे में बताएंगे। यह निर्णय स्वागत योग्य है तथा सांसदों को चीजों का पहले से अनुमान लगाने के लिए जरूरी है। इस जानकारी के दो आयाम होंगे। पहला, भारत द्वारा वहां से लोगों को निकालने के प्रयास तथा दूसरा, अफगानिस्तान की आंतरिक राजनीति। निसंदेह अफगानिस्तान में बाधाओं के बावजूद वहां से लोगों को निकालने का पहला हिस्सा सुचारु रूप से चल रहा है। राजनीतिक पार्टियों को उस देश में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताया जाएगा क्योंकि भारत को निकट भविष्य में किसी दिन अचानक तालिबान सरकार को मान्यता देने पर निर्णय करना होगा। सांसदों को ऐसे निर्णय के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। वे जानना चाहेंगे कि दक्षिण और मध्य एशियाई क्षेत्र में आतंकवाद का राष्ट्रीय सुरक्षा से क्या संबंध है, अफगानिस्तान की लड़खड़ाती सरकार पर पड़ोसी देशों का क्या प्रभाव होगा तथा नई सरकार की आंतरिक व विदेश नीतियां कितने प्रगतिशील या प्रतिगामी होने जा रही हैं। नेता यह जानना चाहेंगे कि तालिबान क्या है जिसके साथ अंतत: भारत को व्यवहार करना होगा। उसे इस संगठन



के संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व से संबंध रखना होगा अथवा देश के ग्रामीण व सीमान्त क्षेत्रों में शासन करने वाले लड़ाकुओं से निपटना होगा। मित्रतापूर्ण पश्चिम एशियाई देशों में समय बिताने के बाद अब तालिबान नेताओं ने सार्वजनिक संबंधों की आवश्यकता समझ ली है, लेकिन उनके जमीनी कार्यकर्ताओं की स्थिति अलग है। इन्हीं कार्यकर्ताओं से सामान्य अफगानियों या दूतावासों के कर्मचारियों और यात्रियों को रोज निपटना होगा।

तालिबानों ने स्वयं को सभ्य दिखाने का पहला प्रयास किया है, लेकिन उसके इच्छित नतीजे नहीं निकले हैं। दुनिया ने देखा है कि अपने बयानों में उन्होंने महिलाओं को इस्लामी कानूनों के ढांचे में काम करने की इजाजत की बात कही है। लेकिन वे लगातार वैश्विक वैधता पाने की इच्छा के बावजूद कट्टरपंथी, यहां तक कि प्रतिगामी धार्मिक कानूनों में विश्वास करते हैं। इस समूह के साथ समस्या यह है कि दृश्यमान नेतृत्व के लिए संवेदनशीलता प्राप्त करने के बावजूद उनके जमीनी स्तर के लड़ाकू तय करेंगे कि देश कैसे चलाया जाए। क्या तालिबानों का अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय समुदाय को और रियायतें देगा। इसमें अफगानिस्तान के आतंकी समूहों से दूरी बनाए रखना, अमेरिका का समर्थन करने वाले अफगानों को माफी, कामगार महिलाओं को संरक्षण, विदेशी दूतावास अधिकारियों को आवागमन की स्वतंत्रता, आदि शामिल हैं। क्या जमीनी स्तर के तालिबान लड़ाकू इन स्थितियों को सहन करने के लिए तैयार हैं? उदाहरण के लिए, क्या तालिबान लोकतंत्र में अपना विश्वास दिखाने के लिए देश में नियमित चुनाव कराने के इच्छुक होंगे? क्या वे सामान्य अफगानियों को कट्टरता छोड़ने तथा वे सामाजिक स्वतंत्रतायें प्राप्त करने देंगे जो उनको पिछले दो दशकों में मिली हैं? तालिबान को अभी अपनी पसंद के प्रशासन के बारे में प्रमाण देने हैं। अतीत में वे अपनी कुख्यात क्रूरता के लिए जाने जाते थे और क्या अब मध्यमार्गी चेहरे वाली तानाशाही धार्मिक सरकार बनेगी। तालिबानों को अभी स्वयं को एक सुसंगठित समूह के रूप में पेश करना है जिसे सत्ता में बने रहने का दूसरा मौका दिया जाए, जबकि उसने बड़ी आसानी से ताकत के बल पर इस सत्ता पर कब्जा किया है।

# कल्याण सिंह की स्मृतियां

सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में राम जन्मभूमि मामले में जो समाधान दिया, कल्याण सिंह उस पर काम करते हुए विभिन्न पक्षों को समझाने का प्रयास कर रहे थे।



**अनिल स्वरूप**
(लेखक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं)



अपनी पुस्तक 'नाट जस्ट अ सिविल सर्वेन्ट' में बाबरी मस्जिद संबंधी अध्याय 'व्हेन इट आल केम क्रैशिंग डाउन' अध्याय लिखते समय मुझे एक द्वंद्व का सामना करना पड़ा। कल्याण सिंह को इस विध्वंस का 'असली दोषी' माना जाता था, पर मुझे मामले की सीधी जानकारी थी कि विध्वंस वाले दिन वास्तव में क्या हुआ था। मैं सोच रहा था कि पाठकों के साथ इसका साझा किया जाए या नहीं। मैंने जो कुछ लिखा उसमें कुछ अवैध नहीं था, लेकिन द्वंद्व इस कारण था कि मैंने कुछ नतीजे निजी बातचीत के आधार पर निकाले थे और जनता के समक्ष कुछ तथ्य लाने के लिए इन निजी बातचीत को सार्वजनिक करना उचित था या नहीं। बाबरी मस्जिद हिंदुओं और मुसलमानों के बीच उन्नीसवीं शताब्दी से ही विवाद का कारण थी।

हालांकि, विवादित ढांचे का निर्माण शायद 1520-29 ईस्वी में मुगल बादशाह बाबर के आदेश पर मीर बाकी ने कराया था। मस्जिद 'रामकोट' नामक पहाड़ी पर स्थित थी। हिंदुओं का विश्वास था कि बाकी ने उस स्थल पर पहले से विद्यमान भगवान राम का मंदिर नष्ट किया था। उनका यह भी विश्वास था कि भगवान राम का जन्म उसी स्थान पर हुआ था। यह विश्वास सवाई जय सिंह के दस्तावेजों से पैदा हुआ था। वास्तव में जयपुर के सिटी पैलेस संग्रहालय में कपड़-द्वार संग्रह में बाबरी मस्जिद स्थल का एक स्केच मैप है। इस मानचित्र में एक खुले आंगन तथा निर्मित ढांचे का चित्रण है जो तीन गुंबदों वाली बाबरी मस्जिद के समान है। इस आंगन को 'जन्मस्थान' कहा गया है तथा एक 'राम चबूतरा' भी है।

1853 में हिंदू संतों के एक समूह ने इस स्थल पर कब्जा कर लिया तथा ढांचे पर अपने स्वामित्व का दावा किया। 1855 में हिंदू-मुस्लिम टकराव के बाद और विवादों से बचने के लिए एक दीवाल बना दी गई। इसके बाद मुस्लिम भीतरी आंगन में नमाज पढ़ते थे और हिंदू चबूतरे पर पूजा करते थे।

1877 में यह विवाद एक कानूनी विवाद में बदल गया। ढांचे के संरक्षक सैयद मुहम्मद असगर ने फैजाबाद कमिश्नर को याचिका देकर प्रार्थना की कि हिंदुओं को उस स्थान पर जाने से रोका जाए जहां उन्होंने एक चबूतरा बना लिया है और उसे वे भगवान राम का जन्मस्थान मानते हैं। दिसंबर, 1949 में अखिल भारतीय रामायण महासभा ने मस्जिद के ठीक बाहर नौ-दिवसीय रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया था। 23 दिसंबर, 1949 को कार्यक्रम के आयोजकों ने घोषणा की कि चमत्कारिक रूप से भगवान राम व माता सीता की मूर्तियां मंदिर में प्रकट हुई हैं और हिंदू उनके दर्शन के लिए आएं। मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने मस्जिद को विवादित क्षेत्र घोषित कर उसके फाटकों पर ताले लगवा दिए।

वर्ष 1986 में फाटकों के ताले खुलवा कर सभी हिंदुओं की इस स्थल तक पहुंच सुनिश्चित की गई। इसके बाद इस स्थल पर भगवान राम का मंदिर बनाने के लिए व्यापक अभियान छेड़ा गया। इस पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की सरकार बनी और मुझे सूचना एवं सार्वजनिक संबंधों का निदेशक नियुक्त किया गया। कल्याण सिंह ने अपना काम पूरी ईमानदारी से करना शुरू किया। उनको निश्चित रूप से राम मंदिर मुद्दे की चिन्ता थी, पर पद संभालने के बाद उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि उनका इरादा ईमानदार और सोद्देश्य प्रशासन देना है। उन्होंने इस प्रकार संदेश दिया कि वे ईमानदारी से काम करना चाहते हैं। उनका दृष्टिकोण मंदिर के बहुत आगे तक जाता था। उनका लक्ष्य एक नया व जीवन्त उत्तर प्रदेश बनाना था। उनके निर्देश पर जिला मजिस्ट्रेटों व विभागीय सचिवों जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए ईमानदार पहचान वाले अधिकारियों की एक सूची बनाई गई। उन्होंने स्कूल परीक्षाओं में व्यापक नकल जैसी सामाजिक बुराइयों पर लगाम लगाने का प्रयास किया। कैबिनेट बैठकें घंटों चलती थीं और उनमें अंतिम निर्णय लेने से पहले विभिन्न मुद्दों पर नीतियों की गंभीर चर्चा होती थी। उनके सचिवालय में संजय अग्रवाल व अनन्त कुमार सिंह जैसे अत्यधिक प्रतिभाशाली अधिकारी थे जो बाद में भारत सरकार में सचिव बने।

कल्याण सिंह अपने उद्देश्य प्राप्त करने के अथक प्रयास कर रहे थे। जनता को सेवायें देने तथा सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति के मामले में जमीनी स्तर पर स्पष्ट सुधार के प्रमाण थे। इन अधिकारियों को ऐसे राज्य में सुनिश्चित कार्यकाल की गारंटी दी गई थी जो 'ट्रांसफर उद्योग' के लिए बदनाम हो गया था। इससे नीतियों के क्रियान्वयन में बहुत सहायता मिली। कल्याण सिंह अयोध्या में विशाल राम मंदिर निर्माण के लिए शांतिपूर्ण व सद्भावनापूर्ण सहमति बनाने की दिशा में काम कर रहे थे। इस दिशा में कुछ विकल्प भी सामने आए थे। इनमें से विकल्प स्थल के निकट नई मस्जिद का निर्माण भी था। उन्होंने मिस्र में आसवान बांध निर्माण के समय मस्जिदों के स्थानान्तरण का उदाहरण भी दिया था। धीरे-धीरे इस विचार को स्वीकृति भी मिल रही थी। उन्होंने सभी पक्षों से गहन वार्ता भी की थी। लेकिन वे इस मुद्दे पर आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के पक्ष में नहीं थे, जबकि कुछ दक्षिणपंथी धार्मिक संगठन यही चाहते थे। मजेदार बात है कि 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से वही समाधान उभरा जिसके लिए कल्याण सिंह लगातार काम कर रहे थे। वे विभिन्न पक्षों को इस समाधान के लिए मना रहे थे। लेकिन 6 दिसंबर, 1992 को जो हुआ उससे उनको भी झटका लगा। कुछ लोगों को विश्वास है कि इस विध्वंस के पीछे कल्याण सिंह की मुख्य भूमिका थी, पर वे यह तथ्य अनदेखा करते हैं कि उनका विधानसभा में पूर्ण बहुमत था। ऐसे में वे मस्जिद विध्वंस के बाद अपनी सरकार क्यों गिराना चाहते? उनको निश्चित रूप से विध्वंस के नतीजे की जानकारी थी। केन्द्रीय नेतृत्व के साथ बार-बार कहा था कि वे उस स्थल पर कारसेवकों को एकत्र करने के पक्ष में नहीं हैं।

6 दिसंबर को यह तथ्य उनकी राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत से टेलीफोन वार्ता से स्पष्ट हो गया। मैं इस फोन वार्ता मे समय वहीं उपस्थित था। कल्याण सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे ऐसे आयोजन के खिलाफ थे, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई और किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस आयोजन के खिलाफ उनकी राजय किसी दुर्घटना की आशंका से नहीं थी, बल्कि वे ऐसे आयोजनों से अनावश्यक रूप से ध्यान नहीं भटकाना चाहते थे। उनको एक प्रकार से विश्वास था कि ढांचे का इस तरह विध्वंस नहीं होगा, जैसा हुआ था। उन्होंने जुलाई में भी आयोजन का विरोध किया था, लेकिन सौभाग्य से उस समय ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी। अक्सर एक दूसरा तर्क भी दिया जाता है कि उन्होंने केन्द्रीय बलों को स्थिति से निपटने क्यों नहीं दिया जो निकट ही तैनात थे?

यह एक तथ्य है कि कल्याण सिंह ने केन्द्रीय बलों को स्थल पर भेजने या उनकी सहायता लेने से इनकार कर दिया था। लेकिन इससे स्वत: ही यह तथ्य सिद्ध नहीं हो जाता है कि उन्होंने केन्द्रीय बलों को इसलिए नहीं भेजा क्योंकि वे ढांचे का विध्वसं चाहते थे। ऐसी ही स्थिति जुलाई में भी पैदा हुई थी, लेकिन तब शांति बनी रही थी। कल्याण सिंह का विश्वास था कि जुलाई की तरह ही कारसेवक पूजा करने के बाद वापस चले जाएंगे और मस्जिद को कोई नुकसान नहीं होगा। लेकिन इस बार उनका आंकलन गलत सिद्ध हुआ। विवादित ढांचा ध्वस्त हो गया और इसके साथ ही उनकी सरकार भी गिर गई।

# अमेरिकी सैनिकों की वापसी के निहितार्थ

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एवं पूर्व उपराज्यपाल हैं)



300,000 प्रशिक्षित और अच्छी तरह से सुसज्जित अफगान सैनिकों की संख्या, 75,000 तालिबानियों के एक रैगटैग मिलिशिया के खिलाफ, अफगान सेना के निपटान में पर्याप्त वायुशक्ति के अतिरिक्त तत्व के साथ बंधे हैं। अपमान में रगड़ने के लिए, यहां तक कि अनिवार्य रूप से अनजान जो बिडेन ने टिप्पणी की : "अफगान सेना ने कभी-कभी लड़ने की कोशिश किए बिना हार मान ली।" हालांकि, अफगान सैनिकों पर अस्पष्ट टिप्पणी सच है, हालांकि, वाशिंगटन डीसी में स्पिन डॉक्टरों ने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना के प्रदर्शन की बहुप्रतीक्षित आलोचना को एक प्रेरक मिलिशिया के खिलाफ सफलतापूर्वक किया है – 2 ट्रिलियन डॉलर बिल के बावजूद, लगभग 2500 अमेरिकी सैनिक बॉडी बैग में लौट रहे हैं, और सभी प्रकार के सैन्य साधनों, हवाई कवर और अचूक सैन्य आचरण के लिए अभूतपूर्व पहुंच। जब तालिबान के तहत अफगानिस्तान पर शोर और धूल जम जाती है, तो अमेरिकी सैनिक के प्रदर्शन और मानस पर गंभीर सवाल अजीब तरह से अपरिहार्य और शर्मनाक होंगे, जैसा कि अफगान सेना के सैनिक के लिए हुआ है।

पहले वियतनाम या आज अफगानिस्तान की वास्तविक वास्तविकता पर ध्यान न दें (जैसा कि, वास्तव में, बीच में कई विफलताएं), रचनात्मक रूप से सकारात्मकता, दिल और सर्वोत्कृष्ट अमेरिकी रैम्बो का नैतिक उद्देश्य लोकप्रिय कल्पना पर हावी है। यह निर्मित रील-लाइफ कहानियां उस कहानी को बताती हैं जिसे अज्ञानी जनता मानना चाहती है, जरूरी नहीं कि वह स्वीकार करे। अग्रणी अमेरिकी भावना जिसने वियतनाम में उष्णकटिबंधीय वर्षावनों और सूखे चावल के खेतों के जंगल को धूप में पके हुए अफगान स्वाथों के चारों ओर घूमते हुए, भ्रामक रूप से आकर्षक है, लेकिन अक्सर अधूरा है। सैगॉन में छतों से एक हेलीकॉप्टर में अनाड़ी रूप से भागने वाले अमेरिकियों की वास्तविक छवियां या बगराम एयरफोर्स स्टेशन से किसी को सूचित किए बिना उड़ान भरने वाले अमेरिकी सैनिकों की वास्तविक छवियां, कैप्टन अमेरिका के सांचे में बिल्कुल नहीं हैं!

धारणा निर्माण का यह परिष्कार रेगनिज्म-युग के लिए बहुत अधिक बकाया है, जिसने वियतनाम में हार के बाद पस्त अमेरिकी सैनिक के लिए छवि को बचाया, पुनर्जीवित और पुनर्निर्माण किया। 1990 के दशक तक, खाड़ी युद्धों के दौरान, झंडे की पिन जैसे इशारे,



"आपकी सेवा के लिए धन्यवाद", परेड और पीले-रिबन प्रतीकवाद सामाजिक आदर्श बन गए थे, और बदलाव स्पष्ट था क्योंकि वियतनाम के दिग्गजों को पहले से स्नान नहीं किया गया था। वही जोश, गरिमा और धूमधाम एक युद्ध से घर आ रहा है जिसे उन्होंने स्पष्ट रूप से खो दिया था। वियतनाम युद्ध के लिए बिल (जैसे अब अफगानिस्तान के लिए) निषेधात्मक था और उसी के आर्थिक परिणाम पूरे नागरिक द्वारा महसूस किए गए थे – हाल ही में अफगान युद्ध के साथ उसी की अनिवार्यता, 2050 तक 6.5 ट्रिलियन डॉलर के अनुमानित भुगतान के साथ। अफगानिस्तान के संचालन के लिए उधार ली गई धनराशि के लिए ब्याज की लागत की शर्तें लंबे समय तक परेशान और चुभती रहेंगी। 20 वर्षों में अपने सैन्य अभियानों के लिए अमेरिका को जो मिला वह दुश्मन की शर्मनाक वापसी है, इससे पहले कि आखिरी अमेरिकी सेना उड़ गई थी। माना जाता है कि पीछे हटने वाले अमेरिकी सैनिकों के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए तालिबान से विशेष अनुमति मांगी गई थी! निस्संदेह, अमेरिकी सेना एक बार फिर पराजित हुई है, इस बार असंगत रूप से सशस्त्र और प्रशिक्षित तालिबान मिलिशिया के अव्यवस्थित जमावड़े से।

चीन या पाकिस्तान जैसे सत्तावादी देशों के पास अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए अपने दमनकारी और दमनकारी फॉर्मूले हैं-सच्चाई को नकार कर अपनी सेना की ताकत बनाते हैं। जबकि 1962 का भारत-चीन युद्ध एक वास्तविकता है, लेकिन 1967 (नाथू ला और चो ला संघर्ष) में चीनी सेना का दुर्भाग्यपूर्ण भाग्य था, जैसे कि हाल ही में गलवान घाटी में अपने नुकसान के लिए लगभग एक साल बाद तक इसका मालिक नहीं था।

चीन-वियतनामी युद्ध (1979) जिसके कारण संख्यात्मक और भौतिक रूप से हीन वियतनामी सेनाओं के शानदार प्रदर्शन को चीनी कथा में अलग रखा गया है। पाकिस्तान में, 1965 के भारत-पाक युद्ध के बार-बार अपमान, 1971 में और भी बदतर स्थिति और हाल ही में कारगिल युद्ध के बावजूद, फूली हुई और अति-अधिकार वाली पाकिस्तानी सेना पूछताछ से परे है। उप-इष्टतम प्रदर्शन के बड़बड़ाहट के अलावा, कोई भी खुले तौर पर पाकिस्तानी सेना पर संदेह नहीं कर सकता क्योंकि यह शासन और धारणा प्रबंधन के सभी आवश्यक लीवर को नियंत्रित करता है।

2021 में, अफ़ग़ानिस्तान के बाद के प्रकाशिकी और अमेरिकी सैनिक की धारणाओं के लिए केवल हॉलीवुड प्रस्तुतियों, कांग्रेस के ब्रवाडो या झंडा लहराते समारोहों की तुलना में बहुत अधिक की आवश्यकता होगी – कठिन प्रश्नों का पालन करेंगे और पगड़ी वाले तालिबान की दैनिक छवियों का मजाक उड़ाते हुए संस्थान को प्रभावित करेगा। अमेरिकी सेना के मनोवैज्ञानिक और स्थायी रूप से। अमेरिका का सबसे लंबा युद्ध (अफगानिस्तान) और उसका दूसरा सबसे लंबा युद्ध (वियतनाम), साथ ही मध्य पूर्वी थिएटर में इसकी अस्थिर स्थिति, द्वितीय विश्व युद्ध की महानतम पीढ़ी या उसके तुरंत बाद कोरियाई की महिमा के बिल्कुल विपरीत होगी।

20 साल पहले अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में जॉर्ज बुश के टेक्सन ड्रॉ का खोखलापन, अमेरिकी सैनिकों को अफगानिस्तान भेजने से पहले, इस संघर्ष का मार्ग ज्ञात नहीं है, फिर भी इसका परिणाम निश्चित है, अमेरिका को परेशान करेगा और आघात करेगा सैनिक और राष्ट्रीय विवेक अतुलनीय रूप से। अमेरिकी सेना की खुफिया आकलन, मारक क्षमता, योजना, अत्याधुनिक तकनीक से लेकर जीआई जो इमेजरी तक का पूरा ढांचा तत्काल मरम्मत से परे बिखर जाएगा।

## आप की बात

### आनलाइन कक्षाओं का असर

**छात्रों** पर ऑनलाइन कक्षाओं का छिपा प्रभाव हमें लॉक डाउन में देखने को मिला। स्कूल बंद होने से घरों में रह रहे बच्चे में खुलापन नही मिला। दोस्तों से कोई बात समझ मे नही आए तो आपस मे पूछ सकें। मोबाइल की बैटरी उतरना, टॉवर नही मिलना ,किसी मेहमान के आने पर डिस्टर्ब होना आदि कई समस्या का सामना करना पड़ा। ऑनलाइन कक्षा छात्र एवं पढ़ाने वाले के मध्य समझाइश के भाव नही आ पाते जो स्कूल में छात्र और गुरु के मध्य पढ़ाया, समझाया जाता। होम वर्क, प्रश्न पूछे जाने पर उत्तर देना। ये प्रभाव देखा गया है। ऑन लाइन का प्रभाव मस्तिष्क में सही ढंग से नही बैठ पाता है। स्कूल के टीचर्स का डर भी रहता है कि याद करके या लिख के नही आए तो टीचर्स डांटेंगे। ऑनलाइन में डर नाम की चीज नही ।महंगे मोबाइल की किसी किसी के पास खरीदने के पैसे नही होते हैं। जो छात्र ऑन लाइन पढ़ाई करते हैं। उनको आदत सी हो जाती है। उन्हें स्कूल खुलने पर पढ़ाई रास नही आएगी अटपटा सा लगेगा। कोरोना काल मे एक मात्र शिक्षा प्राप्त का ऑन लाइन उपाय ही बचा था ।ताकि बच्चों में पाठ्यक्रमों के बहाव बना रहे। किन्तु बंद कमरों में ,हेड फोन कानों में लगाए बच्चे पढ़ाई करने की प्रक्रिया सरल नहीं है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### तीसरी लहर की आहट

**चीन** के वुहान शहर से फैला कोविड 19 अबतक के लाखों लोगों को निगल चुका है। अब भी कोरोना वायरस अपना रूप बदल कर सारी दुनियां में लाखों लोगों को शिकार बना रहा है। गृहमंत्रालय के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की विशेषज्ञ समिति ने प्रधान मंत्री कार्यालय को सितम्बर अक्टूबर में तीसरी लहर आने की चेतावनी दिया है ।इस लहर में बच्चो और वयस्कों को समान जोखिम होगा। डेल्टा वैरिएंट से बड़ी मात्रा में बच्चों के संक्रमित होने पर बाल चिकित्सालय ,चिकित्सक,उपकरण आदि की व्यवस्था मांग के अनुसार करना बहुत कठिन कार्यालय में दी गई रिपोर्ट में ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण करके ही इस महामारी से निपटा जा सकता है। अन्यथा अगली लहर में छह लाख मामले प्रतिदिन आने की चेतावनी दी गई है। विशेषज्ञों ने डेल्टा वैरिएंट की तीसरी लहर आने की चेतावनी दिया है। भारत मे टीकाकरण करके ही लोगो मे रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित की जा सकती है। फिलि फिलीपींस में 18 हजार सेअधिक कोरोना के केस दर्ज किए गए। डेल्टा वैरियंट का कहर देश के 16 शहरों के एक करोड़ से अधिक लोगों को संक्रमित कर चयूक है। न्यूजीलैंड वियतनाम आदि देशों में लक डाउन को बढ़ा दिया गया है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### वाहन स्क्रेपिंग नीति के परिणाम

**बीएस** फार्मूले को दृढ़ता से लागू करने के बाद सरकार अब पुराने वाहनों को परिचालन से ही अलग करने के लिए एक वाहन स्क्रेपिंग पॉलिसी लेकर आयी है। यह माना जा रहा है कि 2024 के बाद 10 साल पुराने वाहन या अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहन रोड नहीं चल सकेंगे। नीति को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर कबाड़ियों को भागीदार बनाने की बात चल रही है। क्रियान्वयन जिस रूप में भी हो परंतु यदि यह नीति सफल होती है इसके चौमुखी परिणाम होंगे। गौरतलब है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में भारत का विश्व में चौथा स्थान है और भारत ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 33 फीसदी कम करने का लक्ष्य रखा है। अब पुराने वाहनों की जगह नए वाहनों या ई-वाहन के प्रचलन से इस लक्ष्य की प्राप्ति में सहायता मिल सकेगी। वहीं दूसरी ओर वाहनों के उत्पादन में भी वृद्धि होगी जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यही नहीं यदि ई-वाहनों का प्रयोग बढ़ता है तो कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता में भी कमी आएगी क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है।

– **सुमित यादव**, कालपी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**कुछ** मीडिया तालिबान का महिमामंडन करने की कोशिश कर रहा है जो निंदनीय है। हर कोई जानता है कि उन्होंने कैसे बढ़ना शुरू किया और कौन जिम्मेदार थे।

– **पिनरई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री

**विदेशी** ताकतों को उसी समय सीमा पर पीछे हटना चाहिए जो उन्होंने पहले घोषित की है। अन्यथा, यह एक स्पष्ट उल्लंघन है।

– **मुहम्मद सुहेल शाहीन**
तालिबान प्रवक्ता





**जाति** आधारित जनगणना बिहार में ही नहीं पूरे देश में होनी चाहिए। इससे संसाधनों के उचित डायवर्जन में मदद मिलेगी।

– **तेजस्वी यादव**
बिहार में विपक्ष के नेता

# कभी मिलती थीं लाठियां, आज घर बैठे मुफ्त मिल रहा कनेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उज्ज्वला योजना को महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एक योजना ने एक ओर जहां हमारी माताओं-बहनों को चूल्हे के धुएं से आजादी दिलाकर उनकी सेहत का ख्याल रखा है तो दूसरी ओर ईंधन की व्यवस्था करने की दुश्वारी, बरसात के महीनों में गीली लकड़ी की समस्या और रसोईघर में घंटों रहने की मजबूरी से भी निजात दिलाई है। यह स्वच्छ ईंधन स्वस्थ और बेहतर जीवन के लिए बहुत उपयोगी है।

सीएम ने कहा कि 2014 से पहले इसी देश में एक अदद सिलेंडर लेने के लिए रात 12 बजे से कतारें लगती थीं। सिलेंडर मिले या न मिले, पर विरोध किया तो लाठियां जरूर बरसती थीं। आज घर बैठे मुफ्त कनेक्शन मिल रहा है। यह होता है बदलाव।

## ● उज्ज्वला 2.0 के तहत यूपी में मुफ्त गैस कनेक्शन वितरण शुरू



मुख्यमंत्री योगी बुधवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के दूसरे चरण के तहत प्रदेश में मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन, रिफिल सिलेंडर वितरण का शुभारंभ कर रहे थे। सोनभद्र, बांदा, महोबा, चित्रकूट, रायबरेली, हरदोई ,बदायूं, अमेठी, फतेहपुर एवं फर्रुखाबाद जिलों की लाभार्थी महिलाओं से वर्चुअली बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि देश की गृहिणी महिलाओं के सरल जीवन को सुनिश्चित करने वाली उज्ज्वला योजना के पहले चरण की शुरुआत बलिया से हुई थी तो दूसरे चरण के शुभारंभ के लिए भी प्रधानमंत्री ने यूपी के महोबा को चुना। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत अब न केवल मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन मिल रहा है बल्कि साथ में पहला रिफिल गैस सिलेंडर भी निशुल्क दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन कर उन्हें धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति दिलाने का माध्यम बनी है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उज्ज्वला योजना 1.0 के अंतर्गत मातृशक्ति को 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं । उज्ज्वला योजना 1.0 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में मातृशक्ति को 1 करोड़ 47 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए है। उज्ज्वला 2.0 के तहत देश में 1 करोड़ अतिरिक्त कनेक्शन प्रदान करने का निर्णय स्वच्छ रसोई ईंधन की उपलब्धता एवं जीवन स्तर को और सरल बनाएगा। 20 लाख से ज्यादा यूपी की महिलाएं इससे लाभान्वित हो रही हैं। सीएम ने कहा कि उज्ज्वला 2.0 में उन प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है जो पहले पते के प्रमाण के अभाव में इस लाभ से वंचित रह गए थे। सीएम योगी ने कहा की जननी सुरक्षा योजना हो या मातृ वंदना योजना या सौभाग्य जैसी योजना, इन प्रयासों से आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। जीवन सरल हुआ है।

### डबल इंजन सरकार खत्म कर रही रसोई गैस की दुश्वारियां

**लखनऊ।** प्रदेश में करीब पांच साल पहले तक रसोई गैस की समस्या से हर कोई जूझ रहा था। रसोई गैस के कनेक्शन से लेकर उसे रिफिल कराने के लिए तमाम समस्याओं से जूझना पड़ता था लेकिन अब हालात बदल गए हैं। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार इन दुश्वारियों को खत्म कर रही है। इसीलिए उज्ज्वला 2.0 योजना की शुरूआत उन लोगों के लिए भी की गई है जो पहले पते के प्रमाण के अभाव में इस लाभ से वंचित रह गए थे। इसके तहत ऐसे 20 लाख लोगों को और लाभ मिलना है।

### धुंआ फूंकना हो गई थी किस्मत

**लखनऊ।** उज्ज्वला 2.0 के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन और रिफिल सिलेंडर पाने वाली 10 जिलों की महिलाओं ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपनी दुश्वारियों की कहानी भी साझा की। हरदोई की रेखा देवी हों या फर्रुखाबाद की शबाना और रजनी, सबका यही कहना था कि एलपीजी कनेक्शन के अभाव में चूल्हा फूंकना किस्मत बन गई थी। 5 सदस्यों के लिए हर दिन भोजन बनाने वाली अमेठी की गीता ने बताया कि रसोई गैस कनेक्शन मिलना, जिंदगी बदलने से कम नहीं। बांदा की साफिया, सोनभद्र की रानी और रायबरेली की राजकुमारी देवी ने बरसात के दिनों में गीली लकड़ियों से होने वाली मुसीबत की कहानी सीएम को सुनाई और मुफ्त कनेक्शन मिलने के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी के प्रति आभार भी जताया। कार्यक्रम में सीएम ने निर्देश दिए कि उज्ज्वला का लाभ पाने वाले हर परिवार से संपर्क कर एलपीजी गैस कम्पनी के प्रतिनिधि उन्हें रसोई गैस संचालन, सुरक्षा आदि के संबंध में प्रशिक्षित करें।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की।

# शोधार्थियों व जिज्ञासुओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी पुस्तकः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रयागराज कुम्भ-2019 पर केन्द्रित पुस्तक प्रयागराज कुम्भ का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुम्भ पुस्तक शोधार्थियों व जिज्ञासुओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। ज्ञातव्य है कि इस पुस्तक का प्रकाशन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा किया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज कुम्भ पर जनसाधारण को अर्पित इस पुस्तक के सम्पादक पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह को बधाई दी। भारत के ऐसे पौराणिक एवं ऐतिहासिक परम्परा से जुड़े हुए इस विषय पर विशिष्ट शोध के लिए आईसीएसएसआर को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रयागराज कुम्भ पर विशिष्ट शोध को आगे बढ़ाने के लिए एक ऐसे व्यक्ति का चयन किया गया जिसका पूरा जीवन समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए कृतसंकल्पित है। यह उनका सौभाग्य है कि प्रयागराज कुम्भ-2019 आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह आयोजन 15 जनवरी से 4 मार्च 2019 तक सम्पन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार

## ● मुख्यमंत्री ने पुस्तक प्रयागराज कुंम्भ का विमोचन किया

## ● वर्तमान सरकार अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए कृत संकल्पितः मुख्यमंत्री

ने धार्मिक और आध्यात्मिक कलेवर के साथ कुम्भ के दौरान वैश्विक स्तर पर स्वच्छता, सुरक्षा व सुव्यवस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज कुम्भ सामाजिक सद्भावना का भी प्रतीक बना। प्रदेश सरकार ने कुम्भ की विरासत को सर्व सिद्धिप्रदः कुम्भः के लोगो के माध्यम से प्रचारित किया। दुनिया के सभी दूतावासों में निमंत्रण पत्र इस अनुरोध के साथ भेजा गया था कि उनके देश से कम से कम एक व्यक्ति अवश्य इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो। इस मौके पर डीजीपी मुकुल गोयल, एसीएस सूचना नवनीत सहगल, आर्थिक सलाहकार मुख्यमंत्री केवी राजू, सूचना निदेशक शिशिर सहित आईसीएसएसआर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पांच रुपए प्रति कुंतल गन्ना मूल्य बढ़ाकर केंद्र सरकार ने किसानों के साथ किया धोखाः लल्लू



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने केन्द्र सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 5 रुपए प्रति कुंतल की मूल्य बढोत्तरी कर 290 रुपए किए जाने को किसानों के साथ धोखा करार देते हुए कहा कि यह बहुत कम और किसानों के साथ भाजपा सरकार द्वारा किया गया धोखा है। मंहगाई के इस दौर में डीजलए बिजली दर और खाद की महंगाई से कृषि लागत की सभी वस्तुओं के दाम आसमान छू चुके है तो यह बढ़ोत्तरी जले पर नमक के बराबर है, क्योंकि यह सरकार अन्नदाताओ की पीड़ा और बेबसी को समझना ही नहीं चाहती है। लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा सरकार 2017 के विधान सभा चुनाव में 400 रुपए कुन्तल गन्ना खरीदने का वादा करके सत्ता में आई थी लेकिन साढ़े चार वर्ष बीत जाने के बाद 10,15, 20 रुपए तीन श्रेणी में बढाया। जो कि 310 रुपया, 315 रुपया और 325 रुपया मात्र ही गन्ना किसानों को मिलता है। इसके विपरित कांग्रेस शासित राज्य पंजाब सरकार ने 360 रुपए में किसानों से गन्ना खरीदने का फैसला किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि किसानो के लिए गन्ना का मूल्य इतना कम होना, किसानों के उपर बहुत बड़ा भार और घाटे का कारण है। क्योंकि पिछले साढे चार वर्ष में कृषि लागत मूल्य दोगुने से ज्यादा बढ़ा हैं उदाहरण स्वरूप खेत की तैयारी से लेकर, फसल तैयार होने से लेकर ढुलाई, बुवाई हो, निराई हो, सिंचाई हो, सारे काम कृषि उपकरण से होते है और यह उपकरण डीजल या बिजली से चलता है दोनों के दाम आसमान छू रहे हैं।

# सीएम से संवाद, किसानों के लिए बना यादगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जाड़ा,** गर्मी और बरसात में समानभाव से खेत में पसीना बहाकर देश का पेट भरने वाले किसान भाइयों के लिए बुधवार के दिन यादगार हो गया। मुख्यमंत्री आवास में सीएम योगी से बातचीत का आमंत्रण मिलने पर उनके चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। सीएम योगी से बात करते हुए किसानों ने कुछ समस्याएं भी बताईं तो किसान हितों की सुरक्षा करने के लिए पीएम मोदी.-सीएम योगी की जोड़ी को धन्यवाद भी दिया। एक नजर किसानों की बात, किसानों की जुबानी।

**राम शरण वर्मा, बाराबंकी:** 32 साल से खेती कर रहा हूँ। बहुत से वादो-दावों को देखा सुना है। पर आज जो हो रहा है, कभी नहीं हुआ। किसान सम्मान निधि जैसे प्रयास किसानों के खाद बीज के लिए पैसों की चिंता खत्म करने वाले हैं। कृषि उपकरणों पर 80 फीसदी तक सरकारी अनुदान यही सरकार दे रही है। आज किसान देश में कहीं भी अपनी फसल बेच सकता है, कहीं कोई रोक नहीं। मैं खुद अपना उपजाया हुआ केला पंजाब में बेचता हूँ। सीधे हमारे खाते में एमएसपी की रकम आ रही है। यह सपना सच होने जैसा है। मोदी-योगी को बहुत धन्यवाद।

**देवेंद्र गुर्जर, बागपत:** हम बागपत वाले हैं। अपराधियों का खौफ हमने झेला है। अब तक बातें होती थीं आज काम हो रहा है। एक वक्त था कि रात में पांच घण्टे लाइट आती थी, किसान सोए या ट्यूबवेल से पानी चलाये। जान माल का खतरा अलग से। आज 2 बजे रात में भी निश्चिंत होकर कहीं आइए जाइये, कोई डर नहीं। बिजली भरपूर मिल रही।

**धर्मपाल मौर्य, लखीमपुर खीरी:** कभी सपने में नहीं सोचा था कि मुख्यमंत्री आवास पर सम्मान होगा। योगी जी! आपके राज में गेहूं बुवाई समय से हुई। गन्ना के लिए ईआरपी प्रणाली की जितनी सराहना की जाए कम है। बिचौलिए खत्म करा दिए आपने। आपकी सट्टा परिवर्तन नीति से हमें बहुत लाभ हुआ है। गन्ना उपज बढ़ाने के लिये पन्चामृत योजना बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है। बहुत आभार धन्यवाद।

**प्रवीन कुमार, गोंडा:** किन शब्दों में धन्यवाद दूं। किसान संवाद होते बहुत देखा-सुना है, आज शामिल हो रहा हूँ। सच कहूं तो भरोसा नहीं हो रहा। बचपन में नेताओं के हेलीकाप्टर के पीछे बहुत दौड़ा हूँ। आज मुख्यमंत्री जी हमें सुन रहे हैं। पूर्वांचल चीनी का कटोरा था। पिछली सरकारों ने सब समाप्त करने का षड्यंत्र किया। अपने मुंडेरवा और पिपराइच चीनी मिल को दोबारा चालू कराया। गोरखपुर खाद कारखाना को बंद होते देखा है, आज दोबारा चलने जा रहा है। कोरोना में चीनी मिलें चलवाकर आपने हमें आत्महत्या करने से बचाया।

**श्यामवीर त्यागी, सहारनपुर:** हम किसान हैं। हमारी दिक्कतों का हल संवाद से होगा, ट्रैक्टर रैलियों से नहीं। किसान को क्या चाहिए, उसकी लागत से थोड़ा अधिक लाभ मिल जाए बस। यह काम पीएम मोदी ने किया है। गन्ने के क्षेत्र में तकनीक का प्रयोग से हमें बहुत सुविधा हुई है। छोटे से छोटा किसान एसएमएस लेकर चौधरी बना बैठा है। गन्ना पर राजनीति करने वालों की योगी जी ने तो राजनीति खत्म कर दी आपने। घटतौली पर आपकी कार्रवाईयां नजीर हैं।

**वेदव्रत आर्य, मेरठ:** टीवी में देखा था 5 कालिदास मार्ग, मुख्यमंत्री आवास। आज भीतर बैठकर मुख्यमंत्री जी से बात कर रहा हूँ। भरोसा नहीं हो रहा। योगी जी! आपने किसान की सुरक्षा सुनिश्चित की। कभी टयूबवेल के पंखे तक गायब हो जाते थे आज तो कोई एक फावड़ा भी नहीं छूता। गन्ना पर्ची की ईआरपी प्रणाली क्रांतिकारी है।

# सभी थानों पर की जाए महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन** शक्ति के तीसरे चरण में महिलाओं और बालिकाओं को विधिक संरक्षण दिए जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप डीजीपी मुकुल गोयल ने सभी जिलों के प्रत्येक थाने पर एक एक महिला बीट बनाते हुए इनमें दो दो महिला बीट पुलिस अधिकारियों की तैनाती किए जाने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में डीजीपी ने प्रदेश के चारों पुलिस कमिश्नर, सभी जोनल एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी और सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है। जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि प्रदेश के चारों कमिश्नरेट और सभी जिलों में महिला उपनिरीक्षक तथा महिला पुलिस आरक्षियों की संख्या के अनुरुप पुलिस थानों की 3 से 4 बीटों पर एक-एक महिला बीट बनायी जाए तथा इसमें दो-दो महिला बीट पुलिस अधिकारी नियुक्त किए जाएं । इसमें महिला निरीक्षक, उनि., मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी को मिलाकर टीम बनाते हुए



## ● मिशन शक्ति के तहत डीजीपी ने दिए निर्देश

महिला बीट पुलिस अधिकारी नियुक्त किए जाएं। इन्हें महिला बीट पुलिस अधिकारी का नाम दिया जायेगा । महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट में जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए किसी भी हिंसा के मामले में अथवा अपराध होने की स्थिति में तत्काल थाने को सूचना देकर अपेक्षित कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाए तथा छोटी छोटी शिकायतों का भी पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए समय से सम्यक कार्यवाही की जाए। महिला बीट पुलिस अधिकारी सप्ताह के दो से तीन दिन में एक बीट का भ्रमण करेंगी। प्रत्येक गांव के ग्राम पंचायत भवन अथवा नवसृजित ग्राम सचिवालय में स्थापित मिशन शक्ति कक्ष में 11 बजे से 3 बजे तक बैठकर महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी तथा शासन द्वारा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं पुलिस प्रशासन के विभिन्न हेल्पलाइन के संबंध में उन्हें जागरूक करेंगी ।

थाना स्तरीय महिला सुरक्षा समिति एवं ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से भी समन्वय स्थापित करते हुए उनकी मौजूदगी व सहयोग से छोटी समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से गांव में ही किये जाने के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाए। महिला हेल्पडेस्क के समान ही मिशन शक्ति कक्ष में फ्लेक्सी शीट लगायी जाय, जिन पर सभी हेल्पलाइनों के नंबर प्रदर्शित किए जाएं । महिला बीट के बीट बुक का निरीक्षण प्रत्येक माह क्षेत्राधिकारी द्वारा किया जाए तथा महिला बीट पुलिस अधिकारियों का पर्यवेक्षण अपने अपने सर्किल में क्षेत्राधिकारी द्वारा किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा थानों, गांव के निरीक्षण, भ्रमण के दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारियों के कार्यों का भी निरीक्षण किया जाए । पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में महिला पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें महिला बीट का औचित्य, गांवों में भ्रमण के दौरान महिलाओं के बीच में पहुंच कर महिलाओं को प्रोत्साहित करना, समस्याओं का प्रकार तथा उसमें अपेक्षित कार्यवाही की बीट बुक बनाना शिकायतों की गंभीरता के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करना आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जाए ।

डीजीपी ने कहा है कि इस कार्यवाही के माध्यम से सुदूर ग्रामीण अंचलों में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिसिंग को जन सामान्य तथा महिलाओं के और समीप लाते हुए कम्युनिटी पुलिसिंग के इस स्वरूप से ग्रामीण इलाकों में पुलिस एक सद्भावनापूर्ण माहौल में और अधिक गहराई से पहुंचेगी, जिसके दीर्घकालिक लाभ होंगे ।

# ट्रेनों व प्लेटफार्म की सुरक्षा के लिए बनाई जाए विस्तृत कार्य योजनाः गोयल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस मुख्यालय में राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक में विभिन्न सुरक्षा उपायों पर चर्चा हुई। प्लेटफार्म व ट्रेन आदि की सुरक्षा एवं समय समय पर प्राप्त सूचना के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए डीजीपी ने कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, स्पेशल निदेशक आईबी, आरपीएफ प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक एटीएस, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेलवे एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

डीजीपी ने रेलवे स्टेशन पर प्रवेश नियंत्रण पर चर्चा करते हुए अराजक तत्वों के आवागमन पर प्रभावी नियत्रंण करने के भी निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि प्लेटफार्म एवं ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता के अनुसार कैमरों को लगाए जाने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए। ट्रेनों के माध्यम से यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा व अन्य समस्याओं के समुचित समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। रेलवे स्टेशन पर

## ● पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक

आने जाने वाले व्यक्तियों व उनके सामानों की चेकिंग के लिए लगे वैगेज स्कैनर आदि सुरक्षा उपकरणों की समय समय पर चेकिंग की जाए। प्लेटफार्म टिकट की प्रभावी चेकिंग करायी जाए । रेलवे के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, स्टेशनों की सिक्योरिटी आडिट व अवैध वेन्डरों आदि के संबंध में चर्चा की गयी। डीजीपी ने ट्रेनों में चेन पुलिंग आदि पर प्रभावी नियत्रण के लिए रणनीति के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के अवसर पर कोविड 19 के गाइड लाइन्स का अनुपालन कराते हुए प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा के लिए पुलिस प्रशासन की हेल्पलाइन नम्बर यथा 112, 1090 आदि को फ्लैश कराने की कारवाई की जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित रेलवे व मुख्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय दलित पैंथर भाजपा, बसपा व कांग्रेस के नेता सपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर गुरुवार को कानपुर के भारतीय दलित पैंथर, भाजपा, बसपा, कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। इनके अतिरिक्त कानपुर के पूर्व सीएमओ डॉ आरपी यादव, गुलाबी गैंग मऊ की अध्यक्ष मीरा यादव, विद्युत कर्मचारी नेता जवाहर लाल यादव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्याणपुर देश राज निषाद ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा की सदस्यता दिलाते हुए उम्मीद जताई है कि नए साथियों, के आने से सपा को मजबूती मिलेगी। सपा में भारतीय दलित पैंथर के प्रदेश अध्यक्ष धनी राम, महासचिव संतोष कठेरिया, सचिव विजय कुमार, युवा अध्यक्ष अरविन्द कुमार अपने तमाम जिलाध्यक्षों तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए। भाजपा के दीपू यादव, संजय सेंगर, आशीष गुप्ता, श्यामजी कुशवाहा, मोहित ठाकुर, बसपा के जयप्रकाश गौतम, रोहित सिंह, राकेश राव, रमेश गौतम, राजेंद्र प्रसाद, मन्नू कुमार, राजाराम निषाद, कांग्रेस के अभय यादव, रवि प्रकाश सिंह, मोहम्मद रिजवान, प्रेम सिंह कुशवाहा, के अतिरिक्त पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय यादव सहित कई प्रधान, पूर्व प्रधान तथा अपना दल के पूर्व प्रधान कमलेश राठौर ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

# जल जीवन मिशन में कथित घोटाले के खिलाफ आप ने मटका फोड़कर किया प्रदर्शन

## ● हाईकोर्ट की निगरानी में एसआईटी व सीबीआई से जांच कराने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जल जीवन** मिशन में हुए हजारों करोड़ के कथित घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मटका फोड़ कर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया । इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में बेगम हजरत महल पार्क के पास कार्यकर्ता ने बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर मटका फोड़ कर विरोध दर्ज कराया और इस गंभीर भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने की मांग की है, जिससे दोषियों को सख्त सजा मिल सके। पार्टी की लखनऊ जिला इकाई ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। आम आदमी पार्टी के




प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन में हुए हजारों करोड़ के घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी ने लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, बनारस, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, रायबरेली, मथुरा, संभल, कन्नौज, आगरा, सुल्तानपुर, मेरठ, बुलंदशहर, आजमगढ़, गाजियाबाद, कासगंज, सोनभद्र, प्रयागराज सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मटका फोड़ कर विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। सभाजीत सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन घोटाले के खिलाफ पार्टी अपना विरोध प्रदर्शन निरंतर जारी रखेगी जब तक हाईकोर्ट अथवा सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी और सीबीआई जांच नहीं कराई जाती ।

# पीईटी अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीते** मंगलवार को प्रदेश में आयोजित हुई प्रारम्भिक योग्यता परीक्षा (पीईटी) से संबंधित कूटरचित उत्तरकुंजी को दिखाकर अभ्यर्थियों से ठगी करके अवैध वसूली करने वाले गैंग के सरगना मधुकर आजाद को एसटीएफने जौनपुर से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक कूटरचित उत्तरकुजी और तीन सेट टाईपशुदा उत्तर कुन्जी बरामद हुई हैं।

एसटीएफ के अनुसार 24 अगस्त 2021 को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में प्रारम्भिक योग्यता परीक्षा 2021 का आयोजन किया गया था। परीक्षा को सकुशल व नकल विहीन संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ द्वारा एसटीएफ की विभिन्न इकाइयों को निर्देशित किया गया था। छानबीन के दौरान सूत्रों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि जौनपुर के थाना क्षेत्र लाइन बाजार के वाजिदपुर तिराहे के पास पेपर आऊट कराकर इसे उपलब्ध कराये जाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सूचना पर एसडीएम ने वहां पहुंचकर गिरोह के सरगना मधुकर आजाद को गिरफ्तार किया।

मधुकर ने बताया कि उसके गिरोह में मुख्य रूप से डा. विरेन्द्र पटेल आदि सम्मिलित हैं। उन्होंने अपने मोबाइल फोन में सोशल मीडिया के व्हाट्सएप साइट पर एक ब्राडकास्ट बना रखा है, जिससे कई लोगों को जोड़ रखा है। इसी ब्राडकास्ट के माध्यम से कूटरचित उत्तरकुंजी एक दूसरे को भेजा जाता है। डा. पटेल ने 24 अगस्त को सुबह 7.30 बजे कूटरचित उत्तरकुंजी मधुकर आजाद के मोबाइल फोन पर भेजा था और इसी कूटरचित उत्तरकुंजी को इन इसके द्वारा विभिन्न अभ्यर्थियों को 15 हजार रुपये के हिसाब से बेचकर ठगी की जा रही थी। मधुकर के पास से बरामद मोबाइल फोन में कूटरचित उत्तरकुंजी पायी गयी।

# उज्ज्वला योजना भाजपा का जनता से दूसरा बड़ा छलावाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि स्वच्छ इंधन, बेहतर जीवन के नारे के साथ लांच हुई उज्ज्वला योजना 2.0 चुनाव से ठीक पहले भाजपा का जनता से दूसरा बड़ा छलावा भर है। वस्तुतः यह योजना महंगा ईंधन, बेकार जीवन में बदल चुकी है। सरकारी विज्ञापनों में और मुख्यमंत्री के भाषणों में गांव की गरीब महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उज्ज्वला योजना की शुरूआत का एलान होता हैं। गरीबों को लाखों की संख्या में रसोई गैस चूल्हा और सिलेंडर दिए जाने का दावा किया जाता है। जबकि हकीकत यह है कि उज्ज्वला का सिलेंडर महज शो पीस से ज्यादा कुछ नहीं है। एनएसओ के सर्वे के मुताबिक गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले 20 प्रतिशत



परिवारों की प्रतिमाह आय मात्र 1065 रुपये है। पिछले 15 माह में रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 321 रूपए की बढ़त दर्ज की गई है। जुलाई में गैस सिलेंडर 933 रूपए का मिल रहा है। 01 अगस्त 2021 से सरकार ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 73.5 रूपए की बढ़ोश्री कर दी है जबकि उस पर सब्सिडी फिक्स कर दी गई है। सच तो यह है कि जिन परिवारों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है वे दोबारा गैस सिलेंडर नहीं ले सके हैं। इस योजना के 78 प्रतिशत परिवारों ने फिर चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। जब रसोई गैस सिलेंडर गरीब की कमाई और जेब से बाहर है तो उज्ज्वला योजना तो उसके लिए भाजपा की चुनावी एजेंडा पूरी करने की साजिश के अलावा और कुछ नहीं है।

### किसानों के संघर्ष व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में किसान, मजदूर, नौजवानों का सबसे अधिक योगदान रहा है। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा छेड़े गये खेड़ा के किसान आंदोलन, बारदोली के किसान आंदोलन, चम्पारन का किसान आंदोलन, नुनारा फतेहपुर सहित किसानों द्वारा छेड़ा गया लगान विरोधी आंदोलन तथा रायबरेली में 1921 में किसानों के बलिदान जैसे अनेक उदाहरण है जिसमें भारत की आजादी के लिए किसानों द्वारा किये गये संघर्ष एवं बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

पेगासस जासूसी मामला

# जांच में अभी आगे नहीं बढ़ेगा आयोग: पं. बंगाल

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एम बी लोकुर की अध्यक्षता वाला उसका दो सदस्ईय आयोग कथित पेगासस जासूसी मामले की जांच तब तक आगे नहीं बढ़ाएगा जब तक यहां लंबित याचिकाओं पर सुनवाई नहीं हो जाती। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कथित जासूसी की स्वतंत्र जांच के लिए एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया सहित कई याचिकाओं पर 17 अगस्त को केंद्र को नोटिस जारी किया था और कहा था कि वह इस मामले को 10 दिनों बाद सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा था कि तभी इस पर किया जाएगा कि इसमें क्या रास्ता अपनाया जाना चाहिए। पहले सुनवाई के लिए ली गई याचिकाएं सरकारी एजेंसियों द्वारा इजरायली कंपनी एनएसओ के स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके प्रतिष्ठित नागरिकों, नेताओं और पत्रकारों के खिलाफ कथित जासूसी की खबरों से संबंधित थीं।

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जांच आयोग के गठन के खिलाफ एनजीओ ग्लोबल विलेज फाउंडेशन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की एक अलग याचिका बुधवार को जैसे ही सुनवाई के लिए आई, पीठ ने यह कहते हुए राज्य को अपनी जांच पर आगे नहीं बढने का सुझाव दिया कि यदि हम अन्य मामलों की सुनवाई कर रहे हैं, तो हम कुछ संयम की अपेक्षा करते हैं। एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि दो समानांतर जांच नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, कृपया देखें कि जब यह अदालत मामले की सुनवाई कर रही है तो वहां कार्यवाही में कुछ नहीं किया जाए।

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने साल्वे के कथन का विरोध किया। पीठ ने कहा कि वर्तमान मामला अन्य मामलों से जुड़ा है और हम आपसे प्रतीक्षा करने की उम्मीद करते हैं ... हम इसे अगले सप्ताह किसी समय अन्य मामलों के साथ सुनेंगे। पीठ ने कहा कि पेगासस जासूसी के आरोपों के खिलाफ याचिकाओं का अखिल भारतीय प्रभाव होने की संभावना है। सिंघवी ने जब कहा कि आने वाले कुछ दिनों में कुछ भी बड़ा नहीं होने वाला है। इस पर पीठ ने कहा, आप हमें आदेश पारित करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सिंघवी ने कहा, कृपया कुछ न कहें, मैं आगे अवगत करा दूंगा।

शीर्ष अदालत ने एनजीओ की याचिका को इस मुद्दे पर पहले से ही लंबित अन्य याचिकाओं के साथ संलग्न कर दिया। शीर्ष अदालत ने गत 18 अगस्त को केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार से उस याचिका पर जवाब देने को कहा था जिसमें राज्य द्वारा आयोग के गठन को चुनौती दी गई थी। एनजीओ की ओर से पेश अधिवक्ता सौरभ मिश्रा ने पीठ से कहा था कि आयोग को आगे की कार्यवाही नहीं करनी चाहिए और इसके द्वारा एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है और कार्यवाही दिन-प्रतिदिन हो रही है।

वकील ने दलील दी कि याचिका में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पिछले महीने जांच आयोग गठित करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती दी गई है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह मामले में शामिल संवैधानिक सवालों पर अदालत की सहायता करेंगे। मेहता ने कहा था, मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर और कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ज्योतिर्मय भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा घोषित जांच आयोग के सदस्य हैं।

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस विवाद: वेणुगोपाल से मिले बघेल और सिंहदेव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात के एक दिन बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल के साथ बैठक की। वेणुगोपाल के आवास पर उनसे दोनों नेता अलग अलग मिले। राहुल से मुलाकात के बाद अब वेणुगोपाल को बघेल और सिंहदेव के बीच मतभेद खत्म करने के लिए समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। राहुल गांधी ने बघेल और सिंहदेव के साथ बैठक की थी। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ मामलों के प्रभारी पीएल पुनिया ने इस बात से इनकार किया कि इस बैठक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ के सभी संभागों के विकास पर चर्चा हुई। यह बैठक दोनों नेताओं के बीच सुलह की कोशिश के तहत बुलाई गई थी और मुख्य रूप से इसी पर केंद्रित भी थी तथा कांग्रेस आलाकमान की तरफ से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई संकेत नहीं दिया गया।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड-19 की मेगा वैक्सीनेशन का उद्घाटन किया

# राणे के विधायक बेटे ने महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के भाजपा विधायक और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश राणे ने बुधवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। नारायण राणे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले युवा सेना के कुछ सदस्यों ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की, जिसके बाद नितेश राणे ने यह मांग की। शिवसेना की युवा शाखा के एक नेता ने कहा कि ठाकरे के खिलाफ टिप्पणी को लेकर मुंबई में नारायण राणे के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के कुछ घंटों बाद युवा सेना के सदस्यों ने मंगलवार की रात मुख्यमंत्री से उनके आधिकारिक आवास वर्षा में मुलाकात की।

नितेश राणे ने युवा सेना के नेता वरुण सरदेसाई द्वारा साझा की गई एक तस्वीर को ट्वीट करते हुए कहा कि शिवसेना की युवा शाखा (युवा सेना) की कोर कमेटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। कंकावली के विधायक ने ट्वीट किया, तो यह वास्तव में पश्चिम बंगाल की तरह ही सरकार द्वारा प्रायोजित हिंसा थी। राज्य के मुखिया के रूप में मुख्यमंत्री को सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए लेकिन वह वास्तव में गुंडों का अभिनंदन कर रहे हैं। महाराष्ट्र में यह हालत हो गई है। इन ठगों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति शासन ही एकमात्र रास्ता है।

मुख्यमंत्री ठाकरे के खिलाफ राणे की थप्पड़ वाली कथित टिप्पणी को लेकर युवा सेना और भाजपा के कार्यकर्ताओं में मंगलवार को सांताक्रूज (पश्चिम) में जुहू तारा रोड पर राणे के आवास के पास झड़प हो गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों ओर से पथराव किया गया, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

## राणे के आवास के बाहर प्रदर्शन करने वाले युवा सेना के सदस्य मुख्यमंत्री ठाकरे से मिले

**मुंबई।** केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे के आवास के बाहर प्रदर्शन करने वाले युवा सेना के सदस्यों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में ए कार्यकर्ता केंद्रीय मंत्री के आवास के बाहर मंगलवार को प्रदर्शन करने पहुंचे थे। पार्टी की युवा शाखा के नेता एवं प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले वरुण सरदेसाई ने बुधवार को बताया कि यह मुलाकात ठाकरे के आधिकारिक आवास वर्षा में मंगलवार रात हुई। राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य एवं मुख्यमंत्री के बेटे आदित्य ठाकरे भी बैठक में शामिल हुए। आदित्य युवा सेना के प्रमुख भी हैं। आदित्य के रिश्ते के भाई सरदेसाई ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि क्या पार्टी राणे द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा का समर्थन करती है। सांताक्रूज (पश्चिम) में जुहू तारा रोड स्थित राणे के आवास के पास शिवसेना की युवा शाखा और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच मंगलवार को झड़प हो गई थी।

# कोर्ट तीन विधायकों की अयोग्यता बरकरार रखने फैसलों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मणिपुर से कांग्रेस के तीन पूर्व विधायकों की उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमत हो गया जिसमे उन्हें सदस्यता के अयोग्य घोषित करने का अध्यक्ष का निर्णय बरकरार रखने के मणिपुर उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। विधानसभाध्यक्ष ने पिछले साल 18 जून को अपने आदेश में तीनों विधायकों को सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराया था। शीर्ष अदालत ने अयोग्य ठहराए गए विधायकों की तीन अलग-अलग याचिकाओं पर नोटिस जारी कर विधानसभाध्यक्ष कार्यालय और अन्य से जवाब मांगा है।

पूर्व विधायकों ने उच्च न्यायालय के दो जून, 2021 के फैसलों को चुनौती दी है जिनमें कहा गया था कि विधानसभाध्यक्ष के पास यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सामग्री थी कि उन्होंने स्वेच्छा से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) की सदस्यता छोड़ दी थी। अयोग्यता याचिकाएं दायर किए जाने के बाद विधानसभाध्यक्ष ने पिछले साल 18 जून को तीन विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्यता याचिकाओं में आरोप लगाया गया था कि उन्होंने स्वेच्छा से कांग्रेस की सदस्यता छोड़ दी है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना समर्थन दिया है। अयोग्यता याचिका में यह भी आरोप लगाया गया था कि उन्होंने भाजपा द्वारा आयोजित राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लिया था।

न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने प्रतिवादियों को दो सप्ताह के भीतर अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले में अब 29 सितंबर को आगे सुनवाई होगी। न्यायालय के बीरेन सिंह, एंगखोम सुरचंद्र सिंह और एस बीरा सिंह तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। ए विधायक मार्च 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित हुए थे।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से अनुरोध किया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाई जाए। पीठ ने कहा कि वह याचिकाओं पर नोटिस जारी कर रही है और मामले में अब 29 सितंबर को सुनवाई होगी। रोहतगी ने पीठ से कहा कि याचिकाकर्ताओं ने सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया है क्योंकि उच्च न्यायालय ने उनकी अयोग्यता को कायम रखा है और अयोग्यता का कथित आधार यह है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता स्वेच्छा से छोड़ दी है। उन्होंने दलील दी कि अयोग्यता कार्यवाही में कई खामियां थीं और मामला कथित तौर पर उन मीडिया रिपोर्टों और तस्वीरों के आधार पर बनाया गया था कि इन विधायकों को भाजपा नेताओं के साथ देखा गया है।

## बिहार में सभी प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की अनुमति

**पटना।** बिहार सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण मे आई गिरावट को देखते हुए अनलॉक छह के तहत प्रदेश में सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, खेल-कूद, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को अनुमति दिए जाने की घोषणा की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को ट्वीट कर कहा, कोविड की स्थिति की समीक्षा की गई। कोरोना संक्रमण की स्थिति मे सुधार को देखते हुए सभी दुकाने, प्रतिष्ठान, शॉपिग मॉल, पार्क, उद्यान एवं धार्मिक स्थल सामान्य रूप से अब खुल सकेंगे। उन्होने कहा, जिला प्रशासन की अनुमति से सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, खेल-कूद, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन अपेक्षित सावधानियो के साथ आयोजित किए जा सकेंगे। नीतीश ने कहा, सभी विश्वविद्यालय, कॉलेज, तकनीकी शिक्षण संस्थान तथा विद्यालय (पहली से बारहवी कक्षा तक) के साथ-साथ कोचिंग संस्थान भी सामान्य रूप से खुलेंगे। राज्य के विश्वविद्यालयो, कॉलेजो, विद्यालयो द्वारा परीक्षा आयोजित की जा सकेंगी। उन्होने कहा, क्षमता के साथ सिनेमा हॉल, क्लब, जिम, स्वीमिंग पूल, रेस्टोरेंट एवं खाने की दुकान भी खुल सकेंगे। उन्होने कहा, तीसरी लहर की संभावना के मद्देनजर हम सभी बिहारवासियो को कोविड अनुकूल व्यवहार के साथ सावधानी बरतनी जरूरी है। बिहार मे मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के नौ मामले प्रकाश में आए थे, प्रदेश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 101 थी।

**कोंकण रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निम्नलिखित कार्य के लिये पात्र ठेकेदारों से आयआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से सिंगल बोली प्रणाली में ई-टेंडरिंग द्वारा खुली निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** सिंधुदुर्ग बॅलास्ट डेपो में बॅलास्ट की आपुर्ती एवं स्टॅकिंग, केआरसीएल हॉपर्स मे लोडींग, तथा व. आर ई एन/रत्नागिरी और व. आर ई एन/कारवार के अधिकार क्षेत्र के विभाग में बॅलास्ट की अनलोडींग, स्प्रेडींग और बॉक्सिंग का कार्य। **निविदा सूचना क्र.:** केआर-डब्ल्यू-01-58-2021-03। **अनुमानित लागत:**रु. 4,60,39,344/- जीएसटी छोड़कर। **प्रस्ताव/बोली ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय:** 16.09.2021 को 15:00 बजे तक। **कार्य पुर्ण करने की अवधी:** बारह माह मान्सून सहित। मॅन्युअल ऑफर स्वीकारे नही जाएंगे। अधिक जानकारी/भाग लेने के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** की वेबसाईट देखे। स्पष्टीकरण/शुध्दीपत्र, केवल इसी वेबसाईटपर अपलोड किए जाएंगे।

# राजकोट शाही परिवार में पुश्तैनी संपत्ति को लेकर विवाद

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट के शाही परिवार में अरबों रुपए की पुश्तैनी संपत्ति को लेकर विवाद हो गया है और परिवार के एक सदस्य ने अदालत का रुख किया है। गुजरात में 400 साल पुरानी तत्कालीन रियासत राजकोट के 17वें राजा मांधाता सिंह जडेजा की बहन अम्बालिका देवी ने मोचन पत्र (रिलीज़ डीड- संपत्ति पर पूर्व के दावों को खारिज करने वाला कानूनी पत्र) और अपने पिता मनोहर सिंह जडेजा की वसीयत के खिलाफ शहर की एक दीवानी अदालत में मुकदमा दायर किया है।

उनके वकील केतन सिंधावा ने बुधवार को बताया कि उन्होंने मोचन पत्र को चुनौती दी है जो कहती है कि पुश्तैनी संपत्ति में उन्होंने अपने अधिकार को त्याग दिया है। वकील के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के झांसी में रहने वाली देवी ने दावा किया है कि उनके भाई मांधाता सिंह जडेजा ने 2019 में उन्हें अंधेरे में रखकर और आधी-अधूरी जानकारी देकर इस मोचन पत्र पर हस्ताक्षर कराए थे। उस समय वह अपने पिता के निधन के बाद राजकोट आई थीं।

सिंधावा के मुताबिक, उन्होंने अपने पिता की 2013 की वसीयत को भी चुनौती दी है जिसे उनके भाई ने राजस्व रिकॉर्ड में म्यूटेशन (स्थानांतरण या प्रविष्टि के शीर्षक में बदलाव) के लिए उप जिलाधिकारी के समक्ष पेश किया था और उन्होंने इस मोचन पत्र को रद्द करने की अदालत से मांग की है।

राजकोट के उपजिलाधिकारी चरण सिंह गोहिल ने देवी की आपत्ति के आधार पर मंगलवार को म्यूटेशन प्रविष्टि को खारिज कर दिया है। बहरहाल, मांधाता सिंह जडेजा के वकील नीरव दोशी ने दावा किया कि उनके मुवक्किल की बहन को वसीयत के मुताबिक 1.5 करोड़ रुपए दिए गए हैं जो उन्होंने अपने पति और दो बेटों की मौजूदगी में स्वीकार किए हैं। दोशी के मुताबिक, देवी ने एक पंजीकृत मोचन पत्र पर हस्ताक्षर किए थे कि पुश्तैनी संपत्ति पर उनका कोई हक नहीं होगा।

## असम में आश्रय गृह से फरार हुईं लड़कियों का पता चला

**सिलचर (असम)।** असम में सिलचर के एक सरकारी आश्रयगृह से फरार हो गईं चार लड़कियां कच्छार जिले में मिलीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कच्छार की पुलिस अधीक्षक रमणदीप कौर ने बताया कि तीन नाबालिग समेत चारों लड़कियां मंगलवार रात को यहां से करीब 30 किलोमीटर दूर श्रीकोना के समीप अलोमबाग गांव में मिलीं। 17 से 20 वर्ष की ए लड़कियां सोमवार सुबह को मुख्य द्वार का ताला कथित रूप से तोड़कर आश्रयगृह से फरार हो गई थी। कौर ने बताया कि उज्ज्वला आश्रय गृह के अधिकारियों ने रंगीनखारी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी और पुलिस ने उनका ब्योरा लेने के बाद जांच शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा, लड़कियां मिलने के बाद हमने उन्हें वापस आश्रयगृह भेज दिया। मानव तस्करी समेत विभिन्न कोणों से इस मामले की जांच चल रही है। यह आश्रयगृह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की परियोजना के तहत संचालित है।



अगरतला में त्रिपुरा सरकार द्वारा कक्षा 6 से 12वीं तक के स्कूल खोलने की अनुमति के बाद एक स्कूल में पढ़ाई करतीं छात्राएं

# चूड़ी विक्रेता नाबालिग छात्रा के लैंगिक उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में भीड़ द्वारा नाम पूछे जाने के बाद पीटे गए चूड़ी विक्रेता को पुलिस ने 13 वर्षीय स्कूली छात्रा के कथित लैंगिक उत्पीड़न और दस्तावेजों की जालसाजी के आरोपों में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने संवाददाताओं को बताया कि मूलत: उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के रहने वाले चूड़ी विक्रेता तस्लीम अली (25) को कक्षा छह में पढ़ने वाली छात्रा के कथित लैंगिक उत्पीड़न तथा अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया।

बागरी ने बताया कि अली के सामान में मिले अलग-अलग नाम वाले दो आधार कार्ड की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है और पुलिस की एक टीम हरदोई भेजी गई है। उन्होंने बताया कि चूड़ी विक्रेता के सामान में जला हुआ मतदाता परिचय पत्र भी मिला जिस पर धारक का नाम स्पष्ट नहीं है, लेकिन धारक के पिता के कॉलम में ॆमोहन सिंहै छपा दिखाई दे रहा है। छात्रा ने अली के खिलाफ सोमवार को शहर के बाणगंगा थाने में इस आरोप में मामला दर्ज कराया कि वह अपना नाम गोलू पिता मोहनसिंह बताकर रविवार दोपहर चूड़ियां बेचने उसके घर आया और उसने उसेॆ बहुत सुंदरै बताते हुए बुरी नीयत से उसके शरीर को छुआ।

अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि अली द्वारा जल्दबाजी में छोड़ दी गई थैली से दो आधार कार्ड मिले हैं और इनमें से एक में इसके धारक के नाम के रूप में ॆअसलीम पिता मोरसिंहै छपा है, जबकि दूसरे आधार कार्ड में तस्लीम पिता मोहर अली छापा गया है। छात्रा की शिकायत पर अली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने से पहले, सामाजिक और सियासी गलियारों में उस वीडियो को लेकर खूब बवाल मचा था इंदौर के गोविंद नगर में जुटी भीड़ में शामिल कुछ लोग इस चूड़ी विक्रेता को पीटते दिखाई दे रहे हैं।

## मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त पायलट सुरक्षित

**जयपुर (भाषा)।** भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान मिग-21 बुधवार को राजस्थान के बाड़मेर जिले के एक गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में पायलट सुरक्षित है। इस वर्ष यह चौथा मामला है जब मिग-21 दुर्घनाग्रस्त हुआ है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण शाम 5.30 बजे मातसर गांव के पास एक सुनसान स्थान पर यह दुर्घनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान मिग-21 बुधवार शाम राजस्थान के बाड़मेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद पायलट ने खुद को सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया। प्रवक्ता के अनुसार यह विमान प्रशिक्षण उड़ान पर था। पायलट को मामूली चोट आई।

# मालाबार विद्रोह विवाद: केंद्रीय मंत्री ने केरल के विधानसभा अध्यक्ष एवं माकपा पर साधा निशाना

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने मालाबार विद्रोह के नेता वरीयमकुन्नाथ कुंजअहमद की कथित रूप से भगत सिंह से तुलना करने को लेकर बुधवार को केरल विधानसभा के अध्यक्ष एम बी राजेश एवं सत्तारूढ़ माकपा पर निशाना साधा एवं कहा कि यह इतिहास को विकृत करके सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने की कोशिश है। फेसबुक पोस्ट में तीखा प्रहार करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अनजान होना कोई गुनाह नहीं है लेकिन राजनीतिक फायदे के लिए उसे सही ठहराना अपराध है। उन्होंने कहा, केरल विधानसभा के अध्यक्ष एवं उनकी पार्टी अब महज (चंद) वोटों की खातिर यही कर रही है। इतिहास को विकृत करके सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने के प्रयास को समय माफ नहीं करेगा।

मुरलीधरन ने आरोप लगाया कि एकजुट राष्ट्र के लिए अपनी जिदंगी कुर्बान कर देने वाले बहादुर देशभक्त और इरनाड (दक्षिण मालाबार) में मोपला (मुस्लिम) राष्ट्र के निर्माण का प्रयास करने वाले व्यक्ति के बीच समानांतर रेखा खींचने की मंशा बिल्कुल स्पष्ट है। सवाल किया , किन आधारों पर भगत सिंह और हाजी एक जैसे हो सकते हैं? क्या माकपा एवं राजेश बता सकते हैं कि क्या सिंह ने (पुलिस अधिकारियों समेत) किसी भारतीय की हत्या की थी।

मंत्री ने यह प्रश्न भी किया कि क्या सिंह ने इस्लामिक कानून या किसी धार्मिक कानून के अनुसार जीवन जीने पर जोर दिया, या धर्मांतरण करने के लिए किसी का उत्पीड़न किया। उन्होंने जानना चाहा कि क्या कम्युनिस्ट पार्टी यह मानती है कि जिन लोगों ने ब्रिटिश का विरोध किया, वे सभी भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। इस्लामिक राष्ट्र के लिए संघर्ष करने वालों को जो बहादुर देशभक्त मानते हैं, वे भाजपा को धर्मनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वैसे तो केरल में एक वर्ग हाजी को एक ऐसा नेता मानता है जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन हिंदू दक्षिणपंथी संगठन दावा करते हैं वह ऐसे फासीवादियों के नेता थे जिन्होंने मोपला दंगे में दक्षिण मालाबार के एरनाडू और वल्लूवनाडू तालुकों में हिंदुओं को निशाना बनाया।

मल्लपुर जिले में 20 अगस्त को मालाबार विद्रोह पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने दावा किया था कि हाजी धर्मनिरपेक्ष थे जिन्होंने ब्रिटिश से माफी मांगने से इनकार कर दिया एवं मक्का भेजने की जगह शहादत को चुना। उन्होंने भगत सिंह की शहादत का उल्लेख करते हुए कहा था, मैं समझता हूं कि (इतिहास में) उनका (हाजी का) काम भगत सिंह के बराबर है।

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल31300डीएल1964पीएलसी004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस 4801, भारत राम रोड 24 दरियागंज, नई दिल्ली – 110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई–मेल : cs@deltoncables.com

**सूचना**

**(डेल्टन केबल्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डेल्टन केबल्स लिमिटेड के सदस्यों की छप्पनवीं (56वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), बृहस्पतिवार, 30 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 11.00 बजे, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, समय समय पर संशोधित, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020 तथा 02/2021 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 ("एमसीए सर्कुलर्स") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 ("सेबी सर्कुलर्स") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से, एजीएम की सूचना दिनांकित 11 अगस्त, 2021 में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, आयोजित की जाएगी।

उपरिवर्णित एमसीए तथा सेबी सर्कुलर (सर्कुलर्स) के अनुसरण में, 56वीं एजीएम की सूचना, जिसमें अन्य के साथ, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु प्रक्रिया तथा अनुदेशों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई–वोटिंग) हेतु प्रक्रिया एवं अनुदेशों की व्याख्या, निष्पादित की जाने वाली व्यवसाय मदों और वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित व्याख्यात्मक विवरण शामिल है, उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा भेजी जाएगी जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध है। सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर द्वारा वर्ष 2021 हेतु समाप्त कर दी गई है। उपरोक्त दस्तावेजों की इलेक्ट्रॉनिक मेलिंग 6 सितम्बर, 2021 को अथवा पूर्व पूर्ण करने की आशा की जाती है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, और सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी, इसके सदस्यों को, एजीएम में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा सीडीएसएल के माध्यम से उपलब्ध करा रही है।

जिन सदस्यों के पास शेयर भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं और जिनका ई–मेल पता कम्पनी/उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीबद्ध नहीं है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे सदस्य द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन प्रति अपना नाम, पूरा पता, फोलियो नंबर, कम्पनी के धारित शेयरों की संख्या का उल्लेख करते हुए, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति तथा निम्नलिखित किसी एक दस्तावेज नामत: आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन कार्ड, पासपोर्ट, यूटिलिटी बिल अथवा कम्पनी के पंजीकृत सदस्य के पता प्रमाण के समर्थन में किसी अन्य सरकारी दस्तावेज की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति cs@deltoncables.com अथवा investor@beetalfinancial.com को भेजकर अपना ई–मेल पता यथाशीघ्र पंजीकृत करवा लें, ताकि एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2021 ई–मेल द्वारा प्राप्त कर सकें। जिन सदस्यों के पास शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई–मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

कृपया नोट करें कि उपरोक्त स्कैन दस्तावेजों के आधार पर ई–मेल पता का अद्यतनीकरण/पंजीकरण केवल 56वीं एजीएम की सूचना तथा वर्ष 2020–21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट भेजने के उद्देश्यार्थ होगा और तदुपरांत 56वीं एजीएम के तत्काल पश्चात आरटीए के रेकार्ड से निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। अतएव आपको कम्पनी से सभी भावी सूचनाएं, जिनमें वार्षिक रिपोर्ट्स, सूचनाएं, सर्कुलर्स इत्यादि शामिल हैं, इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए रेकार्ड में स्थायी पंजीकरण के लिए उपरोक्त दस्तावेजों की हार्ड कॉपीज आरटीए के पास भेजनी होंगी।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

क) रिमोट ई–वोटिंग 27–09–2021 को पूर्वा. 10.00 बजे आरंभ होगी ;
ख) रिमोट ई–वोटिंग 29–09–2021 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी ;
ग) रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए ग्राह्यता निर्धारण हेतु कट–ऑफ तिथि 23–09–2021 है ;
घ) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी द्वारा सूचना ई–मेल किए जाने के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि को भौतिक/डीमैट शेयरों का धारक है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर अथवा 022–23058542/43 पर कॉल करके लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यही प्रक्रिया डीमैट/भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों द्वारा अपनाई जा सकती है, जिनके द्वारा अपनी ई–मेल आईडीज पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाई गई है। इस हेतु सत्यापन विवरण जैसे कि फोलियो नंबर, डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, पैन (स्कैन प्रति), डीमैट खाता विवरण भेजना होगा ;
ङ) रिमोट ई–वोटिंग 29–09–2021 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी और तथा उसके बाद सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दी जाएगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी ;
च) ई–वोटिंग सुविधा एजीएम के दौरान भी उन सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला गया है। वे सदस्य जो एजीएम से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके होंगे, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु पुन: अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे ;
छ) केवल वह व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों अथवा सदस्यों की पंजिका में, कट–ऑफ तिथि को, दर्ज मौजूद होगा ;
ज) श्री वैभव शर्मा, स्वामी मैसर्स वैभव शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरी (सीपी नंबर 10831) को रिमोट ई–वोटिंग तथा ई–वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
झ) यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड/पिन का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य पासवर्ड भूल जाता है, तो वह www.evotingindia.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" का प्रयोग कर पासवर्ड दोबारा बना सकता है।

एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट (i) कम्पनी की वेबसाइट www.deltoncables.com (ii) सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com (iii) स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध होगी।

एजीएम से पहले अथवा उसके दौरान किसी संदेह की स्थिति में आप www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूज") का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल लिख सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी (022–23058542) से सम्पर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के लिए सुविधा संबंधी सभी शिकायतें श्री राकेश दाल्वी, प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई–400013 से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल भेज सकते हैं अथवा 022–23058542/43 पर कॉल कर सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता./–
विकास रावत
कम्पनी सचिव तथा अनुपालनाधिकारी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 25–08–2021

# भारत एक स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था की तरफ बढ़ने को प्रतिबद्ध: मोदी

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने कहा है कि वाहन विनिर्माण से जुड़ी मूल्य श्रृंखला के लिए समग्र उपाय किए जा रहे हैं। इससे यह उद्योग अधिक उत्पादक और टिकाऊ बन सकेगा।

सोसायटी आफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) को उसके 61वें वार्षिक सम्मेलन के मौके पर बुधवार को संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था (मोबिलिटी) के लक्ष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश की प्रगति में उद्योग के योगदान की सराहना की। मोदी के संदेश को वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अध्यक्ष केनिची आयुकावा ने पढ़कर सुनाया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था और प्रगति में वाहन उद्योग की भूमिका काफी शानदार रही है। इस क्षेत्र ने विनिर्माण के साथ निर्यात बढ़ाने में योगदान दिया। साथ ही क्षेत्र ने बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन किया और लोगों के जीवन को सुगम बनाया। देश की वृद्धि की कहानी में यह क्षेत्र भागीदार रहा है। मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी से संघर्ष के दौरान भी क्षेत्र ने संवेदनशील और सक्रिय तरीके से अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत स्वच्छ और आधुनिक मोबिलिटी के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। वाहन विनिर्माण से जुड़ी मूल्य श्रृंखला के लिए समग्र उपाय किए जा रहे है। इससे यह उद्योग अधिक उत्पादक और सतत बन सकेगा। उन्होंने वाहन उद्योग को भरोसा दिलाया कि भारत को विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने में सभी अंशधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मोदी ने कहा कि वैश्विक वाहन कंपनियों की विनिर्माण इकाइयां भारत में हैं। इससे भारत के संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र का पता चलता है।उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हमें अपने पर्यावरण, संसाधनों और कच्चे माल का संरक्षण करने की भी जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। अगले 25 साल देश के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। मोदी ने कहा, हमें अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे, विश्वस्तरीय विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपने नागरिकों को वैश्विक स्तर की गुणवत्ता और सुरक्षा प्रदान करने को प्रतिबद्ध है।

## एक जिला- एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करें बैंक: सीतारमण

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि एक जिला-एक उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए बैंकों से राज्यों के साथ मिलकर काम करने को कहा गया है। सीतारमण ने यहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से कहा कि वे निर्यातकों के संगठनों से बातचीत करें और उनकी जरूरतों को समझें। उन्होंने एक जिला, एक उत्पाद निर्यात एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए बैंकों से राज्यों के साथ मिलकर काम करने को कहा। वित्त मंत्री ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने महामारी के बावजूद अच्छा काम किया और इस दौरान वह रिजर्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई से बाहर निकले हैं। वित्त मंत्री ने बैंकों से वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र को समर्थन देने को भी कहा।



थाणे के एक बाजार में कोविड के नियमों का पालन करने को लेकर लोगों को जागरुक करता हुआ पुलिस कर्मी

## क्विक न्यूज

### कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग के खिलाफ आईसीआईसीआई बैंक के साथ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**हैदराबाद** । कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि.(केएसबीएल) के प्रवर्तक सी पार्थसारथी तथा अन्य के खिलाफ आईसीआईसीआई बैंक के साथ 563 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (विश्वास के आपराधिक हनन), धारा 420, 34 के साथ पढ़े (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि केएसबीएल ने अपने छह बैंकरों के शेयर गिरवी रखकर जो राशि जुटाई उसे फर्म के ही बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया, स्टॉक ब्रोकर के ग्राहक खाते में नही डाला गया। यह सेबी के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। यह मामला साइबराबाद की आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित किया गया और इसकी जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई गई। पार्थसारथी को इंडसइंड बैंक से लिए गए 137 करोड़ रुपए के ऋण के भुगतान की चूक के मामले में 19 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

### भारतीय वाहन उद्योग के समक्ष कई तात्कालिक मध्यम अवधि की चुनौतियां : आयुकावा

**नई दिल्ली।** भारतीय वाहन उद्योग गहरी संरचनात्मक सुस्ती से गुजर रहा है और कोविड-19 महामारी ने इस उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसे कई साल पीछे धकेल दिया है। सोयायटी ऑफ इंडियन ऑटोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष केनिची आयुकावा ने बुधवार को यह बात कही। सियाम के 61वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुकावा ने कहा कि पिछले 5 से 10 साल में सभी वाहन खंडों.....यात्री वाहनों से लेकर दोपहिया तक वृद्धि दर में जबर्दस्त गिरावट आई। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आयुकावा ने ऑनलाइन कार्यक्रम में कहा कि कोविड महामारी शुरू होने से पहले ही भारतीय वाहन उद्योग संरचनात्मक सुस्ती से जूझ रहा था। आयुकावा ने कहा कि उद्योग के चारों खंडों....यात्री वाहन, दोपहिया, वाणिज्यिक वाहन और तिपहिया..में पिछले 5 से 10 साल के दौरान दीर्घावधि की वृद्धि दर में भारी गिरावट आई है। यह गिरावट महामारी से पहले शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से उद्योग और अधिक प्रभावित हुआ है। इससे उद्योग संख्या के लिहाज से कई साल पीछे चला गया है। आयुकावा ने कहा कि उद्योग इस समय कई तात्कालिक और मध्यम अवधि की चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि तात्कालिक चुनौतियों में.....महामारी से जुड़ी अनिश्चितताएं और हमारे लोगों का स्वास्थ्य, वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की कमी, जिसों के बढ़ते दाम, आगामी ईंधन दक्षता तथा भारत चरण छह के तहत चरण-दो के नियमन, कंटेनरों की कमी और आयात अंकुश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उद्योग के समक्ष कई मध्यम अवधि की चुनौतियां मसलन मांग को कायम रखना, उपभोक्ताओं के लिए लागत को कम रखना, स्थानीयकरण, दीर्घावधि के नियमनों के लिए तैयारी और नई पावरट्रेन प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

### जीएसटी अधिकारियों ने 176 करोड़ रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी में दो और लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम इकाई के जीएसटी आसूचना अधिकारियों ने 176 करोड़ रुपए की इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और एक डीलर है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) गुरुग्राम क्षेत्र इकाई ने इससे पहले 176 करोड़ रुपए के जाली आईटीसी रैकेट का भंडाफोड़ किया था। यह आईटीसी कथित रूप से मैसर्स रेडेमेंसी वर्ल्ड के संजय गोयल तथा आठ छद्‌म कंपनियों के स्वयंभू मालिक दीपक शर्मा ने धोखाधड़ी से आगे दिया था। उसके बाद गोयल और शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। मंत्रालय ने कहा कि आगे जांच में दो और लोगों मनीष मोदी और गौरव अग्रवाल की भूमिका सामने आई। डीजीजीआई के अधिकारियों ने मोदी और अग्रवाल को 23 अगस्त को धोखाधड़ी से क्रमशः 36 करोड़ रुपए और 15 करोड़ रुपए का आईटीसी आगे देने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। इनमें मोदी सीए और अग्रवाल डीलर है।

## सरकार ने गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य पांच रुपए बढ़ाकर 290 रुपए प्रति क्विंटल किया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अक्टूबर, 2021 से शुरू होने वाले अगले विपणन सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी (एफआरपी) मूल्य पांच रुपए बढ़ाकर 290 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में 2021-22 के विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य बढ़ाने का फैसला किया गया। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। चालू विपणन वर्ष 2020-21 के लिए उचित और लाभकारी मूल्य 285 रुपए प्रति क्विंटल है।हर साल गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार एफआरपी की घोषणा करती है। मिलों को यह न्यूनतम मूल्य गन्ना उत्पादकों को देना होता है।

## सेंसेक्स नया शिखर छूने के बाद स्थिर बंद, निफ्टी सर्वकालिक उच्चस्तर पर

भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** के मिलेजुले रुख के बीच बुधवार को सेंसेक्स स्थिर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी मामूली बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने भी अपना नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ।

पिछले कुछ सत्र में जबर्दस्त तेजी के बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। इस रुख के उलट आईटी और एफएमसीजी खंड में लाभ रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर 56,198.13 अंक तक गया। अंत में यह पिछले दिन के मुकाबले 14.77 अंक या 0.03 प्रतिशत के नुकसान से 55,944.21 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी







10.05 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 16,634.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 16,712.45 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 1.31 प्रतिशत चढ़ गया। इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया, आईटीसी तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 3.51 प्रतिशत तक नीचे आए। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 22 नुकसान में रहे, आठ में लाभ दर्ज हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुला, लेकिन बड़ी कंपनियों के सुस्त प्रदर्शन की वजह से यह स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। व्यापक तौर पर बाजार सकारात्मक था।

मिडकैप में गिरावट के बाद सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के टीके को मंजूरी तथा आगामी बैठक में फेडरल रिजर्व की ओर से नरम रुख की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजार सकारात्मक दायरे में रहे। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा, वायदा एवं विकल्प निपटान से पहले घरेलू बाजार सीमित दायरे में घूमे। आईटी, धातु और एफएमसीजी को छोड़कर ज्यादातर क्षेत्रों के शेयर कारोबार के अंतिम घंटे में नुकसान में चले गए। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत तक चढ़ गए। अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग के हैंगसेंग तथा जापान के निक्की में गिरावट आई। चीन का शंघाई कम्पोजिट तथा दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख था।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.36 प्रतिशत के नुकसान से 70.16 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया पांच पैसे टूटकर 74.24 प्रति डॉलर पर आ गया। शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 1,644.91 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## अमेरिकी कांग्रेस ने बाइडन की 3,500 अरब डॉलर की बजट रूपरेखा पारित की

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी कांग्रेस** में राष्ट्रपति जो बाइडन की हजारों अरब डॉलर की बजट रूपरेखा ने पहली अड़चन को पार कर लिया है। डेमाक्रेट नेताओं के मॉडरेट सांसदों के साथ इस बारे में समझौते के बाद सत्ताधारी दल का घरेलू बुनियादी ढांचे का एजेंडा एक बार फिर पटरी पर आ गया है।

सदन में बजट की रूपरेखा 220-212 मतों से पारित हुई। यह राष्ट्रपति बाइडन की 3,500 अरब डॉलर की पुनर्निर्माण योजना का मसौदा बनाने की दिशा में पहला कदम है। रिपब्लिकन द्वारा इस योजना का विरोध किया जा रहा था। करीब 24 घंटे चले संकट के दौरान संसद की प्रक्रिया पूरी तरह रुक गई। उसके बाद स्पीकर नैंसी पेलोसी ने वोटिंग से पहले सांसदों से कहा कि यह कानून नए करार के बराबर संघीय निवेश का प्रतिनिधित्व करता है। एक सांसद ने बताया कि पेलोसी ने इसमें देरी को नजरअंदाज करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक विधाई प्रक्रिया का हिस्सा है। कुछ मॉडरेट सांसदों ने 3,500 अरब डॉलर की योजना के लिए अपने मतों को रोकने की धमकी दी थी जिससे सदन में तनाव बढ़ गया था। उनका कहना था कि पहले सदन अन्य सार्वजनिक कार्य परियोजनाओं के 1,000 अरब डॉलर के उस द्विदलीय पैकेज को मंजूरी दे, जिसे सीनेट पारित कर चुका है। समझौता कायम करने की पहल के तहत पेलोसी ने इस पैकेज पर 27 सितंबर तक मतदान की प्रतिबद्धता जताई। सांसदों को भरोसा दिलाया गया कि इसे अलग नहीं छोड़ जाएगा। पेलोसी ने कहा कि एक साथ आगे बढ़ाए गए दो विधेयक बाइडन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। पेलोसी ने दोनों को एक अक्टूबर तक पारित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## अमेरिका मे भारतीय परिवार की औसत आय 1,23,700 डॉलर, संपत्ति, शिक्षा मे आगे निकले: रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में औसत 1,23,700 डॉलर की पारिवारिक आय और 79 प्रतिशत स्नातकों के साथ धन और कॉलेज शिक्षा के मामले में अमेरिका में भारतीय अन्य समुदायों की तुलना में सबसे आगे हैं। नवीनतम जनगणना आंकड़ों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार अमेरिका में एशियाई लोगों के रूप में पहचाने जाने वाले लोगों की संख्या पिछले तीन दशकों में लगभग तीन गुना हो गई है। एशियाई अब अमेरिका के चार सबसे बड़े नस्लीय और जातीय समूहों में सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं। अमेरिका में वर्तमान में लगभग 40 लाख भारतीय रहते हैं। जिनमें से 16 लाख के पास वीजा है, 14 लाख स्वाभाविक निवासी हैं और दस लाख अमेरिकी में जन्में निवासी हैं।

## सरकार देश भर में चार्जिंग सुविधाएं स्थापित करने पर कर रही काम: पांडेय

भाषा। नई दिल्ली

**भारी उद्योग** मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय ने बुधवार को कहा कि सरकार तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए देश भर में चार्जिंग ढांचागत सुविधाएं स्थापित करने के लिए काम कर रही है।वाहन उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (सियाम) के 61वें सालाना सम्मेलन को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि राजमार्गों और शहरों में चार्जिंग ढांचागत सुविधाएं स्थापित करने के लिए विभिन्न मंत्रालय और सरकारी विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा, हम पर्यावरण अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने पर गौर कर रहे हैं। हम फेम-1 (देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और उपयोग में तेजी) योजना लाए और उसे मिली अच्छी प्रतिक्रिया को देखने के बाद 10,000 करोड़ रुपए के व्यय वाली फेम-2 योजना लाई गई। मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के साथ सरकार चार्जिंग ढांचागत सुविधा स्थापित करने को लेकर भी गंभीर है।

उन्होंने कहा, हम इस रूप से काम कर रहे हैं ताकि ईवी एक जनआंदोलन बन जाए। हम इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पांडेय ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सृजन के साथ देश में तीन करोड़ से अधिक लोगों के लिए रोजगार अवसर सृजित करने को लेकर वाहन उद्योग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, हम उद्योग के महत्व को समझते हैं। वाहन उद्योग का देश के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में योगदान 6.4 प्रतिशत है। वहीं कुल जीएसटी संग्रह में क्षेत्र का योगदान 50 प्रतिशत है। मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा वाहन बाजार है और इसीलिए 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार 1.5 लाख करोड़ उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लेकर आई है।मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मिशन के तहत देश न केवल घरेलू मांग को पूरा करना चाहता है।

## पेज 1 का शेष

### अफगानिस्तान का...

उसी तरह निपटा जाए जैसे हम अपने देश में आतंकवाद से निपट रहे हैं।' सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर क्वाड देशों से कोई समर्थन मिलता है, कम से कम आतंकवादियों की पहचान और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध लड़ने के लिए खुफिया जानकारी के तौर पर, तो मुझे लगता है कि इसका स्वागत किया जाना चाहिए। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया 'क्वाड' का हिस्सा हैं। जनरल रावत ने कहा कि अफगानिस्तान से उत्पन्न होने वाली आतंकी गतिविधियों के भारत पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर नयी दिल्ली चिंतित है और ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए आपातकालीन योजनाएं तैयार की गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नजरिये से हमें अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे का अंदेशा था। हम इस बात से चिंतित थे कि कैसे अफगानिस्तान से आतंकवादी गतिविधियां भारत तक पहुंच सकती हैं। सीडीएस ने कहा कि और उस लिहाज से हमारी आकस्मिक योजनाएं चल रही हैं तथा हम उसके लिए तैयार हैं। हां, जिस तेजी से वहां सबकुछ घटित हुआ, उसने हमें चौंकाया है। हमारा अंदाजा था कि यह कुछ महीनों बाद हो सकता है। जनरल रावत ने कहा कि तालिबान बीते 20 साल में भी नहीं बदला है और सिर्फ उसके सहयोगी बदले हैं। उन्होंने कहा कि यह काफी कुछ वैसा ही है।

### चीन-तालिबान...

क्रियान्वयन का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के साथ मित्रता एवं सहयोग के अच्छे पड़ोसी के रिश्तों को विकसित करने तथा देश में शांति व पुनर्निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए चीन तैयार है। तालिबान के 15 अगस्त को काबुल पर कब्जा कर लेने के बाद भारत, अमेरिका और अन्य देशों ने अपने राजनयिक मिशन बंद कर दिए थे जबकि पाकिस्तान और रूस के साथ चीन ने काबुल में अपना दूतावास खुला रखा है। काबुल पर तालिबान के कब्जे ने दुनिया को चौंका दिया था। इस दौरान चीन शांत बना रहा और उसने काबुल में एक समावेशी सरकार का आह्वान किया। चीन ने पिछले हफ्ते मुल्ला अब्दुल गनी बरादर के नेतृत्व में तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की थी। बरादर के साथ अपनी बातचीत के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने उनसे आतंकी समूहों विशेषकर शिनजियांग प्रांत में उइगर मुसलमान आतंकी समूह द ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ईटीआईएम) से अपने संबंध तोड़ने को कहा था।

### अफगानिस्तान को...

प्रक्रिया में लेना भी पड़ेगा। वे महज कुछ सड़कें बंद कर शरणार्थी संकट से बच नहीं पाएंगे, वे अफगानिस्तान की सीमा को भली-भांति बंद नहीं कर पाएंगे, जो विषम और व्यापक है।

### केरल में...

पड़ सकती है। केरल में 12 से 23 अगस्त तक मनाए गए प्रमुख त्योहार ओणम के बाद चिकित्सा विशेषज्ञों ने संक्रमण दर 20 फीसदी के पार जाने और नए मामलों में वृद्धि की आशंका जताई थी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस सप्ताह के शुरू में कहा था कि ओणम की छुट्टियों में छूट दिए जाने की वजह से प्रतिदिन कोरोना के 40,000 केस आ सकते हैं। बकरीद के मौके पर राज्य में प्रतिबंधों में छूट दिए जाने के बाद 27 जुलाई से केरल में रोजाना ही 20,000 से ज्यादा या इसके आसपास मामले आ रहे हैं। राज्य में अब कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 38,83,429 हो गई है। वहीं 215 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 19,972 पहुंच गई। अभी एक लाख 70 हजार मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। सबसे ज्यादा 4048 मरीज एर्नाकुलम में हैं। इसके बाद त्रिशूर में 3865 और कोझिकोड में 3680 तथा मलप्पुरम में 3502 मरीज हैं। भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि केरल में कोविड-19 की स्थिति बेहद चिंताजनक है और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन राज्य के लोगों की रक्षा करने में विफल रहे हैं।

### स्कूल खुलने...

बीच स्कूल धीरे-धीरे फिर से खुल रहे हैं। इसलिए, स्कूल के छात्रों समेत, शिक्षकों और कर्मचारियों को खतरा अधिक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि हमने सभी राज्यों से 5 सितंबर को मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस से पहले सभी स्कूल शिक्षकों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करने का प्रयास करने का अनुरोध किया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी कहा कि यदि शिक्षकों का टीकाकरण कर लिया गया तो पिछले साल मार्च से बुरी तरह प्रभावित शिक्षा क्षेत्र पर छाये संकट को टाला जा सकेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश भर में स्कूल मार्च 2020 से ही बंद हैं। छात्र ऑनलाइन मोड में पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन उपकरणों और उचित इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण अनेक छात्र ऑनलाइन पढ़ाई जारी नहीं रख सके। इसलिए, शिक्षकों के टीकाकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। अमेरिका, कनाडा और अब सिंगापुर जैसे देशों ने बच्चों के टीकाकरण को मंजूरी दे दी है। भारत ने अभी तक 18 वर्ष से कम की आबादी के लिए ऐसी कोई नीति लागू नहीं की है। कई रिपोर्टों से पता चलता है कि महामारी की तीसरी लहर बच्चों को अधिक प्रभावित कर सकती है। देश भर में 80 मिलियन से अधिक शिक्षक हैं।

### कोविड-19...

प्रभाव में गिरावट दर्ज होने के बाद भी संक्रमण को रोकने में वैक्सीन के प्रभावशीलता 80 फीसदी का अनुमान लगाया गया। 14 दिसंबर, 2020 से 14 अगस्त, 2021 के बीच आयोजित इस अध्ययन में अमेरिका के छह राज्यों में आठ स्थानों पर स्वास्थ्य कर्मियों, पहले टीका लगवाने वाले और अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं सहित 4,217 प्रतिभागियों का आंकड़ा इसमें शामिल किया गया। आरटी-पीसीआर मैथेड द्वारा कोविड-19 संक्रमण की जांच के लिए उन लोगों का साप्ताहिक परीक्षण किया गया। कम से कम 83 फीसदी प्रतिभागियों को फाइजर-बायोएनटेक, मॉडर्न-एमआरएनए और जॉनसन एंड जॉनसन के जेनसेन वैक्सीन लगे थे। टीका लगवाने वालों में से लगभग दो-तिहाई ने फाइजर इंक.-बायोएनटेक एसई शॉट प्राप्त किया था, 2 फीसदी ने जॉनसन एंड जॉनसन की वैक्सीन लिया था बाकि को मॉडर्न इंक वैक्सीन लगवाई थी। सीडीसी ने कहा कि अध्ययन के निष्कर्षों को सावधानी से परीक्षण किया जाना चाहिए क्योंकि समय के साथ टीके की प्रभावशीलता कम हो सकती है।

### अमरिंदर के ...

ले जाने के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की। प्रदेश के चार मंत्रियों और पार्टी के कई विधायकों ने अमरिंदर सिंह को हटाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि उन्होंने अधूरे वादों को लेकर उन (सिंह) पर विश्वास खो दिया है। कौर ने यहां मीडिया से बात करते हुए आगामी चुनाव में पार्टी को सत्ता में वापस लाने के लिए नेताओं से सकारात्मक भूमिका निभाने को कहा।

### नारायण राणे...

ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए बेशर्म शब्द का इस्तेमाल किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, शिवसेना के मुताबिक अगर मैं एक गैंगस्टर था, तो उसी पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। क्या पार्टी के लिए यह ठीक था? उन्होंने कहा, मैं चुप नहीं बैठूंगा। वर्ष 2005 में शिवसेना छोड़ने वाले राणे ने कहा, मैं फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की संदिग्ध मौत के मामले को आगे बढ़ाना चाह रहा हूं जिसकी मृत्यु के बाद अभिनेता ने आत्महत्या कर ली। मेरा मानना है कि इसमें राज्य का एक मंत्री शामिल है।

### राज्यों को...

नहीं करने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। सिर्फ करोड़ों रुपए की संपत्ति कुर्क करने से कोई मकसद पूरा नहीं हो जाता। शीर्ष अदालत अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें जघन्य अपराधों में दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों पर आजीवन प्रतिबंध लगाने और उनके मुकदमों का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया गया है। मामले में न्याय मित्र के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसरिया ने शुरुआत में पीठ को बताया कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मामलों पर सीबीआई और ईडी की स्थिति रिपोर्ट परेशान करने वाली और चौंकाने वाली है। प्रधान न्यायाधीश रमण ने कहा कि अदालत ने ईडी और सीबीआई की रिपोर्ट पर गौर किया है, लेकिन हमारे लिए यह कहना आसान है, मुकदमे में तेजी लाना, आदि। लेकिन हम यह भी जानते हैं कि इससे कई मुद्दे जुड़े हैं। न्यायाधीशों, अदालतों और बुनियादी ढांचे की कमी है। मैंने संक्षेप में कुछ नोट भी तैयार किए हैं। 2012 से ईडी के कुल 76 मामले लंबित हैं। सीबीआई के 58 मामले आजीवन कारावास से जुडे हैं और सबसे पुराना मामला 2000 का है।

### सरकारी बैंक...

जताया। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि कई बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के तत्काल सुधारात्मक कार्वाई रूपरेखा से बाहर आए हैं। पांडा ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंक अब लाभ में आए हैं। इससे उन पर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और वे पूंजी जुटाने के मामले में आत्मनिर्भर हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल से बैंकों ने सामूहिक रूप से 69,000 करोड़ रुपए जुटाए। इसमें 10,000 करोड़ रुपए इक्विटी पूंजी शामिल है। वे 12,000 करोड़ रुपए और जुटाने की प्रक्रिया में हैं। बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी कम करने की योजना के बारे में सीतारमण ने कहा कि सरकार ऐसी कंपनियों में न्यूनतम हिस्सेदारी रखेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों को घबराने की जरूरत नहीं है, सरकार उनकी चिंताओं को लेकर संवेदशील है। यह पूछे जाने पर कि सरकार बैंक गारंटी के विकल्प के रूप में बीमा बांड लाने पर विचार कर रही है, वित्त मंत्री ने कहा कि यह केवल एक सुझाव है, जो उद्योग की तरफ से आया है। राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के मामले में प्रगति के बारे में पांडा ने कहा कि इसका पंजीकरण हो गया है और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) लाइसेंस को लेकर आरबीआई के पास गया है। जल्द ही लाइसेंस मिलने की उम्मीद है।

# भारतीय टीम 78 रन पर सिमटी

## हमीद और बर्न्स के अर्धशतक, इंग्लैंड ने 42 रन की बढ़त बनाई

**भाषा**। लीड्स

**जेम्स** एंडरसन की अगुआई में तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से इंग्लैंड ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को यहां भारत को पहली पारी में सिर्फ 78 रन पर समेटने के बाद सलामी बल्लेबाजों हसीब हमीद और रोरी बर्न्स के बीच अटूट शतकीय साझेदारी से बिना विकेट खोए 120 रन बनाकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। हैडिंग्ले में भारत की ओर से सिर्फ सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (105 गेंद में 19 रन) और अजिंक्य रहाणे (54 गेंद में 18 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचने में सफल रहे। टीम की ओर से इसके बाद सबसे बड़ा योगदान 16 रन के साथ अतिरिक्त रनों का रहा।

इंग्लैंड ने पहली पारी के आधार पर 42 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर हमीद 130 गेंद में 11 चौकों की मदद से 60 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि बर्न्स ने 125 गेंद में 52 रन की पारी के दौरान पांच चौके और एक छक्का जड़ा है। शानदार स्विंग का नजारा पेश करते हुए एंडरसन (छह रन पर तीन विकेट) ने मैच के पहले घंटे में ही सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (00), चेतेश्वर पुजारा (01) और कप्तान विराट कोहली (07) को पवेलियन भेज दिया। भारतीय बल्लेबाजों को आफ साइड से बाहर की गेंद से छेड़छाड़ का खामियाजा भुगतना पड़ा और पहले पांच बल्लेबाज विकेटकीपर जोस बटलर को कैच देकर आउट हुए।

भारत ने अपने अंतिम छह विकेट सिर्फ 22 रन जोड़कर गंवाए जिससे लंच के बाद टीम 40.4 ओवर में ही सिमट गई। क्रेग ओवरटन (14 रन पर तीन विकेट), ओली रोबिनसन (16 रन पर दो विकेट) और सैम कुरेन (27 रन पर दो विकेट) ने एंडरसन के बनाए दबाव का फायदा उठाकर भारतीय पारी को समेटा। इंग्लैंड के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारतीय पारी में सिर्फ छह चौके लगे।



कप्तान विराट कोहली का विकेट लेने के बाद खुशी से उछलते जेम्स एंडरसन

पिछले नौ महीने में यह दूसरा मौका है जब भारतीय टीम पारी में 100 रन भी बनाने में नाकाम रही है। पिछले साल दिसंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में टीम दूसरी पारी में सिर्फ 36 रन पर सिमट गई थी जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में उसका न्यूनतम स्कोर था। लार्ड्स में शानदार जीत के बाद भारत का पिछले 34 साल में पहले दिन की पिच पर यह न्यूनतम स्कोर है।

भारतीय टीम पिछली बार पहले दिन की पिच पर 100 रन से कम के स्कोर पर 1987 में आउट हुई थी जब नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर वेस्टइंडीज ने दिलीप वेंगसरकर की अगुआई वाली भारतीय टीम को सिर्फ 75 रन पर ढेर कर दिया था। तेज गेंदबाजों के भारत को सस्ते में ढेर करने के बाद हमीद और बर्न्स की जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। हमीद अच्छी लय में दिखे। वर्ष 2016 के बाद पहली बार टेस्ट पारी का आगाज कर रहे हमीद ने इशांत शर्मा पर चौके से खाता खोला और फिर जसप्रीत बुमराह पर भी चौका जड़ा।

बर्न्स ने मोहम्मद शमी पर चौका जड़ा जबकि हमीद ने मोहम्मद सिराज पर चौके के साथ 21वें ओवर में इंग्लैंड के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बर्न्स ने सिराज पर छक्के और फिर एक रन के साथ स्कोर बराबर किया। हमीद ने बुमराह पर चौके के साथ 110 गेंद अर्धशतक पूरा किया। बर्न्स ने भी बुमराह पर चौके के साथ 123 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। मौजूदा श्रृंखला में इंग्लैंड की सलामी जोड़ी की यह पहली शतकीय साझेदारी है। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने आसमान में बादल छाए होने के बावजूद टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो उलटा पड़ गया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने उनके इस फैसले को गलत साबित किया।

एंडरसन ने लार्ड्स में पिछले मैच में शतक जड़ने वाले राहुल (00) को पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। राहुल ने आफ साइड से बाहर की गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में बटलर को कैच थमाया। पुजारा (01) भी पांचवें ओवर में एंडरसन की गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। कप्तान कोहली ने आठवें ओवर में रोबिनसन पर पारी का पहला चौका जड़ा लेकिन एंडरसन ने उन्हें भी बटलर के हाथों कैच कराके भारत का स्कोर 11वें ओवर में तीन विकेट पर 20 रन कर दिया।

### भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में 14 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंचा

**दुबई**। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में 151 रन की बड़ी जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की नवीनतम तालिका में 14 अंक लेकर शीर्ष पर है। बारिश से प्रभावित पहला टेस्ट मैच ड्रा छूटने पर भारत को चार अंक मिले जबकि लार्ड्स में जीत से उसने 12 अंक हासिल किए। भारत के हालांकि 16 के बजाय 14 अंक हैं क्योंकि धीमी ओवर गति के लिए उसके दो अंक काट दिए गए थे। डब्ल्यूटीसी नियमों के अनुसार निर्धारित समय में एक ओवर कम करने पर टीमों को एक अंक गंवाना पड़ेगा। प्रत्येक मैच में जीत पर 12 अंक, टाई पर छह अंक और ड्रा होने पर चार अंक मिलते हैं। भारत के बाद पाकिस्तान (12 अंक) का नंबर आता है जिसने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 109 रन से हराकर श्रृंखला बराबर की। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट मैच जीता था और उसके भी 12 अंक हैं। वह तालिका में तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड के दो अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है। इंग्लैंड को भी नॉटिंघम टेस्ट में जीत के लिए चार अंक मिले थे लेकिन उसने भी धीमी ओवर गति के कारण दो अंक गंवा दिए थे। डब्ल्यूटीसी का यह चक्र 2023 तक चलेगा। न्यूजीलैंड ने जून में फाइनल में भारत को हराकर पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती थी।

### लार्ड्स के लांग रूम में भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के बीच हुई थी जुबानी जंगः रिपोर्ट

**लंदन**। भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों के बीच दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन मैदान में बहस के बाद लार्ड्स के लांग रूम में भी तीखी बहस हुई थी। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। भारत ने आखिरी दिन अंतिम सत्र में इंग्लैंड की पूरी टीम को आउट करके यह मैच 151 रन से जीता था। खिलाड़ियों की मैदान से बाहर निकलते समय बहस करते हुए तस्वीरें सामने आई थी, लेकिन यह विवाद लांग रूम तक खिंचा जो कि भारतीय अधिकारियों, सहयोगी स्टाफ और खिलाड़ियों से भरा था जिन्होंने अंदर पहुंचने पर अपने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया था। इसमें कहा गया है कि माना जा रहा है कि नाबाद 180 रन की पारी खेलने वाले जो रूट और विराट कोहली के बीच ड्रेसिंग रूम में जाते समय बहस हुई थी। लार्ड्स का लांग रूम अमूमन एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) के सदस्यों से भरा रहता है तथा दोनों टीमें अलग अलग सीढ़ियों से अपने ड्रेसिंग रूम तक जाती हैं। लेकिन पिछले सप्ताह कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण खिलाड़ियों के डाइनिंग रूम की तरह लांग रूम भी सदस्यों के लिए बंद कर दिया गया था।

# टेबल टेनिस में भाविनाबेन और सोनलबेन पहले दौर में हारे

टोक्यो पैरालंपिक खेल

**भाषा**। टोक्यो

**भारतीय** टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन मनुभाई पटेल को टोक्यो पैरालंपिक खेलों में बुधवार को यहां अपनी स्पर्धाओं के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं की क्लास-3 वर्ग में भाग ले रही सोनलबेन पहले तीन गेम के बाद बढ़त पर थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और वह विश्व में चौथे नंबर की चीनी खिलाड़ी और रियो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता ली कुआन से 11-9, 3-11, 17-15, 7-11 4-11 से हार गई।

दूसरी तरफ भाविनाबेन चीन की विश्व में नंबर एक झोउ यिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाई। उन्हें क्लास 4 के ग्रुप ए के महिला एकल में 3-11, 9-11, 2-11 से हार झेलनी पड़ी।

क्लास 3 में खिलाड़ी आते हैं जिनका अपने शरीर के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण नहीं होता है हालांकि उनके हाथ इससे बहुत कम प्रभावित होते हैं जबकि क्लास 4 में खिलाड़ी अच्छी तरह से व्हील चेयर पर बैठे रहते हैं और उन्हें हाथों में कोई परेशानी नहीं होती है।



महिलाओं की क्लास-3 वर्ग में सोनलबेन विश्व में चौथे नंबर चीनी खिलाड़ी और रियो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता ली कुआन से हार गयीं

### झाझरिया सहित 12 सदस्यीय भारतीय दल टोक्यो रवाना

**नई दिल्ली**। अनुभवी देवेंद्र झाझरिया और मौजूदा विश्व चैंपियन संदीप चौधरी सहित भाला फेंक के पांच एथलीट उस 12 सदस्यीय भारतीय दल में शामिल है जो पैरालंपिक खेलों में भाग लेने के लिए बुधवार को टोक्यो रवाना हुआ।

इस दल में ऊंची कूद के दो खिलाड़ी निषाद कुमार और रामपाल तथा चक्का फेंक के एथलीट योगेश कथुनिया भी शामिल हैं। खिताब के प्रबल दावेदार झाझरिया ने एथेन्स और रियो पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने जून में क्वालीफाईंग प्रतियोगिता में 65.71 मीटर भाला फेंककर अपने ही विश्व रिकार्ड में सुधार किया था। झाझरिया को हमवतन अजित सिंह और सुंदर गुर्जर से चुनौती मिल सकती है।

# आस्ट्रेलिया की पीज ग्रेको ने जीता पैरालंपिक खेलों का पहला स्वर्ण



**टोक्यो**। टोक्यो पैरालंपिक खेलों का पहला स्वर्ण पदक बुधवार को यहां आस्ट्रेलिया की साइकिलिस्ट पीज ग्रेको ने जीता। ग्रेको ने वेलोड्रोम ट्रैक पर महिलाओं की 3000 मीटर परस्यूट में पहला स्थान हासिल किया। चीन की वांग झियोमी ने रजत और जर्मनी की डेनिस शिंडलर ने कांस्य पदक जीता। पैरालंपिक खेलों का आयोजन कोविड-19 महामारी के बीच किया जा रहा है। एक महीने पहले ओलंपिक शुरू होने के बाद टोक्यो में नए मामलों में बढ़ोतरी हुई है। ग्रेको बचपन से ही मस्तिष्क पक्षाघात का शिकार रही हैं जिससे उनके दाईं तरफ का हिस्सा प्रभावित है। यह उनका पहला पैरालंपिक है।

# राजस्थान रॉयल्स ने तबरेज शम्सी के साथ करार किया

**भाषा**। नई दिल्ली

**राजस्थान** रॉयल्स ने 19 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे सत्र के लिए बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी को अपने साथ जोड़ा। आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज शम्सी दूसरे वैकल्पिक खिलाड़ी होंगे जो रॉयल्स की टीम से जुड़ेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के घरेलू क्रिकेट में द टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करने वाले 31 साल के शम्सी ने 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ द्वीपक्षीय श्रृंखला के दौरान दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। बाएं हाथ के लेग स्पिनर शम्सी ने 39 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 45 विकेट चटकाने के अलावा 27 एक दिवसीय



अंतरराष्ट्रीय मैचों में 32 विकेट हासिल किए हैं। आईपीएल में शम्सी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से चार मैचों में तीन विकेट चटकाए हैं। बेंगलोर की टीम ने 2016 सत्र में उन्हें वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में टीम से जोड़ा था। आईपीएल के पहले चरण के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण स्वदेश लौटने वाले आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एंड्रयू टाई ने कहा है कि वह बाकी बचे सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

# साथियान चेक ओपन के फाइनल में पहुंचे

**भाषा**। ओलोमौक (चेक गणराज्य)

**स्टार** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान ने यहां बुधवार को स्वीडन के ट्रूल्स मोरेगार्ध के रिटायर्ड हर्ट होने से आईटीटीएफ चेक अंतरराष्ट्रीय ओपन के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय भारतीय ने बिना किसी परेशानी के पहले दो गेम 11-4 11-8 से अपने नाम कर लिए थे और वह तीसरे में 8-2 से आगे चल रहे थे, तभी मोरेगार्ध ने चोटिल होने के कारण हटने का फैसला किया।

विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज साथियान फाइनल में यूक्रेन के एवहेन प्रीश्चेपा से भिड़ेंगे। पिछले हफ्ते 28 साल के खिलाड़ी ने बुडापेस्ट में हमवतन मनिका बत्रा के साथ मिलकर डब्ल्यूटीटी कंटेडर का मिश्रित युगल खिताब जीता था।

# विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे रवि दहिया

**भाषा**। नई दिल्ली

**ओलंपिक** रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया ने कहा है कि उन्होंने आगामी विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है क्योंकि उन्हें भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अगले हफ्ते होने वाले चयन ट्रायल के लिए तैयार का समय नहीं मिला जिसके जरिए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की टीम का चयन होगा। डब्ल्यूएफआई दो से 10 अक्तूबर तक नॉर्वे के ओस्लो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को चयन ट्रायल का आयोजन करेगा।

दहिया और टोक्यो ओलंपिक खेलों के अन्य पदक विजेता अपने सम्मान के आयोजित समारोह के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा कर रहे है। दहिया ने कहा कि मैं बिना तैयारी



के मैट पर नहीं उतरना चाहता। बिना पर्याप्त अभ्यास के प्रतिस्पर्धा पेश करने का क्या फायदा। इसलिए मैं विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लूंगा क्योंकि मैं पर्याप्त अभ्यास के बिना ट्रायल में नहीं उतरना चाहता। दहिया विश्व चैंपियनशिप में नहीं जाने वाले भारत के दूसरे बड़े पहलवान हैं।

**सोनीपत**। घाना की क्रिकेट टीम में एक भारतीय देवेंद्र मलिक अगले महीने होने वाले अफ्रीका क्रिकेट कप में हिस्सा लेगा।

देवेंद्र सोनीपत के तेवड़ी गांव के निवासी हैं। उनके पिता जयराम मलिक पेशे से किसान हैं। जीनियर देवेंद्र मलिक सात साल से घाना में अंतरराष्ट्रीय कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसे बचपन से ही क्रिकेट खेलने का जुनून था।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public that **M/s. Siddharth Printers**, T-30/1H Baljeet Nagar, New Delhi-110008 was register in Registrar of Firm with Serial no. 654/87 on 27.03.1987 vide Partnership deed dated 01-08-1982 with partners namely Anil Malhotra (40%), Varinder Malhotra (40%) and Suman Malhotra (20%). Siddharth Printers was allotted DSIIDC Plot No. A-20, Sec 2, Bawana, Delhi-110039 on Applicaion No. 5610 and shifted at the above address. A Partner Mrs Suman Malhotra was expired on 25-08-2007 and remaining partner mutually decided to enter Kaval Krishan Malhotra as partner vide partnership deed dated 12-10-2007 with profit sharing ratio Anil Malhotra (1/3rd), Varinder Malhotra (1/3rd) and Kaval Krishan Malhotra (1/3rd). A Partner Varinder Malhotra retired on 31-03-2019 vide retirement deed dated 31-3-2019 now remaining partner had profit sharing ratio Anil Malhotra (50%) and Kaval Krishan Malhotra (50%). A partner Anil Malhotra expired on 05-12-2020 and remaining partner have decided to enter Sh. Shiv Malhotra S/o Late Sh Anil Malhotra as partner vide Partnership Deed dated 03-02-2021 with profit sharing ratio 50% each.

Sd/-
Kaval Krishan Malhotra, Shiv Malhotra

**Public Notice**

To be known to all that my client **Vinod Kumar, Charan Singh & Tara Chand** S/o Durga Prasad R/o **FlatNo.594 Pkt-II,single storey,Paschim Puri,ND-63** is the owner of DDA Janta Flat No.594 Pkt-II,Single Storey Paschim Puri, ND-63 vide DDA File No.F25 (412)74/Gen/MD has applied for conversion of aforesaid property from leasehold to freehold.The original documents ie.**Demand Letter, Possession Letter,** Bank Challan,**NOC of water & Electricity connection** and site **Possession slip**, of the above property have been lost.An FIR to this effect has been lodged in Police station **(LR No.498194/2021 dt.21/07/21).** Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents,may write /contact with above named person at above address/ **Ph.9899449122** within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director LAB (H) or Director (H), Vikas Sadan, New Delhi.
Ramesh Anand (Adv.),Ch-68,Western Wing,Tis Hazari

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public that Mr. Vivek Tyagi is owner of Dwelling Unit Bearing No. 801, on 8th Floor, in Tower-Y-1, in the project "Eros Sampoornam", built on Plot No. GH-01, Sector-02, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, (U.P.) vide Transfer deed dated 16.09.2019, registration No. 30504 read with rectification deed dated 13.08.2021 registration No. 25904, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to someone who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Vivek Tyagi in respect of the said property its sale /Mortgage, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल, **श्री मंगत राम कत्याल**, पुत्र स्व. श्री सागर चंद कत्याल **निवासी 93-बी, कृष्णा नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली -110029** ने अपने पोते **श्री राहुल कत्याल** और उनकी पत्नी **श्रीमती सुगंधा माथुर** के साथ अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए है। राहुल कत्याल और उनकी पत्नी श्रीमती सुगंधा माथुर को अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है।

यदि कोई इनसे किसी प्रकार का लेन देन करेगा तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा, मेरे मुवक्किल कि इसमे कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मदन गोपाल वचर** (एडवोकेट)
चैम्बर नं. 236, सिविल विंग, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली-54

**गुमशुदा की तलाश**



रिषी कुमार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः रिषी कुमार, पुत्रः उपेन्द्र प्रसाद चौरसिया, पताः** 7-19 ए, ओ ब्लॉक, शालीमार बाग, दिल्ली, **उम्रः** 25 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 4 इंच, **शरीरः** मध्यम, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** गोल, **बालः** चेहरे पर हल्की दाढ़ी, **पहचान चिन्हः** बाजू पर ताबीज, **पहनावाः** हरे रंग की कमीज़ और नीले रंग की पैन्ट और पैरों में भूरे रंग की चप्पल पहन रखी है। जो दिनांक **07.06.2021** को एम्स अस्पताल, नई दिल्ली क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में थाना होज खास, दिल्ली में **DD No. 46A Dated 08.06.2021** के तहत रिपोर्ट दर्ज है। हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**वेबसाइट: http//cbi.nic.in**
**ई-मेल - cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं. 011-24368639**
**DP/647/SD/2021**

**थानाध्यक्ष**
**थाना हौज खास, दिल्ली**
**फोन नं: 011-26536716, 8750870821**

# सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन हारे

**यूएस ओपन टेनिस क्वालीफायर्स मुकाबले**

**भाषा**। न्यूयॉर्क

**भारत** के सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट क्वालीफायर्स के पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। इस तरह से भारतीय टेनिस खिलाड़ियों का ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में संघर्ष भी जारी रहा। नागल को अर्जेंटीना के जुआन पाब्लो फिकोविच से 5-7, 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 22 मिनट तक चला। नागल ने इस साल के शुरू में आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा में जगह बनाई थी लेकिन वह पहले दौर में हार गए थे।

वह फ्रेंच ओपन के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे जबकि अज्ञात चोट के कारण उन्होंने विंबलडन क्वालीफायर्स में हिस्सा नहीं लिया था। रामकुमार पहला सेट जीतने के बावजूद दो घंटे 35 मिनट तक चले मैच में रूस के इवगेनी डोनस्कोय से 6-4, 6-7(1), 4-6 से हार गए। रामकुमार का 2014 से लेकर अब तक ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह बनाने यह 21वां प्रयास था।

पुरुष एकल क्वालीफायर्स में अब भारतीयों की निगाहें प्रजनेश गुणेश्वरन पर टिकी रहेंगी जो कनाडा के ब्रायडन शनर के खिलाफ कोर्ट पर उतरेंगे। अंकिता रैना भी महिला एकल क्वालीफायर्स के पहले दौर में अमेरिका की जैमी लोएब से हारकर बाहर हो गई है।

### अमेरिकी ओपन से हटीं सेरेना विलियम्स

**वाशिंगटन**। दुनिया की पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण साल के अंतिम ग्रैंडस्लैम अमेरिकी ओपन से बाहर होने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं। जून में विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले के पहले सेट के दौरान दाएं पैर में चोट लगने के बाद से सेरेना ने कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। अगले महीने 40 बरस की होने वाली अमेरिकी खिलाड़ी सेरेना ने सोशल मीडिया के जरिए अमेरिकी ओपन से हटने की जानकारी दी। अगले सोमवार से फ्लशिंग मिडोज में शुरू होने वाले टूर्नामेंट से दुनिया के पूर्व नंबर एक पुरुष खिलाड़ी रोजर फेडरर और रफेल नडाल पहले ही हट चुके हैं। टूर्नामेंट का ड्रा गुरुवार को होगा। सेरेना ने 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीते हैं जो पेशेवर युग का रिकॉर्ड है। उनसे अधिक ग्रैंडस्लैम खिताब सिर्फ मारग्रेट कोर्ट (24) के नाम हैं। पुरुष वर्ग में सर्वाधिक 20 एकल खिताब फेडरर, नडाल और नोवाक जोकोविच के नाम हैं।



# भारत को सुदिरमन कप में मुश्किल ड्रा मिला

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** को आगामी सुदिरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुश्किल ग्रुप ए में शीर्ष वरीय और गत चैंपियन चीन, थाईलैंड और मेजबान फिनलैंड के साथ रखा गया है। इस प्रतिष्ठित विश्व मिश्रित टीम चैंपियनिशप का आयोजन फिनलैंड के वानता में 26 सितंबर से तीन अक्तूबर तक किया जाएगा। भारत और फिनलैंड को 16 टीमों की प्रतियोगिता में नौ से 16 वरीय टीमों में जगह मिली है जबकि थाईलैंड को पांच से आठ टीमों के वर्ग में रखा गया है।

चीन की टीम 12वें खिताब के लिए चुनौती पेश करेगी। ड्रा कुआलालंपुर में हुआ और इसका सीधा प्रसारण किया गया। दूसरे वरीय जापान को ग्रुप डी में मलेशिया, इंग्लैंड और मिस्र के साथ रखा गया है। जापान 2019 का उप विजेता है और अपना पहला सुदिरमन कप खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक जन समूह पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय मकान न0 336/A, ग्राउंड फ्लोर खसरा न0 18/14, गली न0 12, माता वाली गली, जौहरी पुर गॉव, दिल्ली-110094. में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिरियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | मनजीत सिंह |
| महासचिव | : | दिनेश कुमार |
| कोषाध्यक्ष | : | लाखन सिंह |

यदि किसी को जन समूह पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**गुमशुदा लड़की की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नामः** काजल चौरसिया, **पुत्रीः** श्री ब्रिजेश चौरसिया, **पताः** मकान नं. 142, हरस्वरूप कॉलोनी, फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली, **उम्रः** 18 साल, **कदः** 4 फुट 8 इंच, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** साधारण, **पहनावाः** काले रंग का सूट सलवार व काले रंग क जूते पहने हुए, दिनांक 21.07.2021 को थाना क्षेत्र फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली से लापता हो गयी है।

इस संदर्भ में DD No. 76A, दिनांक 23.07.2021, थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली
फोनः 011-26659611, 26652562
DP/632/SD/2021

# सेना वापसी की समय सीमा बढ़ाने पर बाइडन को नहीं मना सके जी-7 नेता

**एपी। वाशिंगटन**

**राष्ट्रपति जो** बाइडन के अफगानिस्तान से 31 अगस्त तक सैनिकों की वापसी पर अड़े रहने को लेकर अमेरिका का अपने कुछ करीबी सहयोगियों से टकराव हुआ क्योंकि इस समयसीमा के बाद तालिबान के शासन के बीच, लोगों को युद्धग्रस्त देश से निकालने के प्रयास बंद हो जाएंगे। बाइडन ने जी7 के नेताओं के साथ मंगलवार को वर्चुअल बातचीत में इस बार पर जोर दिया कि अमेरिका और उसके करीबी सहयोगी अफगानिस्तान और तालिबान पर भविष्य की कार्वाई में एक साथ खड़े रहेंगे। हालांकि उन्होंने वहां से लोगों को निकालने के लिए और समय देने के उनके आग्रह को ठुकरा दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात पर अड़े रहे कि जी-7 नेताओं की अपीलों को मानने पर आतंकवादी हमलों का खतरा अधिक है। काबुल हवाईअड्डे पर अब भी अमेरिका के 5,800 सैनिक मौजूद हैं। ब्रिटेन और अन्य सहयोगी देशों ने बाइडन से अमेरिकी सेना को काबुल हवाईअड्डे पर और अधिक वक्त तक रखने का अनुरोध किया था। सहयोगी देशों के अधिकारियों ने कहा था कि कोई भी देश अपने सभी नागरिकों को निकाल नहीं पाया है। 31 अगस्त के बाद भी हवाईअड्डे पर सैनिकों की मौजूदगी बनाए रखने की वकालत करते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, हम अंतिम क्षण तक प्रयास करेंगे। जॉनसन ने माना कि वह मंगलवार को हुई वार्ता में अमेरिकी सेना की मौजूदगी बनाए रखने के लिए बाइडन को मना नहीं पाए। फ्रांस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों ने 31 अगस्त की समयसीमा बढ़ाने पर जोर दिया लेकिन वह अमेरिका के फैसले को स्वीकार करेंगे। आंशिक रूप से एकजुटता दिखाते हुए जी-7 नेता तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार को मान्यता देने और उसके साथ काम करने की शर्तों पर राजी हो गए लेकिन वे इस बात को लेकर निराश हुए कि बाइडन को काबुल हवाईअड्डे पर सैनिकों की मौजूदगी की समयसीमा बढ़ाने पर राजी नहीं किया जा सका। सैनिकों की मौजूदगी की समयसीमा बढ़ाने पर यह सुनिश्चित हो पाता कि हजारों अमेरिकी, यूरोपीय, अन्य देशों के नागरिक और वे अफगान नागरिक बचाए जा सकें जो खतरे में हैं। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका के नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा, अभी हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि हमारे नागरिकों और उन अफगान नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके जिन्होंने पिछले 20 वर्षों के दौरान हमारा सहयोग किया। उन्होंने कहा कि तालिबान को उसकी बातों से नहीं बल्कि उसके काम से आंका जाएगा। साथ ही उन्होंने उन चेतावनियों को दोहराया कि तालिबान सख्त इस्लामिक सरकार न चलाए जैसा कि उसने 1996 से 2001 में अमेरिका के नेतृत्व वाले हमले के जरिए उन्हें खदेडे जाने तक चलाई थी। नेताओं ने कहा, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि तालिबान को आतंकवाद रोकने, मानवाधिकारों खासतौर से महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यकों और अफगानिस्तान में समावेशी राजनीतिक सरकार चलाने पर उनके कामों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। जी-7 नेताओं की बैठक में यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वोन देर लेएन, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स माइकल, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग भी शामिल हुए।

## तय समय-सीमा पर वापसी, तालिबान के सहयोग पर निर्भरः बाइडन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अफगानिस्तान से 31अगस्त तक अमेरिकी सैनिकों की वापसी का अभियान तेजी से चल रहा है, लेकिन इसका तय समय सीमा पर पूरा होना तालिबान के सहयोग पर निर्भर करेगा। काबुल के हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अमेरिका के अभी करीब 5800 सैनिक हैं। बाइडन ने मंगालवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, अभी हम 31 अगस्त तक निकासी अभियान पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हम जितनी जल्दी इसे पूरा करेंगे, उतना अच्छा है। अभियान में हर दिन हमारे सैनिकों के लिए जोखिम बढ़ रहा है। लेकिन 31 अगस्त तक इसका पूरा होना तालिबान के सहयोग जारी रखने, लोगों को हवाईअड्डे तक पहुंचने की अनुमति देने और हमारे अभियानों में बाधा उत्पन्न ना करने पर निर्भर करता है।

अमेरिका ने 31 अगस्त तक अपने सभी सैनिक वापस बुलाने की घोषणा की थी और तालिबान ने इससे दो सप्ताह पहले 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। तालिबान ने अमेरिका को 31 अगस्त तक अपना निकासी अभियान पूरा करने को लेकर आगाह भी किया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने काबुल में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका अपनी खुद तय की गई समय-सीमा पर कायम रहे। इसके बाद हम अफगानिस्तान के लोगों को निकासी उड़ानों में जाने की अनुमति नहीं देंगे। बाइडन ने कहा कि उन्होंने पेंटागन और गृह मंत्रालय से इस संबंध में बात की है।

# टीका लगवा चुकी स्तनपान कराने वाली माताओं के दूध में कोविड-19 से लड़ने वाली एंटीबॉडी

**भाषा। वाशिंगटन**

